RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 253
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 20 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





भारत को घरेलू खपत दे रही स्वाभाविक सहारा
राष्ट्रीय-11


# मणिपुर, दिल्ली अध्यादेश जैसे मुद्दे रहेंगे अहम

## संसद का मानसून सत्र आज से

● सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने मणिपुर पर संसद में प्रधानमंत्री के बयान की मांग की, सरकार नियमों के तहत चर्चा को राजी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** के 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले मानसून सत्र से पहले बुधवार को विपक्षी दलों ने मणिपुर की स्थिति के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग करते हुए ओडिशा रेल हादसे, भारत-चीन सीमा स्थिति, महंगाई, संघीय ढांचे पर प्रहार जैसे मुद्दों पर चर्चा कराने एवं महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने को कहा। मानसून सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा, सभी दल मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग कर रहे थे।

सरकार मणिपुर पर चर्चा कराने को तैयार है। उन्होंने कहा, लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति जब भी समय तय करते हैं, हम चर्चा कराने को तैयार हैं। जो भी मुद्दे होंगे, हम नियमों एवं प्रक्रियाओं के तहत चर्चा कराने को तैयार है। सर्वदलीय



नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक में सत्तापक्ष और विपक्ष के वरिष्ठ नेतागण

बैठक में कांग्रेस ने कहा कि ताली एक हाथ से नहीं बजती और अगर सरकार संसद चलाना चाहती है तो उसे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका देना चाहिए। बृहस्पतिवार से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र में सुचारू कामकाज के लिए केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में दोनों सदनों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया। संसदीय ग्रंथालय भवन में हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी, विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा कांग्रेस सांसद जयराम रमेश, अधीर रंजन चौधरी आदि शामिल हुए।

बैठक में आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल, तेलुगु देशम पार्टी के जयदेव गल्ला, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, अन्नाद्रमुक के एम थम्बीदुरई, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, अपना दल की अनुप्रिया पटेल, आईयूएमएल के ई टी मोहम्मद बशीर आदि ने भी भाग लिया। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से कहा, बैठक में हमने संसद के मानसून सत्र के दौरान मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा, हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री सदन में आएं और मणिपुर की स्थिति पर चर्चा हो। चौधरी ने कहा, मैंने कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में हिस्सा लिया और उन सभी मुद्दों को उठाया जिन पर चर्चा करने की जरूरत है। सर्वदलीय बैठक में भी मैंने इन मुद्दों को उठाया। हमारी मांग है कि मणिपुर की स्थिति पर चर्चा जरूर होनी चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के नेता ने कहा, दो महीने गुजर गए लेकिन प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) चुप हैं। मैं उनसे आग्रह करना चाहता हूं कि उन्हें संसद में बयान देना चाहिए और चर्चा करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम कल कार्यस्थगन प्रस्ताव (चर्चा कराने के लिए) लाना चाहते हैं क्योंकि मणिपुर की स्थिति खराब हो रही है। चौधरी ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को हमारे दिल की बात सुननी चाहिए और विपक्ष को बोलने का मौका देना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने चीन से लगने वाली सीमा की स्थिति, महंगाई, ओडिशा रेल हादसे, बेरोजगारी, संघीय ढांचे पर प्रहार जैसे मुद्दों पर भी चर्चा कराने की मांग की है। उन्होंने कहा, मैंने मांग की है कि भारत-चीन सीमा मुद्दे और कारोबार असंतुलन पर भी चर्चा कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ताली एक हाथ से नहीं बजती। अगर सरकार सदन का कामकाज चलाना चाहती है तो उसे विपक्ष को मुद्दे उठाने और अपनी बात रखने का मौका देना चाहिए। बीजू जनता दल के राज्यसभा सदस्य सस्मित पात्रा ने कहा कि उनकी पार्टी ने महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने की मांग की जिसे कई दलों का समर्थन मिला जिनमें वाईएसआर कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति और वाम दल शामिल हैं। पात्रा ने कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार की योजना के तहत गरीबों के लिए लंबित सात लाख से (शेष पेज 9)

# लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपाः मायावती

● कहा- राजग और इंडिया गठबंधन दलित विरोधी, इन दोनों से गठजोड़ न रखने वाले क्षेत्रीय दलों के साथ पंजाब व हरियाणा में हाथ मिलाने को तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में मीडिया से रू-ब-रू बसपा प्रमुख मायावती।

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। मायावती ने यहां एक बयान में कहा कि बसपा पंजाब और हरियाणा में क्षेत्रीय दलों के साथ हाथ मिलाने के लिए तैयार है, बशर्ते उनका सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) या नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया के साथ कोई गठजोड़ न हो।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राजग के साथ ही नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि उनमें से कोई भी दलितों और उत्पीड़ित वर्गों के अनुकूल नहीं है। विपक्ष के 26 दलों ने मंगलवार को बेंगलुरू में हुई अपनी बैठक में, अगले लोकसभा चुनाव के लिए अपनी चुनावी बिसात बिछाने का आगाज करते हुए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) नाम से नए गठबंधन की घोषणा की थी। मायावती ने कहा कि जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला राजग और कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन खुद को मजबूत कर रहा है, वहीं बसपा भी देश भर में पार्टी कार्यकर्ताओं की बंद कमरे में बैठकें कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्पीड़ित वर्गों को बसपा का समर्थन करना होगा क्योंकि कांग्रेस ने 'जातिवादी मानसिकता अपनाई और उनकी मांगों (शेष पेज 9)

## विपक्षी गठबंधन इंडिया की टैगलाइन होगी जीतेगा भारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विपक्ष** के 26 दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की टैगलाइन जीतेगा भारत तय की गई है। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस टैगलाइन को क्षेत्रीय भाषाओं में भी तय किए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में मंगलवार को हुई बैठक के दौरान कई नेताओं को लगा कि गठबंधन के नाम में भारत शब्द भी शामिल होना चाहिए। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि जीतेगा भारत को टैगलाइन में इस्तेमाल करने का फैसला किया गया। सूत्रों का कहना है कि विपक्ष के कई नेताओं की सहमति और प्रयास से यह टैगलाइन चुनी गई। विपक्ष के 26 दलों ने मंगलवार को घोषणा की थी कि उनके गठबंधन का नाम इंडिया होगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, बेंगलुरु में 26 दलों की बैठक का संदेश है कि जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया। कांग्रेस संसद शशि थरूर ने ट्वीट किया, एनडीए की लगेगी लंका, बजेगा अब इंडिया का डंका, जीतेगा इंडिया।

# नीतीश ने अपनी नाराजगी की अटकलों को किया खारिज

● कहा- विपक्ष की बहुत अच्छी बैठक हुई, सभी एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे

**पीएनएस/एजेंसी।** राजगीर



**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक को लेकर अपनी नाराजगी की अटकलों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि बहुत अच्छी बैठक हुई है, सभी मिलजुल कर एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। मधुमास मेले को लेकर नालंदा जिले के राजगीर में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में जब बेंगलुरु में हुई विपक्ष की बैठक को लेकर सवाल किया गया तो नीतीश ने कहा, बहुत अच्छी बैठक हुई है।

यहां (पटना) 15 पार्टियां शामिल हुई थीं, वहां 26 पार्टियां शामिल हुईं। काफी अच्छी बातचीत हुई। मिलजुल कर एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। विपक्ष की बैठक से नाराज होकर बेंगलुरु से लौटने के भाजपा के दावे को फालतू बात करार देते हुए नीतीश ने कहा कि राजगीर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें तत्काल आना था, इसलिए वह लौट आए, कोई अन्य बात नहीं है। बेंगलुरु में हुई विपक्ष की बैठक के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा, बहुत अच्छा हुआ है और सर्वसम्मति से हुआ है। हमको जो सुझाव देना था दे दिया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के इस दावे पर कि उन्हें (नीतीश को) 'इंडिया' नाम पर आपत्ति थी इसलिए वह नाराज होकर लौट वे आए, नीतीश ने पलटकर सवाल किया क्या वह (सुशील मोदी) वहां पर मौजूद थे? विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनाए जाने की (शेष पेज 9)

# शीर्ष न्यायालय ने तीस्ता सीतलवाड़ को नियमित जमानत दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने 2002 के गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर सबूत गढ़ने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड को बुधवार को नियमित जमानत दे दी।न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने नियमित जमानत के लिए सीतलवाड़ की याचिका खारिज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीतलवाड़ के खिलाफ मामले में आरोपपत्र दायर कर दिया गया है और उनसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं है। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता का पासपोर्ट पहले ही जमा किया जा चुका है, जो सत्र अदालत के पास रहेगा। अपीलकर्ता गवाहों को प्रभावित करने का कोई प्रयास नहीं करेंगी और उनसे दूर रहेंगी। पीठ ने गुजरात पुलिस को यह छूट दी कि यदि मामले में गवाहों को प्रभावित करने (शेष पेज 9)

# चमोली में एसटीपी प्लांट में करंट से 16 की मौत

**भाषा।** गोपेश्वर, देहरादून



चमोली में घायलों को अस्पताल ले जाते राहत और बचाव कर्मी

**उत्तराखंड** के चमोली जिले में स्थित एक जल-मल शोधन संयंत्र (एसटीपी) में बिजली का करंट फैल जाने से 16 लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। चमोली के पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि इनमें से एक की मृत्यु मंगलवार रात को करंट फैलने के बाद उसकी चपेट में आकर हुई।

उन्होंने बताया कि अलकनंदा नदी के किनारे नमामि गंगे परियोजना के तहत बने एसटीपी में कार्यरत उक्त व्यक्ति के पंचनामे के दौरान बुधवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे फिर से एसटीपी की रेलिंग में करंट दौड़ गया और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों समेत मृतक के कुछ रिश्तेदार इसकी चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि करंट इतना तेज था कि कई लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। डोबाल ने बताया कि बुधवार को 15 लोगों की मौत हुई जिनमें एक पुलिस उपनिरीक्षक प्रदीप रावत और होमगार्ड के तीन जवान शामिल हैं। प्लांट की रेलिंग में बिजली का करंट फैलने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्थिति का जायजा लेने तथा हादसे से पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं। उन्होंने घटना पर (शेष पेज 9)

## आग से सैन्य अफसर शहीद, तीन अन्य झुलसे

**सियाचिन।** सियाचिन ग्लेशियर में बुधवार तड़के आग लगने की एक घटना में सेना के एक अधिकारी की मौत हो गई, जबकि तीन सैनिक घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि घायल सैनिकों को सुकशल निकालकर एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह घटना तड़के करीब तीन बजे की है। अधिकारियों ने कहा कि इस घटना में सेना के रेजीमेंटल मेडिकल अधिकारी कैप्टन अंशुमान सिंह की गंभीर रूप से झुलसने के कारण मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि तीन अन्य (शेष पेज 9)

# बेंगलुरु से पांच संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**भाषा।** बेंगलुरु

● भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**केंद्रीय** अपराध शाखा (सीसीबी) ने आतंकी वारदात को अंजाम देने के लिए आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा द्वारा कट्टरपंथी बनाए गए पांच व्यक्तियों को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 मोबाइल फोन, पिस्तौल, कारतूस, आग्नेयास्त्र और विस्फोटकों में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की एक बड़ी खेप बरामद की। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों के कब्जे से सात पिस्तौल, 45 कारतूस, वॉकी-टॉकी, कुछ खंजर तथा अन्य सामान सहित भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ जब्त किए गए और उसके खिलाफ सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधान के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों की पहचान सोहेल, उमर, जाहिद, मुदासिर और फैसल के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक, पांचों संदिग्धों को एक बड़ी साजिश की योजना बनाते समय शहर के सुल्तानपाल्या इलाके के कनकनगर में स्थित एक पूजा स्थल के पास से गिरफ्तार किया गया। दयानंद ने संवाददाताओं को बताया, केंद्रीय अपराध शाखा, असामाजिक ताकतों का भंडाफोड़ करने और उनके नापाक मंसूबों को नाकाम करने में सफल रही है।

हेब्बाल पुलिस थाना क्षेत्र के तहत एक स्थान पर छापा मार कर सभी संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों को टी. नजीर तथा जुनैद नाम के आतंकी सरगना द्वारा कट्टरपंथी बनाया गया था। नजीर, 2008 में बेंगलुरु में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में आरोपी है, जबकि जुनैद विदेश में छिपा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार संदिग्धों पर हत्या, डकैती, लाल चंदन की तस्करी और कई अन्य आरोप हैं। यह लोग नजीर के संपर्क (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### अवैध धर्मांतरण पर पादरी और दो अन्य को सजा

**झाबुआ।** मध्य प्रदेश में झाबुआ जिले की एक अदालत ने प्रलोभन देकर आदिवासी समुदाय के सदस्यों के धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में एक ईसाई पुजारी और दो अन्य को दोषी करार देते हुए दो साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। जिला न्यायाधीश लखनलाल गर्ग ने फादर जामसिंह, पादरी अनसिंह और उनके सहायक मंगू पर 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया। तीनों को मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा पांच के तहत दोषी ठहराया गया। यह धारा गलत बयानी, बल, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती, किसी अन्य कपटपूर्ण साधन, प्रलोभन या शादी के वादे के जरिए एक धर्म से दूसरे धर्म में गैरकानूनी रूपांतरण प्रतिबंधित करती है। शिकायतकर्ता टेटिया बारिया के अनुसार फादर जामसिंह ने उसे और सुरती बाई नामक महिला को 26 दिसंबर, 2021 को बिसौली गांव में प्रार्थना सभा के लिए बुलाया और उन पर लोटे से पानी डाला और उन्हें ईसाई धर्म अपनाने को कहा। पादरी ने ऐसा करने पर उनके परिवारों को मुफ्त शिक्षा और चिकित्सा उपचार की पेशकश की लेकिन उन्होंने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

# बच्ची की पिटाई पर भीड़ ने पायलट को पीटा

● घरेलू सहायिका नाबालिग पीड़िता को प्रेस से जलाने का भी आरोप, पायलट और उसका पति गिरफ्तार

● इंडिगो ने आरोपी पायलट को ड्यूटी से हटाया, बाल आयोग ने जिला मजिस्ट्रेट से मांगी पूरी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दक्षिण**-पश्चिम दिल्ली के द्वारका में महिला पायलट और उसके पति ने बुधवार को कथित रूप से 10 वर्षीय घरेलू सहायिका को पीट दिया जिसकी भनक लगने पर आक्रोशित भीड़ ने दंपति की बुरी तरह पिटाई कर दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी कौशिक बागची (36) और पूर्णिमा बागची (33) को बच्ची की पिटाई के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों अलग-अलग एयरलाइनों में



कार्यरत हैं। पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़की को उसकी एक महिला रिश्तेदार के माध्यम से दंपति के घर पर काम के लिए रखा गया था। लड़की की रिश्तेदार भी पास के एक घर में काम करती है। लड़की दंपति के घर में ही रहती थी। इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें भीड़ वर्दी पहने एक महिला पायलट को पीट रही है और उसके बाल खींच रही है। उसका पति कौशिक उसे बचाने का प्रयास भी कर रहा है। एक बुजुर्ग व्यक्ति के (शेष पेज 9)

# जनरल कोच के यात्रियों को सस्ते दर पर मिलेगा भोजन

● बोतलबंद पानी भी उपलब्ध कराएगा रेलवे, भोजन दो श्रेणियों में मिलेगा, पहली में 20 रुपये में सूखे आलू और अचार के साथ सात पूड़ी

● दूसरी श्रेणी में 50 रुपये में चावल, राजमा, छोले कुलचे, भटूरे, पाव भाजी आदि मिलेंगे, काउटंर साधारण डिब्बों के सामने लगेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**रेलवे** प्लेटफार्मों पर जायकेदार आलू पूरी की खुशबू फिर बिखरेगी। भारतीय रेलवे ने किफायती दर भोजन और बोतलबंद पानी विशेष रूप से जनरल कोच के यात्रियों को उपलब्ध कराने का ऐलान किया है। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, भोजन परोसने वाले इन काउंटर को प्लेटफार्म पर उस जगह लगाया जाएगा जहां साधारण डिब्बों खड़े होंगे।

भोजन को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। पहली श्रेणी में 20 रुपए की कीमत पर सूखे आलू और अचार के साथ सात पूरी शामिल हैं। दूसरी श्रेणी में भोजन की कीमत 50 रुपए होगी और यात्रियों को चावल, राजमा, छोले, खिचड़ी कुलचे, भटूरे, पाव-भाजी और मसाला डोसा जैसे दक्षिण भारतीय भोजन की पेशकश की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने संबंधित अधिकारियों को साधारण डिब्बों के पास प्लेटफॉर्म पर लगाए जाने वाले काउंटर के माध्यम से किफायती भोजन और किफायती बोतलबंद पानी का प्रावधान करने के निर्देश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि इन काउंटर का स्थान रेलवे जोन द्वारा तय किया जाना है ताकि इन काउंटर को प्लेटफार्म पर साधारण डिब्बों के स्थान के साथ संरेखित किया जा सके।

रेलवे प्लेटफार्म पर इस विस्तारित सेवा काउंटर का प्रावधान छह महीने की अवधि के लिए प्रायोगिक आधार पर किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक, यह प्रावधान 51 स्टेशनों पर (शेष पेज 9)

## निम्न आय वर्ग के यात्रियों को मिलेगा लाभ

**न्यूनतम** आय वाले लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेलवे ने यह कदम उठाया है। दो लंबे गंतव्य या क्षेत्रों में इन सुविधाओं को उपलब्ध कराने का फैसला किया गया है। बड़ी संख्या में श्रमिक बिहार, झारखंड से दक्षिणी क्षेत्र जैसे चेन्नई, मुंबई या काम के लिए सूरत, पंजाब आदि इलाकों में जाते हैं। ये अध्ययन प्रतीक्षा सूची के आधार पर किया गया है।

# गाजियाबाद में बाढ़ का पानी रुका पर जलभराव बरकरार

● संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा, स्वास्थ्य विभाग ने 9 इलाकों में डाला डेरा



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में यमुना नदी का तटबंध जुड़ने के बाद बाढ़ का पानी आना बंद हो गया है, लेकिन जो पानी पहले से भरा है, उसे निकालना मुश्किल हो रहा है। जगह-जगह पानी भरा है, कीचड़ फैली है। घरों की दीवारों में सीलन आ गई है।

इससे मच्छर जनित संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका है। इसके मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने ट्रोनिका सिटी और लोनी एरिया के गली.मुहल्लों में डेरा डाल दिया है। एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। हेल्थ कैंप लगाकर लोगों की जांच हो रही है और उन्हें दवाई बांटी जा रही है। डॉक्टर भवतोष शंखधर ने बताया, मंगलवार को गांव मीरपुर में 21, खुदावास राना चौक में 66, अलीपुर में 22, पचायरा में 28, नवादा में 28, ट्रोनिका सिटी में 122, इलायचीपुर में 18 और रामपार्क में 86 मरीजों को दवाइयां बांटी गईं। कुल 8 स्थानों पर मेडिकल कैंप लगाकर व्है पाउडर के 500 पैकेट और क्लोरीन की 4 हजार गोलियां बांटी गई हैं। हर रोज 500 से 1000 लोगों को दवाइयां बांटी जा रही हैं, ताकि वे संक्रामक बीमारियों की चपेट में न आएं। अभी तक कोई गंभीर मरीज सामने नहीं आया है। गाजियाबाद में बाढ़ के प्रभारी एडीएम वित्त एवं राजस्व विवेक श्रीवास्तव हैं। उन्होंने बताया, तटबंद जोड़ने के बाद यमुना नदी से गाजियाबाद के गांवों में पानी आना 2 दिन से बंद हो चुका है।

अब जो पानी कई गांवों और ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया में भर चुका है, उसको निकालने के लिए कई जेसीबी और 9पंप मशीनें लगाई गई हैं। काफी हद तक पानी निकल चुका है। बस उसे पूरी तरह सूखने में वक्त लगेगा। इधर, बाढ़ प्रभावित लोगों को पानी सप्लाई के लिए करीब 30 टैंकर लगाए गए हैं। दिल्ली और हरियाणा में यमुना क कहर के बाद मथुरा में बाढ़ की स्थिति बानी हुई है। ऐसे में गाजियाबाद स्थित 8वीं मथुरा में 2 टीमें तैनात की गई है। दोनों टीमों को 2.2 सब टीमों में बांटकर जयसिंह पुरा खादर, पानी घाट वृंदावन में रेस्क्यू ऑपरेशन करवाया जा रहा है, जो अभी तक जारी है। ये टीमें अब तक 1300 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाल चुकी है।

इसके अलावा 6 टीम उत्तर प्रदेश, 1 टीम हरियाणा, 4 टीम दिल्ली में तैनात की गई हैं। सचिन मनचंदा फाउंडेशन ने एक फूड ड्राइव अभियान चलाया। गाजियाबाद, नोएडा और पूर्वी दिल्ली में बाढ़ पीड़ितों को इस दौरान फू ड पैकेट वितरित किए गए। ट्रस्टी सचिन मनचंदा ने कहा, हम दृढ़ता से मानते हैं कि समाज की सेवा करना एक जिम्मेदारी है। जिसे हमें कभी भी मौका नहीं चूकना चाहिए। हम विपदा के मौके पर पूरी तरह लोगों के साथ हैं। एक बड़ी आबादी हमारे आसपास के लोग बेघर हो गए हैं। हमारी समर्पित टीम ने बाढ़ पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किया है और इस आपदा से उबरने तक हम उनके साथ खड़े रहेंगे।

## मोदीनगर में बारिश से खेतों में भरा पानी

*__गाजियाबाद।__ मोदीनगर में कई दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण खेतों में तीन से चार फीट तक पानी भर गया है। पानी भरने के कारण आम की फसल के साथ साथ अन्य फसलों को नुकसान होने का अनुमान बताया जा रहा है। कस्बा पतला व भनेड़ा क्षेत्र में पानी की निकासी का प्रबंध ना होने के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।*

*कई दिन से हो रही मूसलाधार बारिश किसानों के लिए अब आफत बन रही है। कस्बा निवाड़ी, पतला, खिदौड़ा, भोजपुर, कलछीना, भनेड़ा, नगला आक्खू नांगल, नेकपुर, ग्यासपुर, रावली कलां सहित 100 से अधिक गांवों में खेतों में पानी तीन से चार फीट तक भर गया है। खेतों में पानी भरने के कारण अब किसान परेशान है। कस्बा निवाड़ी के किसान राजभूषण त्यागी ने बताया कि खेतों में चार फीट तक पानी भर गया है। इस वजह से ईंख, ज्वार के साथ साथ अब धान की फसल को भी खतरा मंडरा रहा है। उनका कहना है कि यदि आगे भी ऐसी बारिश हुई तो काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। फसल खेत में ही बर्बाद हो जाएगी। आम बागवान बुल्कीराम ठेकेदार ने बताया कि यदि ऐसा ही रहा है तो आम पेड़ ही पक कर टपका जाएगा। पहले तो आम की फ सल कम और रही सही कसर इस बारिश ने कर दी।*

# सीमा के घर के बाहर प्रदर्शन लगे पाकिस्तान भेजो के नारे

● डीजी प्रशांत ने कहा- चेहरे पर नहीं लिखा होता वह पाकिस्तानी है



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पाकिस्तानी महिला सीमा गुलाम हैदर के नोएडा में घर के बाहर बुधवार दोपहर हंगामा हो गया। 3 प्रदर्शनकारी वहां पहुंचे। इनमें एक महिला और दो पुरुष थे। उनके हाथ में सीमा को वापस पाकिस्तान भेजने की तख्तियां थीं। सीमा को पाकिस्तान भेजो के नारे लगाने शुरू कर दिए। हालांकि, आसपास के लोगों ने विरोध किया तो वे लोग वहां से चले गए।

सीमा-सचिन घर पर है या बाहर यह क्लियर नहीं है। सुबह से घर के दरवाजे बंद हैं। बाहर पुलिसकर्मी लगे हुए हैं। उधर, सीमा के मामले में इंटेलिजेंस ब्यूरो ने भी जांच तेज कर दी। एक टीम काठमांडू पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, नेपाल के होटल और ट्रैवल एजेंसी का रिकॉर्ड खंगालेगी।

वहीं, स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने कहा कि सीमा हैदर और सचिन से पूछताछ हो रही है। एजेंसी अपना काम कर रही हैं। दो देशों के बीच की बात है। सीमा हैदर को डिपोर्ट करेंगे या नहीं, ये एजेंसी देखेगी। उन्होंने कहा कि सीमा का यूपी आना सुरक्षा में चूक नहीं है। किसी के चेहरे पर नहीं लिखा कि वह पाकिस्तानी है। सीमा हैदर के पास से एक अधूरे नाम.पते वाला पासपोर्ट और आईडी कार्ड भी बरामद किया गया है। उधर, सीमा हैदर से दो दिन की पूछताछ के बाद एडीजी नवीन अरोड़ा को लखनऊ मुख्यालय बुलाया गया है। यहां वह शीर्ष अधिकारियों को पूछताछ से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएंगे। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में यह भी पता चला है कि सीमा हैदर ने जनवरी में ही पाकिस्तान आने की तैयारी शुरू कर दी थी। भारतीय बोलचाल से लेकर पहनावे और एजेंट के जरिए कैसे नेपाल के रास्ते पहुंचा जा सकता है। इसकी पूरी रेकी की गई थी। सूत्रों के मुताबिक, नेपाल के हैंडलर ने इसका पूरा मेकओवर भी किया था। बॉर्डर पर अगर कोई रोके तो क्या करना चाहिए। इस बारे में भी ट्रेंड किया गया था। सीमा हैदर मामले में पहली बार स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर का भी पहली बार बयान सामने आया है।

उन्होंने कहा कि सीमा और सचिन से पूछताछ हो रही है। सीमा को डिपोर्ट करेंगे या नहीं ये एजेंसी देखेगी। सीमा का यूपी आना सुरक्षा में चूक नहीं है। किसी के चेहरे पर नहीं लिखा कि वो पाकिस्तानी है।

मंगलवार को पूछताछ में सीमा ने कबूल कर लिया है कि उसका भाई और चाचा पाकिस्तानी आर्मी में हैं। हालांकि, जासूसी एंगल की बात से वह साफ इनकार करती रही। 2 दिन में उससे करीब 18 घंटे तक पूछताछ की। वह बार.बार यह कहती रही कि वह सचिन से प्यार करती है।

# नशे में धुत भाजपा विधायक के रिश्तेदार ने चढ़ाई युवक पर गाड़ी

● मौके पर मौत, आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



कविनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आरडीसी फ्लाईओवर के पास सड़क पर एक व्यक्ति को भाजपा विधायक के रिश्तेदार ने कार को लापरवाही से चलाकर कुचल दिया।

इस हादसे में उस व्यक्ति की मौत हो गई। इस हादसे की सूचना मिलते ही कविनगर थाना पुलिस तुरंत एक्टिव मोड़ पर आ गई। जिसके बाद एसएचओ अमित सिंह काकरान की टीम ने व्यक्ति को कुचलने वाले भाजपा नेता को हिरासत में लेकर जहां उसकी आई 20 कार संख्या यूपी 14 ईडी 4854 को बरामद कर लिया। साथ ही पुलिस की और से सड़क पर पड़े व्यक्ति को कुचलने वाले भाजपा विधायक के रिशेतेदार गौरव शर्मा निवासी दादरी हाल महागुनपुरम के खिलाफगैर इरादतन हत्या जैसी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई करनी शुरू कर दी। बता दें कि इस हादसे की पूरी घटना कैमरों में कैद हो गई। वीडियों में यह भी दिखाई दिया कि नशे में धुत भाजपा नेता व्यक्ति का शव कार में फंस जाने के बाद भी गाड़ी को रोक नहीं रहा है। उसने कार उस समय रोकी कि जब अन्य वाहनों में सवार लोगों ने कार रोकने के लिये शोर मचाया।

सूत्रों का यह भी कहना है कि इस कार के पहले भी कई बार चालान कट चुके हैं। इस सनसनीखेज घटना के संदर्भ में एसीपी कपिनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि जिस गाड़ी से हादसा हुआ वह गोविंदपुरम कॉलोनी में रहने वाले धीरेंद्र पुत्र शंकर की कार है। धीरेंद्र सौरभ शर्मा का दोस्त है। एसीपी ने बताया कि सौरभ शर्मा ने पूछताछ में यह भी बताया कि वह अनूपशहर विधायक का रिश्तेदार है और खुद भी भाजपा नेता है।

## किसानों ने ग्रेनो प्राधिकरण पर शुरू किया महापड़ाव

**नोएडा।** अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसानों ने मंगलवार से एक बार फिर दिन.रात का महापड़ाव ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विरुद्ध शुरू कर दिया है।

धरना स्थल पर भारी संख्या में 45 गांवों के किसान, महिलाएं और युवा शामिल हुए। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसानों के शुरू हुए दिन.रात के महापड़ाव में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, आजाद समाज पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, लोकदल, अखिल भारतीय महिला समिति, सीटू, भारतीय वीर दल किसान यूनियन अंबावता एवं विभिन्न सामाजिक संगठन शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार



सेक्टर-6 स्थित पुलिस उपायुक्त कार्यालय में शिकायतों का निपटारा करते नोएडा के डीसीपी।

### नगर आयुक्त ने सफाई मित्रों से बात कर जाना हाल

**गाजियाबाद।** स्वच्छता को बढ़ावा देकर शहर को और स्मार्ट बनाने की नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ कोशिश में लगे हुए है। इसी क्रम में नगर आयुक्त हर रोज साफ सफाई का निरीक्षण कर रहे है। आज सुबह नगर आयुक्त ने राजनगर में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कई जगह सफाई मित्र से भी निरीक्षण के दौरान वार्ता की। नगर आयुक्त ने इस दौरान सफाई मित्र से हालचाल पहुंचा। साथ ही साफसफाई में किसी प्रकार की आ रही परेशानी को भी जाना। नगर आयुक्त ने इस दौरान सफाई मित्रों को निर्देश दिया कि वह साफसफाई के दौरान कूड़ा नाली या नाले में नहीं डाले। कूड़े को उचित डस्टबिन में ही डालने का कार्य करे।

### 21 जुलाई को नोएडा में लगेगा रोजगार मेला

**नोएडा।** नोएडा में बेरोजगार युवकों के लिए जॉब का अवसर मिलने जा रहा है। डीएम मनीष वर्मा ने बताया कि आगामी 21 जुलाई को जिला सेवा योजन कार्यालय सेक्टर .11 रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में जनपद की 5 प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा साक्षात्कार किया जाएगा। मेला सुबह 10 से शाम तक चलेगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। पात्रता रखने वाले इच्छुक बेरोजगार युवक.युवतियां आगामी 21 जुलाई को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अपने सभी दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

### कूड़ा नहीं उठने पर धरना देने की दी चेतावनी

**गाजियाबाद।** डायमंड़ पैलेस के सामने आरओबी के नीचे कूड़े से लोगों का बुरा हाल है। यहां नगर निगम ने पिछले काफी दिनों से कूड़ा उठाया नहीं है। यहां के लोग काफी दिनों से कूड़ा उठाने की मांग कर रहे है। इसके बाद भी निगम पर आरोप है कि यहां से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। कूड़ा नहीं उठ पाने के कारण यहां आसपास गंदगी का बुरा हाल है। दरअसल नगर निगम के पास काफी समय से कूड़ा डालने के लिए जगह नहीं थी। ऊपर से कांवड़ के कारण सभी रास्ते भी बंद चल रहे थे। रास्तों के बंद होने के कारण काफी लोग कूड़ा इधर से उधर डाल रहे थे। इसी तरह से यहां भी नगर निगम की छोटी गाडियों के द्वारा कूड़ा डाला गया। यहां पर ही नगर निगम ने जिस कंपनी को कूड़ा छंटाई का ठेका दिया हुआ है। यहां पर ही सूखा और गीला कूड़ा छांटकर अलग किया जाता है।

### दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मुरादनगर की एक कॉलोनी निवासी किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी ने कोर्ट में 164 के तहत बयान में दुष्कर्म की बात कहीं थी। बता दे कि नगर की एक कॉलोनी से गत 26 जून को एक किशोरी लापता हो गई थी। परिजनों ने एक युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। किशोरी ने मजिस्ट्रैट के समक्ष आरोपी पर ने अगवा कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। किशोरी का कहना है कि युवक ने कई बार दुष्कर्म किया और विरोध करने पर मारपीट करता था। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि 164 के बयान के बाद मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी गई है।

# लोकेश एम बने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ

● ऋतु माहेश्वरी का तबादला, किसान आंदोलन का मुद्दा बनी वजह

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी का तबादला कर दिया है। ऋतु माहेश्वरी एक भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। वह 2003 में आईएएस अधिकारी बनीं। नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की प्रबंध निदेशक भी थी। ऋतु माहेश्वरी साल 2019 में नोएडा प्राधिकरण की सीईओ बनीं। उन्हें आगरा कमिश्नर बनाकर भेजा गया है।

अब नए सीईओ लोकेश एम होंगे। लोकेश एम 2005 बैच के आईएएस हैं। कर्नाटक के हैं। इससे पहले सहारनपुर और कानपुर के कमिश्नर रहे।

ऋतु माहेश्वरी को नोएडा प्राधिकरण के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन हाल ही में उनसे ग्रेटर नोएडा की जिम्मेदारी वापस ले ली गई थी। अट कले लगाई जा रही थी। जल्द ही इनका ट्रांसफ र हो सकता है। बहरहाल किसान आंदोलन, बिल्डर बायर्स मुद्दा इसकी बड़ी वजह बताई जा रही है।

इससे पहले उन्होंने प्रदेश के अमरोहा, गाजीपुर, शाहजहांपुर और गाजियाबाद में प्रमुख प्रशासनिक पदों को संभाला है। 2019 में नोएडा प्राधिकरण और साल 2022 में वह ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की सीईओ बनीं।

ऋतु माहेश्वरी ने गाजियाबाद के जिला मजिस्ट्रेट भी रह चुकी है। वह आगरा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष भी थीं। वह अमरोहा, गाजीपुर, पीलीभीत और शाहजहांपुर की जिलाधिकारी रह चुकी है।



नोएडा में मालदीप के एंटी करप्शन कमीशन के अधिकारियों को साइबर अपराध व उनसे निपटाने के संबंध में ट्रेनिंग दी गई।

## नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले 2 गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जीवन साथी डॉट कॉम पर आईडी बनाकर लड़कियों को अपना निशाना बना रहे थे।

खुद को रेलवे का अधिकारी बताकर उनको विश्वास में लेकर रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी की घटना को अंजाम देते थे। थाना दादरी पुलिस और साईबर हेल्प डेस्क द्वारा लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर कार्रवाई करते हुए जीवनसाथी डॉट कॉम पर आईडी बनाकर लड़कियों से धोखाधड़ी करने वाले शक्ति और रोबिन को गिरफ्तार किया गया।

# नोएडा में अवैध रूप से रह रहे दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा 2 पुलिस ने दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह लोग अवैध रूप से ग्रेटर नोएडा में रह रहे थे।

दरअसल, थाना बीटा-2 पुलिस ने विदेशी नागरिकों के सत्यापन अभियान के अन्तर्गत थाना क्षेत्र के कांसा ग्रांड सोसाइटी में अवैध रूप से रह रहे अफ्रीकी मूल के दो नागरिक विलियम चूकि, और यूसुफ अहमद को कासा ग्रैंड सोसायटी के गेट के पास से गिरफ्तार किया है। इसमें विलियम लाइबेरिया का रहने वाला है, तो वही युसूफअहमद जांबिया का रहने वाला है।

पुलिस ने विलियम के कब्जे से से एक पासपोर्ट व अवैध वीजा बरामद किया है जबकि यूसुफ के कब्जे से कोई भी कागजात बरामद नहीं हुआ। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। बीटा 2 थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि सत्यापन की कार्रवाई के दौरान दोनों विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

# ग्रेनो में डॉक्टर की बेटी का हत्यारा गिरफ्तार

● मुठभेड़ में पैर में लगी गोली, 25 लाख लूटकर भागा था आरोपी

**पायनियर समाचा सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा में डॉक्टर की बेटी के हत्यारे के साथ मंगलवार रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई।

आरोपी के पैर में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए आरोपी प्रदीप की निशानदेही पर पुलिस उसके घर गई थी। वहां से लौटते समय प्रदीप ने बहाना बनाकर गाड़ी रुकवाई। इसके बाद पिस्टल छीनकर भागने का प्रयास किया। वह फ ायर भी कर रहा था। इस बीच पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की तो बदमाश के पैर में गोली लग गई। आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह आए दिन डॉक्टर के घर पर आता जाता था। उसकी अच्छी दोस्ती थी। उसे घर में रुपयों के होने की जानकारी थी। डीसीपी सेंट्रल नोएडा अनिल यादव ने बताया कि आरोपी प्रदीप ने बताया कि मंगलवार को मैं सरस्वती एन्क्लेव, पुराना सुत्याना में अपने ही दोस्त सुदर्शन बैरागी के घर पर पहुंचा। वहां पर पैसे खोजना शुरू किया, तब तक उनकी बेटी ने विरोध किया। उससे मारपीट होने लगी। इसके बाद उसी के दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। फिर घर में रखे 25 लाख रुपये लेकर वहां से भाग गया।

# अब चलेगा डूब क्षेत्र में प्राधिकरण का बुलडोजर

● बाढ़ का वीडियो, ड्रोन सर्वे, फोटो और रेस्क्यू को आधार बनाकर भेजे जाएंगे नोटिस

**पायनियर समाचा सेवा।** नोएडा



यमुना और हिंडन नदी दोनों के डूब क्षेत्र के 53 से ज्यादा गांव प्रभावित है। करीब 8710 व्यक्ति प्रभावित हुए है।

4748 लोगों को विस्थापित किया गया है। 6308 पशुओं का भी रेस्क्यू किया गया। जिन्हें निकालने में प्रशासन, एनडीआरएफ, पुलिस और प्राधिकरण की टीमों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इन तक पहुंचना कठिन साबित हुआ। जिला प्रशासन यहां दोबारा से बसावट नहीं होने देगी। प्राधिकरण के साथ समन्वय बनाकर इन यमुना डूब क्षेत्र में बने फर्म हाउस को ध्वस्त करने की तैयारी है। इसके लिए अब जिला प्रशासन की ओर से सार्वजनिक नोटिस जारी करने की तैयारी है।

प्राधिकरण पहले ही सार्वजनिक नोटिस और पक्के निर्माण नहीं करने की चेतावनी बोर्ड यहां लगा चुका था। इसके बाद भी यहां निर्माण हुआ। जिसका खामियाजा मवेशियों को उठाना पड़ा। जिलाधिकारी ने जिला आपदा प्रबंधन के तहत इन फ ार्म हाउसों को ध्वस्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने का दावा किया। इसके लिए सभी फार्म हाउसों की हालत की वीडियोग्राफी भी ड्रोन कैमरे से कराई जा चुकी। इसमें साफ देखा जा सकता है कि इन फ ार्म हाउसों में यमुना का पानी किस हद तक भरा हुआ था।

जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि अब यमुना का पानी उतरना प्रारम्भ हो चुका है और हालात संभल रहे हैं। इसके साथ ही जिला प्रशासन इनको नोटिस भेजने की कार्रवाई प्रारम्भ करेगा। प्राधिकरण ने विगत एक साल में 150 से ज्यादा अवैध फ ॉर्म हाउस तोड़े थे। यहां बनी समिति हाईकोर्ट गई और ध्वस्तीकरण को रोककर प्रतिवेदन का निपटारा करने का निर्देश दिया गया। हालांकि अब प्राधिकरण ने यमुना ये डूबे इस पूरे क्षेत्र का सर्वे कराया है। इनकी फोटो और वीडियोग्राफी कराके हाईकोर्ट में देगी। ताकि ध्वस्तीकरण के काम को पूरा किया जा सके। यहां करीब एक हजार से ज्यादा फ ार्म हाउस है। बाढ़ में ये इन फार्म हाउसों की एक फ्लोर तक डूब गए थे। डूब क्षेत्र में जैसे जैसे पानी उतर रहा है। तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। यहां पानी के बहाव और बाढ़ में कई मवेशी बह गए। और कई के शव मिल रहे है। इसे प्राधिकरण की लापरवाही ही समझा जाए क्योंकि चार दिन पहले से जलभराव की जानकारी मिलने के बाद भी उस दिन रेस्क्यू शुरू किया गया जब पानी का स्तर अपने चरम पर था। ऐसे में मवेशियों को निकाल पाना मुश्किल था। अधिकतर मरने वाले मवेशी प्राइवेट फर्म के है।

# आईसीआईसीआई बैंक की दीवार में कुंबलकर चोरी करने का प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर की दिल्ली मेरठ मार्ग पर स्थित आईसीआईसीआई बैंक की पिछली दीवार में कुंबल करके चोरी का प्रयास किया। बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरे की तार काट दी थी और कैश काउंटर तक पहुंच गए थे। सायरन बजने के बाद बदमाश बिना चोरी किए फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कई को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

दिल्ली मेरठ मार्ग पर उखालरसी कॉलोनी में आईसीआईसीआई बैंक स्थित है। बैंक के बाहर एटीएम बुथ पर लगा हुआ है। एटीएम की सुरक्षा के लिए दो गार्ड रात्रि में तैनात रहते है। बैंक प्रबंधक रोहित गुप्ता ने बताया कि बुधवार सुबह दस बजे के आसपास जब बैंक पहुंचे तो गार्ड ने बताया कि पिछले दीवार में कुंबल हुआ है। यह सुनकर सब हक्के बक्के रहे गए और इसकी सूचना मुरादनगर पुलिस को दी। रोहित गुप्ता ने बताया कि बदमाश पहले बैंक की छत पर चढ़े और फिल्हाल पिछली की साइड आए। इसके बाद बदमाशों ने पिछली दीवार में बड़ा कुंबल कर लिया। तार काटते समय आलर्म बज गया। जिस कारण बदमाश बिना चोरी किए वापस चले गए।

एसीपी नरेश कुमार ने बतााया कि बैंक प्रबंधक रोहित गुप्ता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आलर्म बजने के बाद ही बदमाश फरार हुए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को बीमारियों से बचाने की चुनौती

## सरकार ने युद्ध स्तर पर दवाओं के छिड़काव का दिया आदेश, सात दिन तक चलेगा अभियान

● दैनिक रिपोर्ट मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को भेजी जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में बाढ़ से प्रभावित लोगों को बीमारियों और कीटों से बचाना चुनौती भरा काम है। राजस्व मंत्री आतिशी ने मंडल आयुक्तों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में बीमारियों के प्रसार को रोकने के मद्देनजर युद्धस्तर पर दवाओं के छिड़काव एवं फॉगिंग कराने के लिए कहा है।

मंत्री ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग का कार्य बुधवार से शुरू हुआ है और यह सात दिन तक चलेगा। साथ ही उन्होंने इस कार्य की दैनिक रिपोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मुख्य सचिव नरेश कुमार और उन्हें सौंपने के निर्देश दिए हैं।

आदेश में उन्होंने कहा कि यमुना में जलस्तर घटने के साथ लोग अपने घरों की ओर से लौटने लगे हैं। ऐसे में जलजनित और मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम करना जरूरी है। मंडल आयुक्त यह सुनिश्चित करें कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में यह कार्य युद्ध स्तर पर किए जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य सचिव द्वारा विभिन्न जिलों और उप-मंडलों में प्रभारी के तौर पर तैनात किए गए अधिकारी मौके पर जाकर कार्य की निगरानी करें।

यमुना का जलस्तर बढ़ने के कारण आई बाढ़ के चलते तटीय इलाकों से 27,000 से अधिक लोगों को उनके घरों से निकाला गया है। हालांकि अभी राहत भरा कार्य जारी है।



मयूर विहार इलाके में राशन और पानी के लिए लगी लंबी कतारों में बाढ़ पीड़ित महिलाएं व बच्चे।

## गोपाल राय ने किया राहत शिविर का दौरा



**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को शाहदरा जिले में पुराने लोहे वाले पुल के पास स्थित बाढ़ राहत शिविरों का निरीक्षण किया। उनके साथ राजस्व विभाग, दिल्ली पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, एमसीडी, वन विभाग, पीडब्लूडी, आईएंडएफसी आदि विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। राय ने राहत शिविर में उपयुक्त मेडिकल सुविधाएं और साफ सफाई पर खास ध्यान देने को कहा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सांपों की समस्याओं से निजात पाने के लिए वन विभाग द्वारा 6 रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। इन टीमों ने अभी तक 30 सांप पकड़े हैं।

## पाक हिंदू शरणार्थियों को राशन बांटा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को बाढ़ से प्रभावित पाकिस्तान से आए शरणार्थी परिवारों को एक महीने का राशन बांटा।

एक बयान के अनुसार, भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद मनोज तिवारी ने मजनूं का टीला में वर्षों से रह रहे करीब 300 शरणार्थी परिवारों को राशन वितरण किया। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यहां मजनूं का टीला में सात-आठ वर्षों से रह रहे पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों की मदद के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

बयान के अनुसार, दिल्ली इकाई की प्रमुख योगिता सिंह के नेतृत्व में महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मयूर विहार के बाढ़-राहत शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं और लड़कियों को साड़ी एवं सैनेटरी पैड्स बांटे।

# यमुना का जलस्तर फिर खतरे के निशान के पार



● बुधवार शाम जलस्तर 205.80 मीटर पर पहुंच गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में पिछले दो दिन में हुई बारिश के बीच दिल्ली में यमुना का जलस्तर बुधवार सुबह एक बार फिर खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गया। यमुना का जलस्तर करीब 12 घंटे पहले ही खतरे के निशान से नीचे गया था।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के आंकड़ों के अनुसार, शाम छह बजे यमुना का जलस्तर 205.80 मीटर तक पहुंच गया, जिसके बृहस्पतिवार तड़के चार बजे तक घटकर 205.45 मीटर होने का अनुमान है।

हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी की प्रवाह दर में मंगलवार अपराह्न मामूली वृद्धि देखी गई, जो 50,000 से 60,000 क्यूसेक के बीच थी। प्रवाह दर बुधवार सुबह सात बजे तक घटकर 39,000 के आस-पास रही। एक क्यूसेक का मतलब 28.32 लीटर प्रति सेकेंड पानी होता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 22 जुलाई तक उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की अलग-अलग जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। यमुना नदी का जलस्तर मंगलवार रात आठ बजे खतरे के निशान 205.33 से नीचे हो गया था, जो जोरदार बारिश के बाद बीते आठ दिन से खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी। जलस्तर के फिर से बढ़ने से पहले बुधवार तड़के पांच बजे यमुना में जलस्तर 205.22 मीटर था। जलस्तर बढ़ने की वजह से राजधानी के जलमग्न निचले इलाकों में रह रहे प्रभावित लोगों के पुनर्वास कार्यों की गति धीमी हो सकती है और उन्हें ज्यादा वक्त तक राहत शिविरों में रहना पड़ सकता है।

जलस्तर बढ़ने से पानी की आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है, जो वजीराबाद के एक पंप हाउस में पानी भर जाने की वजह से बीते चार-पांच दिन तक प्रभावित थी और मंगलवार को ही सामान्य हुई थी।

यह पंप हाउस वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जल शोधन संयंत्रों को पानी की आपूर्ति करता है, जो मिलकर राजधानी में 25 प्रतिशत पानी की आपूर्ति करते हैं।

# कांस्टेबल भर्ती में धोखाधड़ी मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार



● एक उम्मीदवार को फर्जी तरीके से पेपर में पास कराया गया था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अपराध शाखा की टीम ने दिल्ली पुलिस के तीन व परीक्षा केंद्र के तीन कर्मचारियो को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि दिल्ली पुलिस पुरुष और महिला (कार्यकारी) 2020 की भर्ती जो कि कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित की गयी थी, के दौरान एक उम्मीदवार अर्जुन सिंह, निवासी ग्राम दुहरकी, थाना रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश, ने जाली तरीकों से अपनी परीक्षा उत्तीर्ण की है । पकड़े गए आरोपियों की पहचान परवीन 2. शिखा, विशाल कुमार, राधे श्याम, 5. विकास कुमार और 6. मोहित कुमार बालियान के रूप में हुई है। जांच के दौरान, कथित उम्मीदवार अर्जुन सिंह से पूछताछ की गई, उसने खुलासा किया कि उसने आईओएन डिजिटल जोन, रूड़की-देहरादून हाईवे, उत्तराखंड में आयोजित परीक्षा, प्रतिरूपण की मदद से उत्तीर्ण की थी।

कर्मचारी चयन आयोग से सीसीटीवी फुटेज सहित अपेक्षित जानकारी प्राप्त की गई व सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने पर पता चला कि अभ्यर्थी अर्जुन सिंह परीक्षा लैब में प्रवेश कर अपनी सीट पर बैठा था व कुछ समय बाद उसने अपनी सीट छोड़ दी और लगभग 10 मिनट बाद एक फर्जी अभ्यर्थी अर्जुन सिंह की सीट पर आकर बैठ गया और उसकी ऑनलाइन परीक्षा पूरी की। सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच के बाद पता चला कि उम्मीदवार अर्जुन सिंह के स्थान पर एक फर्जी उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुआ था।

## चाकू मारकर हत्या के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जाफराबाद में एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है। उसके नाबालिग बेटे को भी पुलिस ने पकड़ लिया है, जबकि दूसरे बेटे की तलाश जारी है। जाफराबाद में कल्याण सिनेमा के पास सोमवार को दोपहर में सलमान (25) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी की पहचान मंजूर और उसके किशोर बेटे के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार, मंजूर की बेटी के साथ सलमान की पिछले दो साल से दोस्ती थी, जिसका मंजूर और उसका परिवार विरोध करता था। पुलिस ने बताया कि मंजूर ने करीब एक हफ्ते पहले सलमान को इस रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाने के लिए कहा था और धमकी भी दी थी।

# शाहबाद डेयरी में बीड़ी मांगने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

● मामला किया दर्ज, आरोपी गिरफ्तारः पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शाहबाद डेयरी इलाके में बीड़ी मांगने को लेकर हुए विवाद में मजदूर ने एक व्यक्ति की चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान शाहबाद डेयरी के सत्यवान के रूप में हुई है और वह एक बढ़ई की दुकान पर काम करता है।

मामला मंगलवार सुबह करीब नौ बजे उस समय सामने आया, जब पुलिस को महादेव चौक के पास खाली जगह पर एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली। बाहरी उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने कहा कि मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम ने शव बरामद किया, जिस पर चाकू के करीब पांच घाव मिले। व्यक्ति की पहचान संजय मिश्रा के रूप में हुई।

शाहबाद डेयरी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी सत्यवान को पकड़ा गया।

# डीईआरसी के नए अध्यक्ष के लिए उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने की चर्चा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करने के लिए बुधवार को राज निवास में एक बैठक की।

अधिकारियों के मुताबिक करीब एक घंटे तक चली इस बैठक के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। इस बैठक से पहले दिल्ली सरकार ने डीईआरसी के अध्यक्ष पद के लिए उपराज्यपाल के सामने तीन नाम रखे थे। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा था कि संवैधानिक पदों पर बैठे दोनों लोगों को राजनीतिक कलह से ऊपर उठना होगा और इस बात पर विचार-विमर्श करना होगा कि दिल्ली बिजली विनियामक आयोग (डीईआरसी) का प्रमुख कौन बन सकता है। शीर्ष अदालत इस मुद्दे पर बृहस्पतिवार को फिर से विचार करेगी।

# एम्स की 28 जुलाई की नेक्स्ट अभ्यास परीक्षा रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा 2019 बैच के अंतिम वर्ष के एमबीबीएस छात्रों के लिए नेशनल एग्जिट टेस्ट (नेक्स्ट) को स्थगित करने के बाद एम्स-दिल्ली ने 28 जुलाई को आयोजित नेक्स्ट अभ्यास परीक्षा बुधवार को रद्द कर दी।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने एक नोटिस में कहा है कि मॉक टेस्ट या अभ्यास परीक्षा के लिए उम्मीदवारों का पंजीकरण शुल्क वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एनएमसी ने 13 जुलाई को कहा था कि नेक्स्ट को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अगले निर्देश तक स्थगित कर दिया गया है।

नेक्स्ट भारत में चिकित्सा की आधुनिक प्रणाली की प्रैक्टिस करने के लिए पंजीकरण कराने को लेकर मेडिकल स्नातक की पात्रता को प्रमाणित करने का आधार बनेगा। यह देश में व्यापक चिकित्सा विशिष्टताओं में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक मेडिकल छात्रों के प्रवेश के लिए पात्रता और रैंकिंग निर्धारित करने का आधार भी बनेगा। यह पीजी चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में काम करेगा।

# सेंट स्टीफंस की याचिका पर विचार करे उच्च न्यायालय : सुप्रीम कोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय से उस आदेश के खिलाफ सेंट स्टीफंस कॉलेज की याचिका पर अपेक्षित तत्परता से विचार करने को कहा है, जिसमें इस कॉलेज को डीयू की दाखिला नीति का पालन करने के लिए कहा गया था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को स्नातक पाठ्यक्रमों में गैर-अल्पसंख्यक सीट पर दाखिला देते समय दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की दाखिला नीति का अनुसरण करने और सीयूईटी 2022 के अंकों को 100 प्रतिशत तरजीह देने का पिछले साल 12 सितंबर को निर्देश दिया था।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि कॉलेज गैर-अल्पसंख्यक श्रेणी के छात्रों के लिए साक्षात्कार नहीं ले सकता और प्रवेश केवल सीयूईटी अंक के आधार पर होना चाहिए। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय इस मामले की सुनवाई कर सकता है।

अदालत ने कहा कि यह कहने की जरूरत नहीं है कि यह मामला वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के लिए दाखिले से संबंधित है, इसलिए उच्च न्यायालय तत्परता से विचार करे।

## संक्षिप्त समाचार



बाढ़ पीड़ितों को खाना बांटते फाउंडेशन के लोग।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया लविंग हार्ट फाउंडेशन

**नई दिल्ली।** लविंग हार्ट फाउंडेशन ने बाढ़ग्रस्त इलाके मयूर विहार, अक्षरधाम और आईटीओ पुल पुश्ता खाद्य सामग्री वितरित की। लविंग हार्ट फाउंडेशन के रजत शर्मा, गीतांजलि शर्मा, माधव और देवहूति वशिष्ठ के अनुसार उनकी फाउंडेशन 2018 से दिल्ली में जरूरतमंदों की सहायता करती आ रही है। उसके द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सहयोग किया जा रहा है।

### उर्दू संस्थानों की बदहाली पर चर्चा

**नई दिल्ली।** उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की एक बैठक डॉ सैयद अहमद खान की अध्यक्षता में दरियागंज में संपन्न हुई। बैठक में उर्दू संस्थानों की बदहाली पर अफसोस का इजहार किया गया। डॉ सैयद अहमद खान ने केन्द्र सरकार, दिल्ली सरकार और वाइस चांसलर जामा जामिया मिलिया इस्लामिया का ध्यान उर्दू भाषा के विकास और उत्थान के साथ साथ बुनियादी समस्याओं के समाधान कराने पर ध्यान आकृष्ट कराया है। बैठक में भाग लेने वालों में अबु नोमान, मौलाना मोहम्मद मआज नदवी, हकीम आफताब आलम, डॉ सैयद जुनेद आरिफ, मोहम्मद नदीम आरिफ, मोहम्मद इमरान कन्नौजी आदि ने भाग लिया।

### ठगी के मामले में शेष दो किलो सोना भी बरामद

**नई दिल्ली।** पंजाब के एक स्वर्ण व्यवसाई से जीएसटी निरीक्षक बनकर छह करोड़ रुपए मूल्य का 10 किलोग्राम सोना ठगने के आरोप में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने लुधियाना में छापेमारी कर बाकी बचे दो किलोग्राम सोने को भी बरामद कर लिया है। इस मामले को लेकर पुलिस ने पहले लुधियाना निवासी सुशील कुमार को गिरफ्तार किया था और उसके पास से 4.8 करोड़ रुपए मूल्य का आठ किलोग्राम सोना बरामद किया था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र सिंह ने बताया कि लुधियाना में छापेमारी की गई, जिसमें बाकी सोना बरामद कर लिया गया। दो लोगों ने खुद को जीएसटी निरीक्षक बताकर दिल्ली से रविंदर कुमार के लुधियाना स्थित दुकान ले जाए जा रहे सोने की एक खेप की ठगी कर ली थी।

# खुदरा बाजार में राहतः केंद्र सरकार ने 10 रुपये घटाए टमाटर के दाम

## राजधानी और अन्य शहरों में अब मिलेगा 70 रुपए प्रति किलो



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आम आदमी को ऊंची खुदरा कीमतों से राहत देने के लिए रियायती दर पर बेचे जा रहे टमाटर की कीमत बृहस्पतिवार से 80 रुपए प्रति किलो से घटाकर 70 रुपए प्रति किलो कर दी है। केंद्र सरकार, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) के माध्यम से दिल्ली और कुछ अन्य प्रमुख शहरों में लोगों को पिछले सप्ताह शुक्रवार से रियायती दर पर टमाटर बेच रही है।

टमाटर की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत लगभग 120 रुपए प्रति किलोग्राम है। हालांकि कुछ स्थानों पर यह सब्जी 245 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रही है। राष्ट्रीय राजधानी में कीमत घटकर 120 रुपए प्रति किलो रह गई है।

एक सरकारी बयान के अनुसार, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने टमाटर की कीमतों में गिरावट के मद्देनजर एनसीसीएफ और एनएएफईडी को 20 जुलाई 2023 से 70 रुपए प्रति किलो की खुदरा कीमत पर टमाटर बेचने का निर्देश दिया है।

एनसीसीएफ और एनएएफईडी द्वारा खरीदे गए टमाटरों को शुरुआत में 90 रुपए प्रति किलो पर बेचा गया। इसके बाद 16 जुलाई 2023 से इसकी कीमत घटाकर 80 रुपए प्रति किलो कर दी गई थी। बयान के अनुसार, दाम में कटौती कर इसे 70 रुपए प्रति किलो पर बेचने से उपभोक्ताओं को और लाभ होगा। सरकार के निर्देश पर एनसीसीएफ और एनएएफईडी ने उन प्रमुख उपभोग केंद्रों में एक साथ उपलब्धता बढ़ाने के लिए आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र की मंडियों से टमाटर की खरीद शुरू की थी, जहां खुदरा कीमतों में पिछले एक महीने में अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में टमाटर की खुदरा बिक्री बीते 14 जुलाई से शुरू हुई थी और 18 जुलाई तक दोनों एजेंसियों ने कुल 391 टन टमाटर की खरीद की।

इसे प्रमुख रूप से दिल्ली और आसपास के शहरों, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा बिहार के प्रमुख उपभोग केंद्रों में खुदरा उपभोक्ताओं को लगातार उपलब्ध कराया या जा रहा है।

उपभोक्ता मामले के विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को टमाटर की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 119.29 रुपए प्रति किलो रही। अधिकतम खुदरा मूल्य 245 रुपए प्रति किलोग्राम है, जबकि न्यूनतम खुदरा मूल्य 40 रुपए प्रति किलोग्राम और मॉडल मूल्य 120 रुपए प्रति किलोग्राम है। राष्ट्रीय राजधानी के खुदरा बाजारों में टमाटर की कीमत रविवार के 178 रुपए प्रति किलोग्राम से घटकर बृहस्पतिवार को औसतन 120 रुपए प्रति किलो पर आ गई। अन्य महानगरों में, मुंबई में टमाटर 155 रुपए प्रति किलो, चेन्नई में 132 रुपए प्रति किलो और कोलकाता में 143 रुपए प्रति किलो पर बिक रहा था। टमाटर की कीमतें आम तौर पर जुलाई-अगस्त और अक्टूबर-नवंबर की अवधि के दौरान बढ़ती हैं। ये आम तौर पर कम टमाटर उत्पादन वाले महीने होते हैं।

मानसून के कारण आपूर्ति में बाधा आने के कारण टमाटर की दरों में भारी वृद्धि हुई है।

# पारदर्शिता लाने को सरकार ने 600 सेवाओं को किया ऑनलाइन: दुष्यंत चौटाला

## उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गुरुग्राम में जनसभा को संबोधित किया

### कई कार्यक्रमों में शिरकत करके सुनीं जनसमस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव पथरेड़ी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**उप**-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणावासियों को सरकारी सेवाओं व सुविधाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से देने के लिए करीब 600 सेवाओं को पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया गया है। हरियाणा सरकार ग्रामीण आबादी के लिए जीवन सुगमता में और सुधार करने के प्रति दृढ़ है। यह बात उन्होंने बुधवार को जिले के कई गांवों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने जन समस्याएं भी सुनीं।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश के गांवों में विकास कार्यों को नई गति प्रदान करते हुए वहां दी जा रही सुविधाओं को और सशक्त किया किया जा रहा है। दुष्यंत चौटाला ने जिला के गांव पथरेड़ी में कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के ग्रामीण हलकों की फिरनी को पक्का करने व गांवो में शमशान भूमि में चार दीवारी, टीन शेड व पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा रूरल डेवेलपमेन्ट फण्ड में करीब 800 व 400 करोड़ का प्रावधान किया है। इसी प्रकार गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने व मौजूदा इंफ्रा में सुधार करने के लिए प्रदेश का प्रत्येक गांव का सर्वे कराकर जहां क्लीनिक हैं, वहां पीएचसी, जहां पीएचसी वहां सीएचसी व जहां सीएचसी है। वहां 50 बेड का अस्पताल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई का रही हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में सामाजिक कार्यों के लिए जगह का ना होना भी एक बड़ी समस्या रही है। ऐसे में सरकार द्वारा गांवों में सामुदायिक भवन बनाने की योजना को भी धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अब कोई भी गांव जहां एक से तीन एकड़ भूमि उपलब्ध है, वह ग्राम पंचायत ग्राम सभा से रेजोल्यूशन पास करवाकर व जमीन के सिजरे व नक्शे को ग्राम सचिव व पटवारी से सत्यापित करवाकर उसका प्रपोजल सरकार को भेज सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार को अभी तक करीब 1100 ऐसे आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 800 पर काम शुरू हो चुका है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अमृत सरोवर योजना के तहत अभी तक कुल 800 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए बनाई गई नीतियों को निरंतर धरातल पर उतारा जा रहा है। विकास की इस महत्वपूर्ण यात्रा में हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है, जहां 48 घण्टों के भीतर किसानों को उनकी फसल बेचने की राशि का भुगतान किया जा रहा है। दुष्यंत चौटाला ने ई-लाइब्रेरी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में अभी तक कुल एक हजार ई-लाइब्रेरी का निर्माण करवाया का चुका है। जिसका सीधा लाभ हमारी प्रदेश की युवा शक्ति को मिल रहा है।

---

## टमाटर की कीमतों में गिरावट के बावजूद मांग कम



**सोहना।** सब्जी मंडी में टमाटर के दाम आसमान से नीचे आने लगे है। स्थानीय मंडी में टमाटर 250 से 120 रुपये किलोग्राम पर बिक रहा है। लेकिन अन्य सब्जियों की कीमते अभी भी स्थिर बनी हुई है। करीब सप्ताह पहले टमाटर की कीमत 200 रुपये पार करने के बाद 250 तक पहुंच गई थी। लेकिन आसमान की छलांग लगाने वाला टमाटर वापस जमीन की तरफगिरने लगा है। टमाटर की कीमत मंगलवार को 120 रही। पिछले तीन दिन में टमाटर की कीमत 100 से 130 रुपये कम हुई है। जानकारी के अनुसार अब टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रति किलोग्राम से भी नीचे 20 से 30 रुपये कम होने की संभावना है टमाटर अगले करीब एक माह तक 70 से 80 रुपये तक बिकेगा।

**क्षेत्रीय सब्जियों की कीमत ज्यो की त्यो**

क्षेत्र में पैदा होने वाली सब्जियों पालक, बेंगन, घीया, भिंडी, करेला, टींडा और ग्वार की फली की कीमत में किसी प्रकार की गिरावट नहीं है। क्योकि यें सभी सब्जियां क्षेत्र में ही पैदा होती है। बरसात होने पर खराब हो गई। नई पैदवार आने में एक से डेढ माह का समय लगेगा। उसके बाद ही इनकी कीमतें कम होने की संभावना है। यें सभी सब्जियां 50 से 60 रुपये प्रतिकिलोग्राम बिक रही है।

---

## एनएच-48 पर ड्रेन में मिट्टी डालकर बाधित करने वाले पंप व ढाबा संचालकों पर दर्ज होगी एफआईआर

### डीसी ने सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर कमेटी की बैठक में कही यह बात

पायनियर समाचरार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक लेतते डीसी निशांत कुमार यादव।

**राष्ट्रीय** राजमार्ग-48 पर रामपुरा फ्लाईओवर के समीप ड्रेनेज सिस्टम को बाधित करने वाले पेट्रोल पंप व ढाबा संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। यह निर्देश बुधवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक बैठक के दौरान दिए।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलनिकासी के लिए बनाए गए ड्रेनेज सिस्टम को कई स्थानों पर पेट्रोल पंप व ढाबा संचालकों द्वारा मिट्टी आदि डालकर बाधित किया जाता है। यह मामला बुधवार को सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक बैठक के दौरान डीसी के समक्ष आया। इस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने एसएचओ मानेसर को इस मामले में मौके पर जाकर जहां भी ड्रेनेज सिस्टम बाधित मिले तो संबंधित के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए डीसी ने उन स्कूलों को सील करने के निर्देश दिए जहां पर बार-बार नियमों का उल्लंघन हो रहा है। नियमों के उल्लंघन को लेकर जिला प्रशासन के नोटिस का जवाब देने में भी लापरवाही बरती जा रही हो। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए ऐसे स्कूलों को तुरंत सील करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिला प्रशासन की ओर से जल्द ही एक सेमिनार भी आयोजित करवाया जाए, जिसमें स्कूलों की प्राचार्य व ट्रांसपोर्ट इंचार्ज को बुलाया जाएगा। सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी नियमों का उल्लंघन करने वाली स्कूल बसों के चालान की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए।

**सरहौल बॉर्डर से खेड़की दौला तक नो होंकिंग जोन**

डीसी निशांत कुमार यादव ने एनएच-48 पर सरहौल बॉर्डर से खेड़की दौला टोल तक करीब 20 किलोमीटर क्षेत्र को नो होंकिंग जोन घोषित करने का निर्णय लिया।

उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को इस क्षेत्र नो होंकिंग जोन के लिए 200 संकेत चिन्ह लगाने के निर्देश दिए।

### यातायात प्रबंधन को लेकर कमेटी गठित

जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण जितेंद्र सिंह गहलावत ने सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर गठित जिला स्तरीय कमेटी के समक्ष एजेंडे में शामिल 26 बिंदुओं को प्रस्तुत किया। जिनमें मिलेनियम सिटी गुरुग्राम मेट्रो स्टेशन के बाहर मुख्य सड़क पर खड़े होने वाले ऑटो, कैब व अन्य वाहनों के खड़े होने से यातायात प्रबंधन प्रभावित होने का मामला भी आया। डीसी निशांत कुमार यादव ने इस मामले में एडीसी, सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण व एसीपी ट्रैफिक को मौके का मुआयना कर नए विकल्पों पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव चौक, ओल्ड सिटी में महाबीर चौक से होते हुए एक मॉडल सड़क विकसित करने तथा जेल रोड रेडलाइट से भूतेश्वर मंदिर वाली साइड स्लिप रोड बनाने आदि मामलों को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

## श्रीराम भक्त हनुमान समस्त मानव जाति के लिए वंदनीय: बोधराज सीकरी

### समाजसेवी बोधराज सीकरी की मुहिम जारी

### हनुमान चालीसा पाठ का आंकड़ा 2 लाख 40 हजार पार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में हनुमान चालीसा कार्यक्रम में भाग लेते समाजसेवी बोधराज सीकरी व अन्य।

**समाजसेवी** बोधराज सीकरी की ओर से हनुमान चालीसा पाठ मुहिम के तहत आदर्श रामलीला क्लब अर्जुन नगर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व गजेंद्र गोसाईं के हाथ से हनुमान जी के ध्वज का ध्वजारोहण किया गया, जिसे रामलाल ग्रोवर ने भजन के माध्यम से शुरू करवाया। गजेंद्र गोसाईं ने व्यास गद्दी पर बैठकर लगभग सवा घंटे में संगीतमय और लयबद्ध तरीके से श्री हनुमान चालीसा पाठ का समापन किया और उसके उपरांत लगभग आधे घंटे के बोधराज सीकरी के प्रवचन से वहां बैठे धार्मिक श्रद्धालुओं और साधकों के मन को हर लिया। इस आयोजन में 350 साधकों ने हिस्सा लेकर 21-21 बार पाठ किया। सुशांत लोक फ्लायर पार्क में 15 मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों ने 7-7 बार पाठ किया। जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में 40 लोगों ने 5-5 बार पाठ किया। पिछले मंगलवार तक 232965 पाठ हो चुके थे और मंगलवार के पाठ की संख्या को सम्मिलित करने के बाद यह संख्या 240620 पार कर गई। अगला पाठ 25 जुलाई को राधा कृष्णा मंदिर सेक्टर 15 पार्ट-2 में होगा।

आदर्श राम लीला कमेटी के सदस्य गंगाधर खत्री, जनरल सेक्रेटरी यशपाल ग्रोवर ने मंच संचालन किया। उनके साथ अशोक डुडेजा और फरियादी का सहयोग रहा। तीन युवा बच्चों ने हनुमान और सीता की झांकी से प्रस्तुति प्रस्तुत की। मैट्रिमोनियल सर्विस का श्री गणेश बोधराज सीकरी, ओमप्रकाश कथूरिया, प्रमोद सलूजा, डॉ. परमेश्वर अरोड़ा के हाथों से किया गया। इस दौरान धार्मिक किताबों की लाइब्रेरी का बोधराज सीकरी ने श्रीगणेश किया। इस आयोजन में नवीन गोयल और डा. डीपी गोयल ने भी सहभागिता की।

**इन गणमान्यों की रही उपस्थिति**

इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों में ओमप्रकाश कथूरिया, सुरेंद्र खुल्लर, प्रमोद सलूजा, रामलाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कालरा, रमेश कामरा, डॉ. परमेश्वर अरोड़ा, भाजपा नेता पूनम भटनागर, गंगागिरी कुटिया की पूरी टीम, रवि मनोचा, किशोरी डुडेजा, द्वारका दास मक्कड़, रमेश मुंजाल, ब्राह्मण भीम दत्त, जिज्ञासु, वासदेव ग्रोवर, जयदयाल कुमार, अनिल कुमार, ओमप्रकाश गाबा, रूपक चौधरी, पंडित चुन्नी लाल, हरीश शर्मा, नरिंदर कथूरिया, संजय तनेजा, भारत भूषण कालरा, विजय वर्मा, सतपाल नासा, हेमंत मोंगिया, सीबी मनचंदा, कमल सलूजा, गोपाल गाबा, सुभाष गांधी, उमेश ग्रोवर, अशोक ग्रोवर, टीसी आहूजा, दीवान दुरेजा, निशि मोंगिया, सुरेश सीकरी, ज्योत्सना बजाज, शशि बजाज, रचना बजाज, रीना रानी, सुनीता हसीजा, आशा, सुमन, लीना, सीमा कपूर व अन्य जन उपस्थित रहे।

---

## खेलो गुरुग्राम में हरियाणा पुलिस के जवान आज दिखाएंगे दम

**सोहना।** हरियाणा उद्य के तहत जिले में चल रही खेलो गुरुग्राम खेल प्रतियोगिताओं में आज पुलिस कर्मी अपना दम दिखाएंगे। हरियाणा पुलिस के जवानों के बीच वॉलीवाल व रस्साकशी की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी।

स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में गुरुग्राम पुलिस दक्षिण जाने थानों में तैनात पुलिस कर्मियों के बीच हरियाणा उदय के तहत खेला गुरुग्राम खेल प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। पुलिस कर्मियों के बीच मात्र दो ही प्रतियोगिताएं होगी। जिसमें शरीर की फर्ती का परखने के लिए वॉलीवाल तथा शरीर की ताकत को अजाने के लिए रस्साकशी की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। इस प्रतियोगिता में दक्षिण जोन के अदंर आने वाले सेक्टर-65 थाना से लेकर बादशाहपुर, भोंडसी, सोहना शहर व सदर थाना समेत अन्य थाने में तैनात पुलिस कर्मी भाग लेंगे। एसीपी नवीन संधू बताया कि प्रदेश सरकार की यह योजना अब तक सफल रही है।

---

## मासिक सदस्यता के साथ फोनपे ने लॉन्च किया भारत का पहला हेल्थ इंश्योरेंस प्लेटफ़ॉर्म

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

**फोनपे** इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज ने आज प्रमुख बीमाकर्ताओं के साथ साझेदारी में काम्प्रीहेन्सिव इंश्योरेंस की पेशकश करने वाली स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के लॉन्च की घोषणा की। जो बात इन स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को अलग करती है, वह है क्क्षु मासिक पेमेंट मोड की शुरूआत, जिससे ये ग्राहकों के लिए अधिक किफायती हो गई हैं। फोनपे अब तक 5.6 मिलियन से अधिक पॉलिसी बेचकर देश में बीमा पर निवेश को बढ़ाने में सबसे आगे रहा है। फोनपे इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म ने भारत के 98% पिन कोड पर पॉलिसियां बेची हैं और 200 मिलियन से अधिक व्हीकल इंश्योरेंस कोटेशन प्रदान किए हैं। 1 करोड़ रुपये तक के कवरेज के साथ आने वाली ये स्वास्थ्य बीमा योजनाएं यूजरों को बिना किसी सीमा के किसी भी अस्पताल के कमरे को चुनने की अनुमति देती हैं। एक यूजर प्रत्येक दावा मुक्त वर्ष के लिए बेसिक कवर राशि के 7 गुना तक बोनस कवर जैसी नवीन सुविधाओं का भी लाभ उठा सकता है। फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग द्वारा पेश की जा रही हेल्थ इंश्योरेंस प्लान यूजरों को सूचित निर्णय लेने, क्लेम करने और अन्य सेवाओं को एक्सेस करने में मदद करने के साथ बिक्री से पहले और बाद में सहायता प्रदान करती है।

फोनपे के वाईस प्रेसिडेंट फाइनेंशियल सर्विसेज, हेमंत गाला ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, कि "हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक सामर्थ्य रही है और हमने मासिक पेमेंट पर केंद्रित भारत का पहला हेल्थ इंश्योरेंस मार्केटप्लेस (बाज़ार) बनाकर इसे हल कर लिया है। हमारा मानना है कि इससे यूजरों पर बहुत गहरा असर पड़ेगा और वे बहुत कम वित्तीय बोझ के साथ मासिक सब्सक्रिप्शन का पेमेंट करने में सक्षम होंगे।"

फोनपे पर स्वास्थ्य बीमा खरीदना सरल और आसान है। यूजर को बस इतना करना होगा:

उन सभी सदस्यों के बुनियादी विवरण दर्ज करें जिनका आप बीमा कराना चाहते हैं।

कोट्स पेज पर आगे बढ़ें, इच्छित क्वोट चुनें, और व्यक्तिगत तथा स्वास्थ्य विवरण दर्ज करने के लिए अगले पेज पर जाए

जानकारी की समीक्षा करें और या तो अपना मासिक मैंडेट सेट करें या सालाना भुगतान करें

---



राष्ट्रपति अवार्ड के साथ रेड क्रॉस की टीम।

## रेडक्रॉस सोसायटी को तीसरी बार मिला राष्ट्रपति से अवार्ड

### पहले प्रथम, दूसरी और तीसरी बार द्वितीय स्थान का मिला अवार्ड

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की हरियाणा राज्य शाखा को समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने पर तीसरी बार राष्ट्रपति की ओर से अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड मिलने पर पूरे रेड क्रॉस में खुशी की लहर है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में हरियाणा के राज्यपाल एवं अध्यक्ष भारतीय रेड क्रास सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा बंडारू दत्तात्रेय को भारत में सर्वाधिक रेड क्रॉस मेंबरशिप एवं फंड रेजिंग के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने के दौरान भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा शाखा के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल भी मौजूद रहे।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित वार्षिक आम बैठक में वर्ष 2021-22 के लिए राष्ट्रपति ने शील्ड देकर सम्मानित किया। इस सम्मान पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा शाखा की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता, महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल ने इस उपलब्धि के लिए अधीक्षक दीपक नासा के साथ हरियाणा की सभी रेड क्रॉस शाखाओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि रेड क्रास की गतिविधियों में सबको साथ लेकर चलना है। जिससे हरियाणा रेड क्रास की छवि पूरे भारत में प्रदर्शित हो सके। इस अवसर पर रामाशीष मंडल कार्यक्रम अधिकारी, रोहित शर्मा कार्यक्रम अधिकारी, विजय कुमार, प्रचार अधिकारी तथा कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। गुरुग्राम जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि कठिन परिश्रम से तीसरी बार रेड क्रॉस की झोली में राष्ट्रपति की ओर से यह सम्मान दिया गया है।

---

## बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने नए विलक्षण क्रिकेट खिलाड़ी शुभमन गिल के साथ अपने सहयोग की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ / आगरा



**प्रमुख** निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ ने जीवन लक्ष्य को सक्षम बनाने की अपनी ब्रांड यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए, जाने-माने क्रिकेटर, शुभमन गिल के साथ अपने सहयोग की घोषणा की है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहले से ही छाए हुए खिलाड़ी शुभमन गिल ने अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से दुनिया को प्रभावित किया है। एक युवा उपलब्धिकर्ता और कई लोगों के लिए प्रेरणा के रूप में, वह एक अनुशासित दृष्टिकोण के माध्यम से दीर्घकालिक जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने की भावना का प्रतीक हैं।

सहयोग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, शुभमन गिल ने साझा किया, "मुझे बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के साथ जुड़कर खुशी हो रही है; ऐसा लगता है कि यह एक मैच जीतने के लिए सही समय पर की गई साझेदारी है। यहां, यह जीवन के बड़े मैच में जीत के बारे में है। . मेरे लिए, फोकस और निरंतरता सबसे महत्वपूर्ण है, और बजाज आलियांज लाइफ ग्राहकों और अभिनव समाधानों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ इसका प्रतीक है। मैं बजाज आलियांज लाइफ के साथ इस सहयोग के लिए उत्सुक हूं क्योंकि हम भारत के भरोसेमंद लाइफ गोल पार्टनर बनने के लिए मिलकर प्रयास कर रहे हैं।"

एसोसिएशन पर बोलते हुए, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य विपणन अधिकारी, चंद्रमोहन मेहरा ने कहा, "हम लाखों भारतीयों के लिए एक सच्चे जीवन लक्ष्य चैंपियन, शुभमन के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। शुभमन नए युवा भारतीय का प्रतीक है जो लाइफ मैक्सिमाइज़र और आत्मविश्वासी है दीर्घकालिक योजना और निरंतरता के माध्यम से कई जीवन लक्ष्यों को पूरा करना। खेल के सभी प्रारूपों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में उनका प्रयास, मूल्य-पैक उत्पादों और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के माध्यम से भारतीयों के पसंदीदा जीवन लक्ष्य प्रवर्तक बनने की हमारी समग्र आकांक्षाओं के अनुरूप है।यह शुभमन गिल का एक बीमा ब्रांड के साथ विशेष जुड़ाव है। कंपनी उत्पाद प्रस्तावों को जीवंत बनाने और व्यापक ग्राहक आधार तक पहुंचने के लिए अपने मार्केटिंग अभियानों में उन्हें शामिल करेगी।

---

## वर्कइंडिया के आंकड़ों से सामने आई तस्वीर, 2023 में जॉब हब बनकर सामने आई दिल्ली जबकि कोलकाता में मिले कम रोजगार

### आंकड़ों के विश्लेषण से विभिन्न सेक्टर में मांग, ट्रेंड और विभिन्न सेक्टर में विकास की दर का पता चला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**टेक्नोलॉजी** से संचालित अग्रणी ब्लू-कलर रिक्रूटमेंट प्लेटफॉर्म वर्कइंडिया ने देश के प्रमुख शहरों में रोजगार के अवसरों और ओपनिंग्स के बारे में महत्वपूर्ण आंकड़े जारी किए हैं। 2022 और 2023 के आंकड़ों से मजबूत आर्थिक विकास की तस्वीर सामने आई है और भारत में विविधतापूर्ण कार्यबल का प्रमाण मिला है। ये आंकड़े आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में वर्कइंडिया के प्रयासों को भी दिखाते हैं।

वित्त वर्ष 2022-23 में दिल्ली जॉब हब के रूप में सामने आई। यहां रोजगार के अवसरों में 64 प्रतिशत की वृद्धि हुई और कुल ओपनिंग्स में 45 प्रतिशत का विकास दर्ज किया गया। बेंगलुरु में भी आर्थिक मजबूती नजर आई और रोजगार के कुल अवसरों में 71 प्रतिशत और ओपनिंग्स में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। दूसरी ओर, कोलकाता में स्थितियां कमजोर रहीं। रोजगार में 43 प्रतिशत का विकास देखा गया और ओपनिंग्स में मात्र 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हैदराबाद में रोजगार में 63 प्रतिशत और ओपनिंग्स में 6 प्रतिशत, मुंबई में रोजगार में 74 प्रतिशत और ओपनिंग्स में 123 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पुणे में भी रोजगार में 68 प्रतिशत और ओपनिंग्स में 46 प्रतिशत का विकास देखा गया। इन आंकड़ों से रोजगार के कुल अवसरों में विकास की तस्वीर सामने आई।

2022-23 के आंकड़ों से विभिन्न उद्योगों के भीतर खास ट्रेंड भी सामने आए। टेलीकॉलिंग में जॉब ओपनिंग्स में 70 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। अकाउंट सेक्टर में जॉब ओपनिंग में 74 प्रतिशत की वृद्धि रही। इसी तरह वार्ड बॉय के क्षेत्र में भी जॉब ओपनिंग्स में 69 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। 2022 से 2023 में छह महीने या इससे कम अनुभव वाले पेशेवरों के लिए जॉब ओपनिंग्स में 80 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई।

---

## ट्रूकॉलर ने भारत में लॉन्च किया एआई-पावर्ड असिस्टेन्ट

### यह असिस्टेन्ट आपके लिए कॉल्स के जवाब देगा और फ्रॉड कॉल्स को फिल्टर करने में भी मदद करेगा

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ




**दुनिया** के प्रमुख ग्लोबल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म ट्रूकॉलर ने भारत में ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट का लॉन्च किया है। यह असिस्टेन्ट ऐसा इनोवेशन है जो मशीन लर्निंग और क्लाउड टेलीफोनी के द्वारा सबसे उपयोगी कॉल-स्क्रीनिंग समाधान उपलब्ध कराता है।

ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट एक कस्टमाइज़ेबल, इंटरैक्टिव और डिजिटल फीचर है जो आपके लिए कॉल्स के जवाब देता है और इसकी मदद से आप अनचाहे कॉलर का फोन सुनने से बच सकते हैं। कॉलर क्या कह रहा है आप उसका लाईव ट्रांसक्रिप्शन स्क्रीन पर देख सकते हैं और जान सकते हैं कि कॉलर कौन है और वह आपको क्यों कॉल कर रहा है। इसके बाद आप यह फैसला ले सकते हैं कि आपको यह फोन सुनना है या नहीं, आप एक टैप के साथ कॉलर से अधिक जानकारी ले सकते हैं या चाहें तो इसे स्पैम मार्क कर सकते हैं।

"अब तक ट्रूकॉलर आपको दिखाता था कि आपको कौन फोन कर रहा है, लेकिन अब आपकी ओर से आपका ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट कॉलर के साथ बातचीत शुरू कर सकता है।" ट्रूकॉलर में भारत के मैनेजिंग डायरेक्टर, रिशित झुनझुनवाला ने बताया। "यह बेहद महत्वपूर्ण कदम है, इसकी मदद से लोग स्पैम और फ्रॉड कॉलर्स से बच सकेंगे। इस फीचर को हम पहले से कई बाज़ारों में पेश कर चुके हैं, हमें खुशी है कि अब हम भारत में ट्रूकॉलर के प्रशंसकों के लिए यह सर्विस उपलब्ध कराने जा रहे हैं।"

ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट 14 दिनों के ट्रायल के लिए फ्री उपलब्ध है, जिसके बाद सब्सक्राइबर रु 149 प्रति माह की शुरूआती कीमत पर ट्रूकॉलर प्रीमियम असिस्टेन्ट प्लान के तहत असिस्टेन्ट को शामिल कर सकते हैं (लिमिटेड प्रोमोशनल डील के तहत रु 99)। पहले इस सर्विस को यूएस एवं ऑस्ट्रेलिया में लॉन्च किया गया था। जल्द ही इसे अन्य मार्केट्स एवं भाषाओं में लॉन्च किया जाएगा। भारत में यह असिस्टेन्ट शुरूआत में अंग्रेज़ी, हिंदी और 'हिंग्लिश' को सपोर्ट करेगा। यूज़र विभिन्न एक्सेन्ट एवं शैलियों में, अलग-अलग स्टाइल जैसे पेशेवर, सभ्य या दोस्ताना में अपने पर्सनलाइज़्ड असिस्टेन्ट को चुन सकते हैं। ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट किस तरह आपके लिए कॉलिंग को आसान बनाएगा, आप अपने मनचाहे कॉल्स सुन सकेंगे और फ्रॉड एवं स्पैम कॉल्स सुनने से बच सकेंगे, इसके बारे में जानकारी के लिए विज़िट करें।

# छात्रों की संख्या कम बता स्पोर्ट्स फंड से नहीं बच पाएंगे निजी स्कूल

## फंड जमा करवाए बिना प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**स्पोर्ट्स** फंड जमा कराने में आनाकानी करने वाले स्कूलों पर शिक्षा विभाग की नजर है। स्कूलों को स्पोर्ट्स फंड हर हाल में जमा कराना ही होगा। ज्यादातर निजी स्कूल फंड जमा कराने में आनाकानी करते हैं या छात्रों की संख्या कम बताकर फंड में कटौती की फिराक में रहते हैं। ऐसे में इस धांधली पर नकेल कसने के लिए शिक्षा विभाग ने एमआइएस पोर्टल से छात्रों की संख्या का डाटा जुटाया है। स्पोर्ट्स फंड जमा कराने के लिए रिकॉर्ड भी मांगा है। फंड में जमा कराने में धांधली करने वाले स्कूल कार्रवाई में दायरे में आएंगे।

**नियम के अनुसार निजी** स्कूलों को खेल सुविधा के नाम पर फीस में अभिभावकों से स्पोर्ट्स फंड के रूप में वसूला पैसा शिक्षा विभाग के पास जमा कराना होता है।

लेकिन जिले के ज्यादातर स्कूलों ने इस फंड के लाखों रुपये जमा नहीं कराए। जबकि ये स्कूल अभिभावकों से स्पोर्ट्स फंड के नाम पर मोटी फीस वसूल करते हैं। स्कूलों की मनमानी के कारण इन स्कूलों के छात्रों का नुकसान होता है। वे खेलों में भागीदारी नहीं कर पाते। इस बार जिला खेल प्रतियोगिता अगस्त के पहले सप्ताह में होनी है। जबकि अब तक अधिकतर स्कूलों ने फीस जमा नहीं कराई है। ऐसे में खेलों के प्रति उनकी सजगता का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

> “ स्कूलों को तय समय पर फंड जमा कराना होगा। छात्रों की सटीक संख्या के लिए एमआइएस पोर्टल से छात्र संख्या का रिकॉर्ड लिया गया है। स्कूलों से पिछले पांच साल का रिकॉर्ड भी मांगा गया है। जो स्कूल फंड जमा नहीं कराएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अशोक बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी**

### फंड जमा नहीं कराया तो प्रतियोगिता के रहेंगे वंचित

अगस्त के पहले सप्ताह में जिला खेल प्रतियोगिता प्रस्तावित है। विभाग ने सभी स्कूल मुखियाओं से कहा है कि वे अपना स्पोर्ट्स फंड अवश्य जमा कराएं, इसके बिना खेलों में प्रतिभागिता की अनुमति नहीं होगी। ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ स्कूल छात्र संख्या के बारे में सही जानकारी उपलब्ध नहीं करवाते। जिस कारण स्कूलों द्वारा पूरी फीस जमा नहीं करवाई जाती।

### कक्षा अनुसार तय फंड

विभाग के मुताबिक किसी भी स्कूल को कक्षा छह से आठ तक के छात्रों की स्पोर्ट्स फीस 10 रुपये प्रति छात्र जमा करानी होगी और फीस उस कक्षा में जितने छात्र होंगे उतने ही छात्रों की जमा होती है। वहीं कक्षा नौवीं से दसवीं के छात्रों को 30 रुपये और 11वीं व 12वीं साइंस के छात्रों को 90 रुपये, आर्ट के छात्रों को 60 रुपये और कॉमर्स के छात्रों को 72 रुपये फीस जमा करानी होगी।

# कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसान 23 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद।

**डीसी** विक्रम सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान



फसल अवशेष प्रबंधन के लिए इन सीटू क्रोप रेजीडयू मैनेजमेंट स्कीम के तहत 50 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि व्यक्तिगत लाभार्थी किसान के लिए व 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि कस्टम हायरिंग सेंटर/एफपीओ स्थापना के लिए स्कीम के निर्देशानुसार कृषि यंत्र अनुदान पर दिए जा रहे हैं।

कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा की वेबसाइट पर 23 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। व्यक्तिगत किसान के लिए आवेदन के लिए वांछित कागजात परिवार पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाते कि प्रति ट्रैक्टर की वैध आरसी जिला फरीदाबाद/हरियाणा में पंजीकृत, जमीन के विवरण की प्रति किसान द्वारा स्वयं घोषणा पत्र की कृषि यंत्र पर पिछले दो वर्षों के दौरान 2021-22 व 2022-23 में किसी भी स्कीम में अनुदान का लाभ न लिया हो व फसल अवशेषों में आग न लगाई हो। अनुसूचित जाति से संबंधित किसानों के लिए जाति प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य है।

# एयरपोर्ट को फरीदाबाद से जोड़ने वाले ग्रीन हाईवे के निर्माण में आएगी तेजी

## बल्लभगढ़ से नोएडा एयरपोर्ट का सफर 20 मिनट में तय होगा

### एक्सप्रेसवे को बल्लभगढ़ सेक्टर-65 के पास नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अंतरराष्ट्रीय** नोएडा एयरपोर्ट को फरीदाबाद से जोड़ने के लिए बनने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसके लिए एनएचएआई की ओर से मोहना गांव के पास कास्टिंग यार्ड तैयार किया गया है। प्री कास्टिंग का काम शुरू कर दिया गया है। इससे निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।

बाईपास रोड पर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है। इस एक्सप्रेसवे को बल्लभगढ़ सेक्टर-65 के पास नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। इसके लिए बनाई जाने वाली सड़क का नाम ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसव रखा गया है। इसके माध्यम से बल्लभगढ़ से नोएडा एयरपोर्ट का सफर 15 से 20 मिनट में तय किया जाएगा। इसके लिए 12 गांवों की जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। इनमें सोतई, मच्छगर, बहबलपुर, फफूंदा, पन्हेड़ा खुर्द, गढखेड़ा, नरहावली, छांयसा, हीरापुर, नरियाला, मोहना, बागपुर, नंगलिया, सोलड़ा और भोलड़ा की 1000 एकड़ जमीन है। इस एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 31 किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 24 किलोमीटर हिस्सा हरियाणा के अंदर है बाकी हिस्सा यूपी में होगा। निर्माणाधीन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे लिंक रोड से शुरू होकर ये एक्सप्रेसवे फरीदाबाद के 12 गांवों से होते हुए कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे व यमुना एक्सप्रेसवे को पार करते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंचेगा। इस योजना पर करीब 1600 करोड़ रुपये लागत आएगी। एक्सप्रेसवे के निर्माण को लेकर तैयारियां चल रही हैं।

### एक्सप्रेसवे पर तीन जगह बनाए गए कास्टिंग यार्ड

**एक्सप्रेसवे** पर तीन जगहों पर कास्टिंग यार्ड बनाए गए हैं। फरीदाबाद में मास्टर प्लान 2031 के तहत भविष्य में विकसित होने वाली सड़कों और एक्सप्रेसवे के रूट में आने वाले रास्तों पर अंडरपास व फ्लाईओवर बनाए जाने हैं। इसके साथ केजीपी के पास इंटरचेंज भी बनाया जाना है। इन जगहों पर इस्तेमाल होने वाले गर्डर, अंडरपास व फ्लाईओवर की दीवार में इस्तेमाल होने वाले कंक्रीट के स्लैब आदि बनाने का काम कास्टिंग यार्ड में शुरू कर दिया गया है। यहां पर इन्हें पहले ही तैयार किया जा रहा है। जिस साइट पर इनकी जरूरत होगी, निर्माण के दौरान वहां इन्हें पहुंचा दिया जाएगा। एनएचएआई के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, एक्सप्रेसवे के निर्माण की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। रूट पर वाहनों के आने-जाने के लिए रास्ते भी तैयार किए जा रहे हैं।

# जंगली व बिल्ला के फर्जी पासपोर्ट बनाने वाला आरोपी गुरुग्राम से दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी ब्रह्मप्रकाश की टीम ने फिरौती, लूट, स्नैचिंग, लडाई-झगडे व अवैध हथियार के मामलो में संलिप्त आरोपी हिमांशु उर्फ जंगली, मनोज उर्फ बिल्ला के फर्जी पासपोर्ट और आधार कार्ड बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी मनोज को टीम ने सूचना से गुरुग्राम की कृष्णा कॉलोनी से 17 जुलाई को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मूल रूप से रेवाडी के कुमरोधा का रहने वाला है, वह पिछले 15 साल से गुरुग्राम में रह रहा है। वर्ष 2010 से लगातार आधार कार्ड, पासपोर्ट व पेन कार्ड बनाने का काम भीम नगर चौक पर करता था। उस समय सरकार ने आधार कार्ड बनाने का प्राइवेट संस्थाओं को ठेका दिया हुआ था। गांव व शहर के प्रधान, सरपंच व किसी पार्षद या संस्था के अधिकारी द्वारा लेटर पैड पर लिखकर देने पर आधार कार्ड आसानी से बन जाते थे। आरोपी की वर्ष 2015-16 में जंगली व बिल्ला से दोस्ती हो गई थी।

# पहले पति को छोड़ धोखेबाज पत्नी ने रचाई दूसरी शादी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



### ससुराल से जेवर, कपड़े तक उठा ले गई, विवाह को हो चुके थे 13 साल, केस दर्ज

**एक** विवाहित महिला ने अपने पति को धोखा देकर अपने परिजनों के साथ मिलकर दूसरी शादी कर ली। महिला पहले वाले पति के घर से कपड़े और सोने चांदी के जेवर भी ले गई। पुलिस ने उसके पति की शिकायत पर महिला समेत छह के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार के अनुसार मीरपुर कोराली निवासी अरुण कुमार ने कोर्ट में दायर इस्तगासा में कहा है कि उसकी शादी 17 मई 2009 को सुलतानपुर निवासी सरिता के साथ हुई थी। सरिता की दो बहनों की शादी भी उसके दो भाइयों के साथ हुई है और वे हंसी-खुशी रह रही हैं। उसकी पत्नी जब अपने मायके चली गई तो वह और उसका पिता सरिता को लेने ससुराल पहुंचे। सरिता के परिजनों ने उनके साथ हाथापाई की और जान से मारने की धमकी दी।

अरुण कुमार का कहना है कि उसके ससुर ओमप्रकाश, सास जगनदेवी व ओमप्रकाश के साले गिर्राज ने मिलीभगत करके उसकी पत्नी की गैर कानूनी तरीके से गुरुग्राम के बिस्सर गांव निवासी राकेश के साथ 16 फरवरी 2023 को शादी करा दी। इसके लिए ससुर ओमप्रकाश व साले कर्मबीर ने षडयंत्र रचा है। उसका अपनी पत्नी से कोई तलाक नहीं हुआ तो वह दूसरी शादी नहीं कर सकती है। सभी आरोपियों ने मिलकर गैर कानूनी तरीके से शादी कराई है।

अरुण का आरोप है कि उसकी पत्नी अपने साथ चार तोला सोना, 20 तोला चांदी, सोने की चेन, सोने की दो अंगूठी, झुमकी, कुंडल व 21 जोड़ी कपड़े लेकर गई थी। उसने एक मार्च को हसनपुर थाना में इसको लेकर शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। इसके बाद उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब कोर्ट के आदेश पर हसनपुर थाना पुलिस ने अरुण कुमार की पत्नी सरिता, ससुर ओमप्रकाश, सास जगनदेवी, पत्नी के मामा गिर्राज, साले कर्मबीर, दूसरे पति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

### पानी हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी : मंजू रानी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**जल** जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत पिंगौड के आंगनबाड़ी केंद्र में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने महिलाओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। खंड समन्वयक मंजू रानी ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि पानी हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। पानी के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। पानी जीव जंतु, पक्षियों व पेड़-पौधों के जीवन के लिए अत्यंत जरूरी है। इसलिए कहा जाता है कि यदि जल है तो जीवन संभव है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर लगभग 71 प्रतिशत पानी है। इसी प्रकार शास्त्रों में भी पानी को पिता और धरती को माता की संज्ञा दी गई है। यदि जल है तो कल है। इसके बावजूद भी पानी बहुत बर्बाद हो रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पानी के संकट का हल तभी संभव है कि जब पानी की कमान महिलाएं संभालें। पानी के बिना सुनहरे कल की कल्पना भी नहीं कर सकते। इसलिए हमें पानी का सदुपयोग करना चाहिए तथा पानी का उतना ही प्रयोग करें, जितना हमें जरूरत है। घर की साफ-सफाई, पशु को नहलाने और गाड़ी वाश करने में खुले पाइप के स्थान पर बाल्टी और डिब्बे का ही प्रयोग करना चाहिए। खंड समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि पानी के साथ-साथ हमें पानी की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसी कड़ी में उन्होंने महिलाओं को पानी जांच करने के लिए एफटीके के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी, ताकि महिलाएं पानी की स्वयं ही जांच कर सकें। महिलाओं को अशुद्ध पानी से होने वाली बीमारियों व सावधानियों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर कुसुमलता, रजनी, मनीषा, अंजलि, प्रेमवती, शीला देवी, सुमनलता, कृष्णा देवी, पूनम व अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# डीसी विक्रम सिंह ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

**फरीदाबाद।** डीसी कम जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में नशा बेचने वालों की अब खैर नहीं है। जो भी नशा बेचने वालों की सूचना देगा, उसका नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ना अच्छे जीवन की निशानी है। राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र का हेल्पलाइन नंबर 14446 है। नशा मुक्ति के अभियान के लिए युवा आगे आएं। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी नशे से दूर रहें। डीसी बुधवार को सेक्टर-14 स्थित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण कर रहे थे। डीसी ने नशामुक्ति केंद्र की इन्चार्ज ज्योति गुंबर से नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल मरीजों के बारे में जानकारी ली। वहीं नशा-मुक्ति केंद्र की स्थापना, बिस्तरों की संख्या, स्टाफ की तैनाती, नशा छुड़वाने से संबंधित दवाइयों की जानकारी बारीकी से ली। उन्होंने मरीजों को डेलीबेसिज पर दी जाने वाली दवाओं की रिकॉर्ड की जांच भी की। निरीक्षण के दौरान केंद्र में आठ मरीज भर्ती मिले।

# महिलाओं को कानून की जागरूकता के लिए आयोजित की कार्यशाला



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए के चेयरमैन पुनीश जिंदीया के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव कुनाल गर्ग नेतृत्व में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से महिलाओं की जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन सेक्टर-2 पलवल स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में किया गया।

शिविर का संचालन संस्थान के प्रधानाचार्य अमीतेश पारसवाल की मौजूगी में किया गया। पैनल अधिवक्ता रिचा एडवोकेट ने आईपीसी में महिलाओं के लिए वर्णित धाराओं 498-ए, 354, 376, 363, 366, 377 के साथ-साथ पोक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं कार्यस्थल पर महिलाओं की यौन अपराधों से सुरक्षा अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता गीता ने उपस्थित छात्राओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम व पीड़ित के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में महिला हेल्पलाइन नंबर-1091, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930, पुलिस हेल्पलाइन नंबर-112, एबुलेंस हेल्पलाइन नंबर-108, वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन नंबर-181, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पलवल से कानूनी सहायता हेल्पलाइन नंबर-01275-298003 के बारे में विस्तार पूर्वक जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिंदगी की खुशियां फाउंडेशन से मंजूर अहमद व उनकी टीम, सखी सहेली फाउंडेशन से अनीता भारद्वाज, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रवीण, पैनल अधिक्ता रणसिंह तेवतिया व स्कूल का सभी स्टाफ मौजूद रहा। इस मौके पर लघु फिल्म दिखाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### माइक्रो इरिगेशन से खेतों में आसानी से की जा सकेगी सिंचाई



**पलवल।** बताया कि भूमिगत जल का स्तर दिन प्रतिदिन नीचे जा रहा है, अगर जलस्तर ऐसे ही नीचे जाता रहा तो एक दिन हमें पीने के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं होगा। इसलिए इस समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा काफी महत्वपूर्ण योजना माइक्रो इरिगेशन चलाई जा रही है। डीसी नेहा सिंह ने कि इस योजना के अंतर्गत मिकाडा विभाग द्वारा उटावड़ डिस्ट्रीब्यूट्री के मोगा नंबर-8835-आर पर सोलर पावर आधारित कम्युनिटी बेस्ड माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य लगभग चार करोड़ 93 लाख 23 हजार रुपए की लागत से होना है। इस माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट के निर्माण से पलवल खंड के गांव किशोरपुर व अतरचटा और हथीन खंड के गांव राजूपुर व मंडकोला की लगभग 344 एकड़ भूमि की सिंचाई होगी, जिससे 50 प्रतिशत पानी की बचत के अलावा बिजली खपत की भी बचत होगी तथा कम समय में सिंचाई करने में आसानी होगी। इस योजना के अंतर्गत पलवल जिला के किसानों को शत प्रतिशत सब्सिडी 85 प्रतिशत मिकाडा विभाग द्वारा तथा 15 प्रतिशत अटल भूजल द्वारा दी जा रही है।

### थाना भूपानी की टीम ने संस्था की मदद से सूखा राशन बांटा



**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश पर फरीदाबाद पुलिस बाढ़ से प्रभावित हुए गरीब परिवारों के घरों तक सुखा राशन पहुंचा रही है। थाना भूपानी प्रबंधक रणधीर सिंह और उनकी टीम ने आदर्श फाउंडेशन फरीदाबाद की तरफ से थाना भूपानी के एरिया में बाढ़ से प्रभावित हुए करीब 60 परिवारों को सुखा राशन बांटकर सराहनीय कार्य किया है। जो लोग यमुना के पानी से आई बाढ़ के कारण घरों में पानी भरने के कारण राशन की कमी से जूझ रहे हैं, बहुत ही तंगहाली में अपना जीवन बसर कर रहे हैं, उनकी सहायता की गई। राशन में आटा, चावल, दालें, चीनी, सरसों का तेल व नमक, हल्दी, मिर्च व बिस्कुट वैगरा शामिल थे। करीब 10-15 दिनों का राशन अपनी टीम सहित भूपानी वाटिका में ठहरे लोगों, महिलाओं, बच्चों को जाकर राशन उपलब्ध कराया गया।

### जाम से निपटने के लिए भारी वाहनों की सुबह शाम रहेगी नो-एंट्री



**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के निर्देश पर यातायात पुलिस की तरफ से यातायात को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें फरीदाबाद में ट्रैफिक जाम को लेकर शहर में भारी वाहनों की पार्किंग को लेकर लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए शहर में नो-एंट्री का समय निरधारित किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रैफिक जाम को लेकर पीक ऑवर का समय सुनिश्चित किया गया है। जिसमें सुबह सात से 11 व शाम चार से रात्रि नौ बजे तक शहर में नो-एंट्री रहेगी। इसमें कुछ स्पेशल वाहनों को छूट दी गई है। जिसमें आवश्यक वस्तुओं जैसे फल, सब्जी, दूध, दवाई, फ्यूल इत्यादि ले जाने वाले वाहनों को आवागमन में मिलेगी छूट। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के खिलाफ फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक ध्यान दें और अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए एडवाइजरी के मुताबिक फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें।

# केएमपी पर हादसे में ड्राइवर की हुई मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

### आगे जा रहे ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा

**कुंडली**-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा के निकट एक ट्रेलर ने दूसरे ट्रेलर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक के ड्राइवर की दुर्घटना में लगी चोटों के कारण अस्पताल में मौत हो हई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर दूसरे ट्रेलर के ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों के हवाले कर दिया।

सदर थाना प्रभारी विश्व गौरव के अनुसार जिला गुरुग्राम के पथरेडी गांव निवासी चांद सिंह ने दी शिकायत में कहा है कि वह ड्राइवरी का काम करता है और उसका भाई सुभाष भी ड्राइवर था। 18 जुलाई को उसका भाई सुभाष अपने मारुति ट्रेलर में माल लेकर मद्रास से सहारनपुर (यूपी) जा रहा था। जब उसके भाई की गाड़ी केएमपी एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा के निकट पहुंची तो उसके आगे चल रहे ट्रेलर के ड्राइवर ने अचानक से ब्रेक लगा दिए। उसके भाई का ट्रेलर उससे टकरा गया और सुभाष को इसमें गंभीर चोटें आईं। डॉक्टरों ने गंभीर हालत में सुभाष को दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के मनोमय जैन का सीयूईटी में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अभिनंदन

### सीयूईटी परीक्षा में छह विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश के टॉप चार छात्रों में मनोमय जैन शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**डीपीएस** ग्रेटर फरीदाबाद स्कूल के वर्ष 2023 में 12वीं कक्षा में हरियाणा में टॉप करने वाले छात्र मनोमय जैन ने एक बार फिर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। मनोमय जैन ने सीयूईटी की परीक्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। सीयूईटी की परीक्षा में मनोमय जैन द्वारा छह विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में टॉप चार में अपनी जगह बनाई है। उनकी इस उपलब्धि पर डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के प्रो वाइस चेयरमैन रोहित जैन ने उन्हें बधाई देते हुए उनकी सफलता का स्कूल में जश्न मनाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रोहित जैन ने कहा कि डीपीएस ग्रेटर ने हमेशा विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाता है, ताकि वे सफलता के शीर्ष पर पहुंच सकें। वहीं छत्र मनोमय जैन ने भी डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद प्रबंधन, अध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल में जिस तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र का ज्ञान अर्जित करने का उन्हें मौका मिला, उसी का परिणाम है कि वे आज सफलता के इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन द्वारा मनोमय जैन की सफलता का जश्न धूमधाम से मनाया गया। रोहित जैनेंद्र जैन द्वारा मनोमय जैन को छह विषयों में 100 प्रतिशत स्कोर प्राप्ति पर बधाई दी।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 20 जुलाई, 2023



# विपक्षी एकता

## बैंगलुरू सम्मेलन

**बैंगलुरू** सम्मेलन में भाग लेने वाले विपक्षी दलों की संख्या पटना में 16 की तुलना में बढ़ कर 26 हो गई, लेकिन सवाल है कि क्या वे एकजुट बने रहेंगे? बैंगलुरू में विपक्षी एकता का प्रदर्शन सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटना है और सत्तारूढ़ भाजपा को इस पर गौर करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैठक पर व्यंग्य करते हुए कहा है कि यह 'भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति' का गठजोड़ है। विपक्षी मोर्चे ने अपना नाम 'इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव एलायंस'-इंडिया रखा है, हालांकि वामपंथी दलों ने 'गठबंधन' शब्द पर पुनर्विचार की प्रार्थना की थी। नेताओं ने बंद कमरे में बातचीत का एजेंडा तय करने के लिए बैठक की जिनमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, एम.के. स्टालिन, नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन, ममता बनर्जी व लालू प्रसाद शामिल हैं। इस सम्मेलन से एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात सामने आई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बयान दिया कि उनकी पार्टी की दिलचस्पी सत्ता या प्रधानमंत्री पद में नहीं है। लेकिन संभवत: सोनिया गांधी को मोर्चे का अध्यक्ष बनाया जाएगा और नीतीश कुमार उसके समन्वयक होंगे। पार्टियों से एक 'न्यूनतम साझा कार्यक्रम' हेतु सुझाव देने को कहा गया है। विपक्षी नेताओं के बीच चर्चा का विषय लोकतंत्र व संघवाद 'बचाने' के लिए अगले चुनाव में भाजपा को हराना रहा। कर्नाटक में कांग्रेस की विजय से विपक्ष को ऊर्जा मिली है और उससे इस पार्टी को विपक्षी दलों के बीच प्रमुख स्थान मिल गया है। मजेदार बात है कि कांग्रेस ने सम्मेलन में 'लो प्रोफाइल' रखते हुए दूसरे नेताओं के विचारों के प्रति खुलापन दिखाया। इस प्रकार उसने सबके साथ सहयोग करने की इच्छा प्रदर्शित की है जिसमें केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का समर्थन शामिल है।




वास्तव में हालिया बैंगलुरू सम्मेलन ने अनेक प्रकार के राजनेताओं को साथ लाने तथा ज्यादा एकजुट व प्रभावी विपक्षी मोर्चा बनाने का प्रयास किया है। इस सम्मेलन ने विपक्षी पार्टियों को एक मंच प्रदान किया ताकि वे अपने मतभेदों को दूर कर रणनीति बनाते हुए देश के भविष्य का विश्वसनीय वैकल्पिक दृष्टिकोण पेश करें। इस सम्मेलन से अनेक महत्वपूर्ण बातें सामने आईं जिन पर ध्यान देने व उनके विश्लेषण की जरूरत है। यह विभिन्न पार्टियों के बीच एकता का प्रदर्शन था। ऐसा लगता है कि अपने वैचारिक मतभेदों व क्षेत्रीय हितों के बावजूद नेताओं ने अपनी महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगा कर भाजपा से मुकाबले के लिए हाथ मिलाए। सम्मेलन में सरकार के प्रति विपक्षी नेताओं में अभूतपूर्व स्तर की सहमति दिखी। नेताओं ने वादा किया कि वे एकसाथ अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, किसानों की परेशानी, स्वास्थ्यरक्षा व नागरिक स्वतंत्रताओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करेंगे। हालांकि, बैंगलुरू सम्मेलन की सच्ची सफलता का आंकलन अगले चुनाव में इसके पड़ने वाले प्रभाव से किया जाएगा। लेकिन 2024 का रास्ता आसान नहीं है। सम्मेलन के ठीक पहले द्रमुक के एक मंत्री के आवास एवं कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने छापा मारा। संभवत: विपक्ष को ऐसे अनेक छापों का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही विभिन्न पार्टियों के बीच परस्पर विरोधी हितों के बीच सामंजस्य बैठाना आसान नहीं होगा। सीटों के साझे तथा प्रधानमंत्री उम्मीदवार के मुख्य प्रश्न पर सहमति बनना आसान नहीं होगा। जैसा कि हमने अतीत में देखा है, ऐसे गठबंधन अपनी प्रकृति से ही भंगुर होते हैं। इसके बावजूद एक शुरुआत हुई है और मोटेतौर से इसे देश के लिए ठीक कहा जा सकता है।

# समान नागरिक संहिता पर मतभेद

**धार्मिक पर्सनल कानूनों की समाप्ति व समान नागरिक संहिता-यूसीसी लागू करने से खासकर एकजुटता के दृष्टिकोण से उद्देश्य पूरा नहीं होगा।**



**एम.जे. वारसी**
(लेखक, एएमयू में भाषाविज्ञान विभागाध्यक्ष हैं)



भारतीय राज्य ने धार्मिक समूहों को बिना सरकार के हस्तक्षेप के अपने धर्मों के व्यवहार की अनुमति दी है, फिर चाहे वे बहुसंख्यक हों या अल्पसंख्यक। धार्मिक व्यवहार की इस स्वतंत्रता के दृष्टिकोण से समान नागरिक संहिता-यूसीसी की अवधारणा सच्चे भारत के विकास के लिए जरूरी बताई जा रही है, जैसे कि यह मुसलमानों को भारतीय समाज की मुख्यधारा में लोने का एकमात्र रास्ता हो। समान नागरिक संहिता के पैरोकारों का एक और बड़ा फोकस यह ह कि मुस्लिम महिलायें उत्पीड़ित हैं तथा मुस्लिम पर्सनल ला में उनके खिलाफ भेदभाव होता है। उल्लेखनीय है कि यह पर्सनल ला के अस्तित्व पर हमला होने के साथ ही खासकर मुस्लिम पर्सनल ला पर हमला है। बहुविवाह तथा तलाक के बाद रखरखाव बहस में बहुत विवादास्पद विषय बन गए हैं।

इस लेख का उद्देश्य मुस्लिम पर्सनल ला के विस्तृत विवरणों के बजाय कानून के अस्तित्व के मैक्रो-राजनीतिक व सामाजिक प्रभावों पर गौर करना है। यूसीसी के समर्थकों ने तर्क दिया है कि मुस्लिम महिलाओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है जिनका कारण मुख्यत: मुस्लिम पर्सनल ला हैं। उनका तर्क है कि इस्लामी कानून में बहुविवाह व तीन तलाक महिलाओं के खिलाफ स्पष्ट भेदभाव करते हैं। यूसीसी-समर्थकों के बीच इन मुद्दों को बहुत महत्व मिलता है क्योंकि ये महिला के मानवाधिकारों का प्रत्यक्ष उल्लंघन हैं। लेकिन मुख्यत: इसी कारण से मुसलमान इस मुद्दे पर समझौते से इनकार करते हैं। लेकिन कुछ प्रमुख कारण हैं कि मुस्लिम पर्सनल ला समाप्त होने से यूसीसी समर्थकों के ये लक्ष्य पूरे नहीं होंगे। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से देखने पर स्पष्ट होगा कि मुस्लिम पर्सनल ला की समाप्ति आसान नहीं होगी। इससे भारत में मुसलमानों की एकता का लक्ष्य भी आगे नहीं बढ़ेगा क्योंकि भारत के मुसलमान 1949 में भारतीय संविधान बनने के बहुत पहले से इन कानूनों का आनन्द उठा रहे हैं।

मुस्लिम परिवार कानूनों का संबंध विवाह, तलाक, दहेज, रखरखाव, विरासत, दत्तक ग्रहण, वसीयतों और संरक्षकत्व, आदि से है जो दक्षिण एशिया में 13वीं शताब्दी के बाद से इस्लामी शासन के समय से लागू हैं। इन कानूनों को अंग्रेजों ने भी खासकर बीसवीं शताब्दी के पहले तीन दशकों में लागू किया था। स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान बार-बार मुस्लिम पर्सनल ला तथा संवैधानिक सुरक्षा मानकों के लागू करने पर चिन्ता प्रकट की गई थी। गांधी व नेहरू समेत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं ने बार-बार मुस्लिम समुदाय को इस मुद्दे पर आश्वासन दिया था। मुस्लिम आधुनिक भारतीय समाज का अभिन्न अंग हैं। 1939 से लेकर 1946 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष सर्वोच्च सम्मान प्राप्त मुस्लिम धार्मिक विद्वान मौलाना अबुल कलाम आजाद थे। अनेक अन्य मुस्लिम एक्टिविस्टों व सामाजिक विचारकों ने इस कालखंड में प्रमुख योगदान किया जिनमें मुहम्मद इस्माइल व मौलाना हुसेन अहमद मदनी शामिल हैं।

बहुसंख्य भारतीय मुस्लिम विद्वानों ने पाकिस्तान के विचार को 'बहुत अलगाववादी' बता कर खारिज कर दिया था और उन्होंने एकजुट भारत का समर्थन किया जहां सांस्कृतिक व धार्मिक विविधता के प्रति सहिष्णुता थी। इस प्रकार मुसलमानों में भारतीयता की कमी तथा उनके पर्सनल ला को 'अलगाववादी' कहने का कोई आधार नहीं है। राष्ट्रवाद के विचार में बहुत स्पष्ट है कि साझा राष्ट्रीयता की भावना साझा संस्कृति की भावना से पैदा होती है। हमें समझना चाहिए कि इसका सुझाव ऐसे देश में दिया जा रहा है जो एक सर्वाधिक भाषाई, धार्मिक व सांस्कृतिक आयामों की विविधता वाला देश है। इसके साथ ही राष्ट्र की अवधारणा का संबंध समुदायों के पर्सनल ला पर विधायन से है। इसका एक बेहतर उदाहरण 1971 में बांग्लादेश का पाकिस्तान से अलग होना है। इस मामले में दो दक्षिण एशियाई मुस्लिम देश थे जो मोटेतौर से समान पर्सनल कानूनों का पालन करते थे, पर इसके बावजूद वे एक नहीं रह सके।

पर्सनल ला को कभी एकजुट करने वाली शक्ति नहीं माना गया। यह विचार आधुनिक भारतीय समाज पर भी लागू होता है। पर्सनल ला विधायन के बाहर अनेक ऐसी चीजें हैं जो मुसलमानों को उनके हिंदू पड़ोसियों से अलग करती हैं और वे पर्सनल ला की तुलना में ज्यादा 'सामाजिक-सांस्कृतिक अलगाववाद' पैदा कर सकती हैं। उदाहरणार्थ, पर्सनल ला या उनके बिना भी मुसलमान अपनी सामूहिक प्रार्थना के लिए अलग स्थान रख सकते हैं जो दूसरों के धार्मिक व्यवहार से एकदम अलग होगा। वे रमजान के पूरे महीने सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रख सकते हैं। उनके मुर्दों को जलाने के बजाय दफन किया जाएगा। इसके अलावा त्रिशूल या भगवा रंग के बजाय ज्यादा सामान्य हरा रंग व चांद, मुसलमानों की अलग पहचान बताते रहेंगे।

संभवत: समस्या के विस्तृत व वस्तुनिष्ठ विश्लेषण के बजाय यूसीसी के समर्थक समुदाय की पहचान में मुस्लिम पर्सनल ला को ज्यादा महत्व देते हैं। समुदायों में बहुविवाह व तलाक जैसे तर्क संदर्भ से जुड़े हैं। अन्य समस्याओं के साथ यह मुद्दा न केवल मुस्लिम महिलाओं, बल्कि भारतीय महिलाओं को प्रभावित करता है। यूसीसी समर्थकों का कहना है कि ऐसे व्यवहार के लिए मुस्लिम पर्सनल ला जिम्मेदार हैं, जबकि हिंदू व सिख महिलायें भी इससे प्रभावित होती हैं। हालांकि, महिलाओं के प्रति भेदभाव वाले हिंदू कानूनों को बदला गया है, पर यह स्पष्ट है कि महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक स्तर उन महिलाओं की तुलना में बेहतर नहीं हुआ है जो मुस्लिम पर्सनल ला के अंतर्गत रहती हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे स्पष्ट होता है कि महिला अधिकारों को प्राथमिकता देने के लिए धर्मिक पर्सनल ला समाप्त करने के बजाय सामाजिक व आर्थिक सुधारों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। आरएसएसएस द्वारा यूसीसी के क्रियान्वयन का आधार बहुविवाह और महिलाओं पर उसके उत्पीड़क प्रभाव को बताया जा रहा है। उसके साहित्य में चयनित ढंग से कुछ उदाहरण दिए जाते हैं जहां मुस्लिम महिलाओं ने बहुविवाह से बचने के लिए हिंदुओं से विवाह किया। लेकिन आरएसएस द्वारा बहुविवाह पर विमर्श तथा मुस्लिम समाज में उसकी व्यापकता के कोई ठोस आधार नहीं हैं।

भारत में महिलाओं की स्थिति, 1975 रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय मुसलमानों व हिंदुओं में बहुविवाह के प्रतिशत में बहुत थोड़ा अंतर है। वास्तव में एक समय आए साहित्य में मुसलमानों की तुलना में हिंदुओं में बहुविवाह का प्रतिशत अधिक पाया गया था। पर्सनल ला के संबंध में हमें यह भी याद रखना चाहिए कि भारतीय युगल हमेशा 1954 में पास स्पेशल मैरिज एक्ट में विवाह कर सकते हैं। इसमें कठोरता से एकविवाह को लागू किया गया है, न्यायेत्तर तलाक का कोई स्थान नहीं है तथा तलाक के मामले में यह पुरुषों व महिलाओं को समान अधिकार देता है। इसलिए जो लोग समझते हैं कि मुस्लिम पर्सनल ला उनको समुचित स्तर की सुरक्षा या न्याय नहीं दे सकता है, वे इस कानून के अंतर्गत विवाह कर सकते हैं।

इससे वे विवाह व तलाक के मामले में इस कानून से शासित होंगे। मूल रूप से पर्सनल ला के अंतर्गत किए विवाह का पंजीकरण भी बाद में स्पेशल मैरिज एक्ट के अंतर्गत किया जा सकता है। यह कानून उन लोगों के लिए है जो धर्म-आधरित कानूनों से असहमत हैं या उनके साथ सामंजस्य नहीं बैठा सकते हैं। लोकतंत्र के दृष्टिकोण से यह विकल्प पूरी तरह युगल की इच्छा पर निर्भर है। यह ऐसा लचीलापन प्रदान करता है जो विरले ही यूसीसी के समर्थकों द्वारा उजागर किया जाता है। संक्षेप में कहा जाए तो पर्सनल ला और समान नागरिक संहिता के मुद्दे अत्यधिक विवादास्पद हैं। हमारा विश्वास है कि धार्मिक पर्सनल ला समाप्त करने तथा यूसीसी स्वीकार करने से खासकर एकजुटता के दृष्टिकोण से उद्देश्यों व लक्ष्यों की पूर्ति नहीं होगी।

इसके बजाय पर्सनल ला पर अत्यधिक उच्च राजनीतीकरण से समकालीन भारतीय समाज में धार्मिक आधार पर ज्यादा टकराव पैदा होगा। इसलिए राजनीतिक, सामाजिक और संभवत: सांप्रदायिक टकरावों के दृष्टिकोण से यूसीसी का क्रियान्वयन निश्चित रूप से भारतीय समाज के सर्वोत्तम हित में नहीं होगा।

# घातक होने के बावजूद अत्यधिक प्रचलित तंबाकू

> तम्बाकू उद्योग विज्ञापन, विपणन और प्रचार के माध्यम से अपने उत्पादों के खतरों को छिपाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

**आर सी जिलोहा**
(लेखक, दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर हैं)



एक स्पेनिश नाविक, क्रिस्टोफर कोलंबस, ने 1492 में अमेरिका की खोज की; उन्होंने यह भी पाया कि अमेरिका के मूल निवासी एक पौधे की पत्तियों का धूम्रपान करते थे, जिसे बाद में तम्बाकू के रूप में पहचाना गया। अगली डेढ़ शताब्दियों में यूरोप और बाकी दुनिया में तम्बाकू का उपयोग तेजी से फैला और इसे 17वीं शताब्दी में भारत में पेश किया गया जब पुर्तगाली निवासियों ने 1605 में इसकी खेती शुरू की। एक उल्लेखनीय इतिहास और स्वचालित विविधता से भरपूर इसका उपयोग - तम्बाकू को धूम्रपान करने के अलावा चबाया जाता है, सूंघा जाता है और स्थानीय रूप से लगाया जाता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि तंबाकू का सेवन एक हानिकारक व्यवहार है लेकिन दुनिया की एक तिहाई वयस्क आबादी इस अजीब व्यवहार को करती है जो न तो जीवन के रखरखाव के लिए आवश्यक है और न ही धार्मिक या आध्यात्मिक आवश्यकताओं की संतुष्टि के लिए। यह एक ऐसा व्यवहार है जिसे तम्बाकू उपयोगकर्ताओं द्वारा भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और यहां तक कि घृणित रूप से अरुचिकर माना जाता है। कड़े प्रतिबंधों और कड़ी आलोचना के बावजूद तम्बाकू के लगातार उपयोग की सर्वव्यापीता इसकी मजबूत लत क्षमता के कारण है जो इसके उपयोगकर्ताओं को आसानी से छोड़ने की अनुमति नहीं देती है। 800ष्ट के तापमान पर जलने वाली एक जलती हुई सिगरेट, धूम्रपान करने वाले को प्रत्येक कश के साथ गैसों और कई आकार के कणों की गर्म पोटपौरी प्रदान करती है। तंबाकू के धुएं में पहचाने गए 7,000 से अधिक रसायनों के मिश्रण में से, निकोटीन, टार और कार्बन मोनोऑक्साइड कई पैथोफिजियोलॉजिकल स्थितियों के लिए जिम्मेदार मुख्य तत्व हैं। अन्य महत्वपूर्ण रसायनों में भारी धातुएँ शामिल हैं - कैडमियम, सीसा और निकल; आर्सेनिक, फॉर्मेल्डिहाइड, और एन-नाइट्रोसोनोर्निकोटिन (एन), और कई अन्य कार्सिनोजेन। धुआं रहित तम्बाकू में 4,000 रसायनों का मिश्रण होता है, जिनमें 30 कार्सिनोजन भी शामिल हैं। कैंसर के अलावा तम्बाकू कोरोनरी हृदय रोग, स्ट्रोक, परिधीय और सेरेब्रोवास्कुलर रोग, फेफड़ों के रोग, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और निमोनिया का कारण बनता है।

धूम्रपान से अस्थमा बिगड़ता है या लम्बा खिंचता है और पुरुषों में स्तंभन दोष का कारण बनता है। निकोटीन सभी तम्बाकू उत्पादों में मौजूद एक अत्यधिक नशीला रसायन है और लोगों को तम्बाकू उत्पादों का उपयोग करने से रोकता है।

बाध्यकारी लालसा के कारण, तम्बाकू का सेवन भोजन और आश्रय जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए घरेलू खर्च पर प्राथमिकता लेता है। कुल 1.3 अरब वैश्विक तम्बाकू उपयोगकर्ताओं में से 80 प्रतिशत से अधिक निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं, जहाँ तम्बाकू से संबंधित बीमारी और मृत्यु का बोझ सबसे अधिक है और गरीबी में और योगदान देता है। तम्बाकू के उपयोग की आर्थिक लागत पर्याप्त है और इसमें तम्बाकू के उपयोग से होने वाली बीमारियों के इलाज के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल लागत के साथ-साथ तम्बाकू के कारण होने वाली रुग्णता और मृत्यु दर के परिणामस्वरूप होने वाली मानव पूंजी की हानि भी शामिल है। हर साल, तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण 8 मिलियन से अधिक लोग मर जाते हैं, जिनमें से लगभग 1.2 मिलियन लोग धूम्रपान के संपर्क में आने से मर जाते हैं, जो दुनिया के सामने अब तक आए सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक है।

तम्बाकू से होने वाली मानवीय और आर्थिक क्षति गंभीर है, लेकिन इसे रोका जा सकता है। तंबाकू उद्योग इंटरनेट और सोशल मीडिया पर अत्यधिक निर्भर चैनलों के माध्यम से विज्ञापन, विपणन और प्रचार के माध्यम से अपने उत्पादों के खतरों को छिपाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इन उत्पादों के इर्द-गिर्द अधिकांश विपणन भ्रामक स्वास्थ्य दावों, समाप्ति प्रभावकारिता पर भ्रामक दावों और युवाओं को लक्षित करने के बारे में चिंता को जन्म देता है। ये उत्पाद उपयोगकर्ताओं को विषाक्त उत्सर्जन के संपर्क में लाते हैं, जिनमें से कई बिना किसी सबूत के कैंसर का कारण बनते हैं, पारंपरिक सिगरेट की तुलना में कम हानिकारक होते हैं। इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम जिसे आमतौर पर ई-सिगरेट के रूप में जाना जाता है, ऐसे उपकरण हैं जो उपयोगकर्ता द्वारा सांस लेने वाले एरोसोल बनाने के लिए एक तरल को गर्म करते हैं। ई-सिगरेट स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और विशेष रूप से बच्चों और किशोरों में हृदय और फेफड़ों की बीमारियों के लिए जोखिम भरा है। गर्भावस्था के दौरान बढ़ते भ्रूण के लिए भी ये जोखिम भरे होते हैं।

2003 में, डब्लूएचओ के सदस्य देशों ने तंबाकू नियंत्रण पर फ्रेमवर्क कन्वेंशन (एफसीटीसी) को अपनाया। उसी वर्ष, भारत ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापनों का निषेध, और व्यापार और वाणिज्य का विनियमन, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण) अधिनियम, 2003 लागू किया। 2004 में भारत डब्लूएचओ के फ्रेमवर्क कन्वेंशन का एक पक्ष बन गया। वर्तमान में, एफसीटीसी में 182 पार्टियां हैं जो दुनिया की 90 प्रतिशत से अधिक आबादी को कवर करती हैं। भारत धूम्रपान-मुक्त नीतियों को लागू करके तंबाकू नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 2007 में, डब्लूएचओ ने मांग में कमी प्रावधानों के कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए व्यावहारिक और लागत प्रभावी उपाय पेश किए, जिसमें तंबाकू के उपयोग की निगरानी और रोकथाम नीतियों, कराधान शामिल हैं। विशेषकर युवाओं और कम आय वाले लोगों के बीच तंबाकू के उपयोग और स्वास्थ्य देखभाल की लागत को कम करने का सबसे किफायती तरीका, जबकि कई देशों में राजस्व में वृद्धि। धूम्रपान और सेकेंड-हैंड धूम्रपान प्रदूषण के स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में बढ़ती जागरूकता ने धूम्रपान की सामाजिक स्वीकार्यता में गिरावट में योगदान दिया है। सार्वजनिक नीतियों ने धूम्रपान और फेफड़ों के कैंसर की दर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, फिर भी हमें तंबाकू मुक्त स्वस्थ समाज बनाने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।

# आप की बात

## अवसरवाद का दौर

**सियासत** में कुछ ऐसी उथल-पुथल देखने को मिली जिसने साबित कर दिया कि राजनीति में सिद्धांत गौण और सत्ता सुख सर्वोपरि है। इसमें न तो कोई स्थायी मित्र है और न ही दुश्मन। महाराष्ट्र में शिवसेना को तोड़कर एकनाथ शिंदे तथा शरद पवार की एनसीपी से बागी होकर अजीत पवार बीजेपी के सहयोगी बन गये। उत्तर प्रदेश में बीजेपी छोड़कर सपा में शामिल होने वाले ओमप्रकाश राजभर अधिक दिनों तक अपने बातों पर अडिग नहीं रह सके। अब वे पुन: राजग में शामिल हो गए हैं। बिहार में धुर विरोधी रहे आरजेडी और जदयू ने मिलकर सरकार बना ली। आगामी लोकसभा चुनाव में अपना भविष्य देख रहे जीतन राम माझी तथा चिराग पासवान भारतीय जनता पार्टी से मिल गये हैं। कांग्रेस एवं बीजेपी विभिन्न दलों से समझौता कर लामबंद हो रहे हैं। देश में ऐसे तमाम छोटे-बड़े दल एवं नेता हैं जो अपना सियासी भविष्य चमकाने के लिए अवसर मिलते ही पाला बदल लेते हैं। असल में इनका न तो जनता से कुछ लेना देना है और न उन जातियों से जिनके वे मसीहा बनते हैं। इनका एकमात्र उद्देश्य अपना कद ऊँचा करना व अपने परिवार एवं सगे संबंधियों को पद प्रतिष्ठा दिलाना है। मतदाता इन अवसरवादी दलों व नेताओं द्वारा ठगे जाते हैं।

-**शिवेन्द्र यादव**, कुशीनगर

## एनडीए व इंडिया

**बेंगलुरु** में 26 विपक्षी दलों की बैठक और दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के 38 घटक दलों की बैठक से यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि दोनों पक्षों ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। यह समय ही बताएगा कि दोनों पक्षों के साथ खड़े हुए दल लोकसभा चुनाव तक साथ बने रहेंगे या नहीं क्योंकि भारत में अंतिम समय तक पाला बदलने का खेल चलता रहता है। बेंगलुरु में भाजपा के खिलाफ एकजुट दलों ने अपने गठबंधन का नाम इंडिया- इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस रखा। पता नहीं यह गठबंधन यूपीए जैसा होगा या नहीं, लेकिन इस नाम से यह संदेश देने का प्रयास अवश्य किया गया है कि विपक्षी दल भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पता नहीं कि इस नाम का कितना राजनीतिक लाभ मिलेगा। वैसे गठबंधन का नाम ही पर्याप्त नहीं। खड़गे ने बताया कि इंडिया की एक बैठक मुंबई में होगी जिसमें 11 सदस्य समन्वय समिति बनेगी और दिल्ली में उसका एक कार्यालय खुलेगा। समन्वय समिति के अध्यक्ष से तय होगा कि इंडिया की कमान किसके हाथ होगी। देखना होगा कि जनता एनडीए व इंडिया में किसे चुनती है।

- **सदन जी**, पटना

## जासूसों के जाल

**डीआरडीओ** के वैज्ञानिक डा. कुरुलकर को भारतीय सेना की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। महाराष्ट्र एटीएस द्वारा दायर चार्जशीट में यह खुलासा हुआ है कि प्रदीप कुरुलकर ने भारत की बेहद संवेदनशील जानकारी मुहैया कराई थी। पाकिस्तानी एजेंट ने सोशल मीडिया के जरिए डा. कुरुलकर से दोस्ती की और उनको हनी ट्रैप में फंसाया। आश्चर्य है कि राष्ट्रीय हित के लिए काम करने वाले ऐसे वैज्ञानिक सामान्य प्रोटोकाल कैसे भूल जाते हैं। वे गोपनीयता के सबसे सामान्य प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हैं, जबकि आम सरकारी कर्मचारियों को भी सरकारी कामकाज में गोपनीयता बरतने के निर्देश दिए जाते हैं। रक्षा मंत्रालय को इस बात का कड़ा संज्ञान लेना चाहिए कि महत्वपूर्ण वैज्ञानिक व सैनिक संस्थानों में काम करने वाले लोगों की निजता को प्रभावित किए बिना उनकी गतिविधियों तथा खासकर सोशल मीडिया संबंधी गतिविधियों पर नजर रखी जाए। यह स्वयं वैज्ञानिकों व वरिष्ठ अधिकारियों की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

-**दत्तप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

## दिल्ली की दशा

**सुप्रीम कोर्ट** ने दिल्ली के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को आपसी समझदारी तथा तालमेल से सरकार चलाने की सलाह दी है। अध्यादेश संबंधी सवाल को संविधान पीठ को सौंपने की बात भी कही गई है। इस वर्ष की शुरुआत से ही केजरीवाल सरकार व राज्यपाल के बीच अनेक मामलों पर अविश्वास व टकराव देखने को मिला है। दिल्ली में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है तथा कूड़ा कचरा निस्तारण बड़ी समस्या बन गया है। जनता को उम्मीद हैं कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को देखते हुए दिल्ली के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री समस्याओं का समाधान निकालेंगे। दिल्ली में विकास कार्यों की धीमी गति तथा बिगड़ी कानून व्यवस्था से लेकर गड्ढा मुक्त सड़कें, गंदगी से पटी नालियों से मुक्ति, समुचित सीवर व्यवस्था, विकराल होती पेयजल समस्या, जल भराव व जल निकासी, फुटपाथ पर बढ़ता अतिक्रमण तथा दिल्ली की हजारों मलिन बस्तियों में चौपट होती व्यवस्था स्थानीय निवासियों के बड़े सवाल है। इन पर संकुचित राजनीति छोड़ कर ईमानदारी से काम करने की जरूरत है।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# शिक्षा में निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता

**● सीएम योगी ने दक्षिण और मध्य भारत के प्रतिष्ठित निजी विवि और उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों से किया संवाद, यूपी में निवेश के लिए दिया आमंत्रण**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने देश के प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थान समूहों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा है कि शिक्षा में किया गया निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता। यह देश और समाज का भविष्य संवारने का माध्यम है। उत्तर प्रदेश जैसी युवा आबादी वाले राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं। निजी क्षेत्र को इसका लाभ उठाना चाहिए। असेवित जिलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना करने वाले संस्थानों को सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी।

मंगलवार को दक्षिण भारत और मध्य भारत के प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के कुलाधिपतियों, कुलपतियों, प्रतिकुलपतियों, निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों व अन्य प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के आध्यत्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। पुरातन काल से यह प्रदेश, शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है। काशी इसका सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। काशी, अयोध्या, मथुरा संस्कृति और सभ्यता के प्राचीन नगर रहे हैं। हालांकि बीते दशकों में शिक्षा के प्रति विमुखता का भाव देखा गया। किंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक भाव जागृत हुआ है। आज प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इंटर स्टेट कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। 2017 से पूर्व प्रदेश में 12 मेडिकल कॉलेज थे। विगत 6 वर्षों के प्रयास के बाद आज 45 जिलों में सरकारी मेडिकल कालेज संचालित हैं जबकि 16 निर्माणाधीन हैं और पीपीपी मोड पर 16 और मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो रही है। आज प्रदेश में 22 राज्य व 3 केंद्रीय विश्वविद्यालय संचालित हैं। 3 राज्य विश्वविद्यालय निर्माणाधीन हैं जबकि 36 निजी विश्वविद्यालय, 2 एम्स, 2 आईआईटी व आईआईएम संचालित हैं। 2000 से अधिक पॉलिटेक्निक व वोकेशनल इंस्टिट्यूट भी संचालित हैं, इनकी लंबी श्रृंखला है, जो यहां के शैक्षिक परिदृश्य को मजबूत बनाते है। बावजूद इसके अभी बहुत से जनपद ऐसे हैं, जहां कोई विश्वविद्यालय क्रियाशील नहीं हैं। स्थानीय युवाओं की आकांक्षा को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार ने निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहित करते हुए एक नई नीति लागू की, जिसके आशातीत परिणाम मिले हैं। अभी हाल में शाहजहांपुर, बागपत और चित्रकूट जनपद के शिक्षण संस्थानों ने अपनी रुचि दर्शायी है। उतर प्रदेश ने उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों की दिशा में प्रयासरत है। निजी क्षेत्र में अनेक शैक्षिक संस्थानों ने उत्कृष्टता का मानक स्थापित किया है। उत्तर प्रदेश इनके अनुभवों का लाभ प्रदेश के युवाओं को दिलाने के लिए तत्पर हैं। निजी क्षेत्र के लिए संभावनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के लिए यह आश्चर्यजनक हो सकता है लेकिन यह सत्य है कि आज प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में 1.91 करोड़ बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। आज ही सुबह सभी के बैंक खाते में गणवेश के लिए 1200 रुपए ट्रांसफर किए गए है। इसी तरह इस साल 56 लाख बच्चों ने यूपी बोर्ड की परीक्षा दी। विद्यार्थियों के यह आकड़ें कई राज्यों की जनसंख्या से भी अधिक है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसी जिले के स्वास्थ्य केंद्र या शिक्षण संस्थान में जाएं, वहां उत्तर प्रदेश के साथ-साथ नेपाल, बिहार, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के लोग भी मिलेंगे। यह स्थिति यह बताती है कि निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के लिए उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में कोई विश्वविद्यालय स्थापित नहीं है, वहां अपने विश्वविद्यालय स्थापित करने वाले निवेशकों को राज्य सरकार अपनी नीति के अनुरूप हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएगी।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सस्टनेबल डेवलपमेंट की नीति की चर्चा भी की और नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट के हवाले से कहा कि बीते 6 वर्षों में साढ़े 5 करोड़ लोगों को गरीबी के दंश से मुक्त कराया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और रोजगार सृजन सहित हर आवश्यक क्षेत्र में काम किया गया। नतीजा सबके सामने है। शिक्षा के क्षेत्र में निजी क्षेत्र के सहयोग से उत्तर प्रदेश नए मानक स्थापित कर सकता है। सरकार सभी निवेशकों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेगी।

**संवाद में रही इनकी सहभागिता:** डॉक्ट एमआर जयराम चेयरमैन रमैया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, कर्नाटक, डॉ. अमित भल्ला वाइस प्रेसिडेंट मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन, हरियाणा, जीबी सेल्वम वाइस प्रेसिडेंट वीआईटी यूनिवर्सिटी, वेल्लौर, संजीव कुमार प्रेसिडेंट सीबी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, ओडिशा, डॉ. एन विशाल हेगड़े प्रो.चांसलर नित्ति डीम्ड यूनिवर्सिटी, कर्नाटक, एस. सिमरप्रीत सिंह निदेशक जेआईएस ग्रुप एजुकेशनल इनिशिएटिव, पश्चिम बंगाल, डॉ. मोहम्मद फरहाद, कर्नाटक, रवि वर्मा प्रो. चांसलर एमएनआर यूनिवर्सिटी, तेलंगाना, ध्रुव गलगोटिया सीईओ गलगोटिया यूनिवर्सिटी, अभय छबि प्रो. चांसलर अलायंस यूनिवर्सिटी, कर्नाटक, नवस केएम. सीईओ केएमसीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, केरल, विनीत गुप्ता निदेशक जेम्बोर एजुकेशनल प्रा.लिमिटेड, दिल्ली, अमित गुप्ता चेयरमैन जेआईएमएस, दिल्ली, राहुल सिंघी निदेशक पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, राजस्थान, पीएन राजदान एडवाइजर ईपीएसआई रमैया ग्रुप, कर्नाटक, गुरुचरण निदेशक एमएस रमैया यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लायड साइंस, कर्नाटक, पी.पलानीवेल एक्जीक्यूटिव सेक्रेटरी ईपीएसआई।

## चमोली हादसे पर सीएम योगी ने जताया दुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तराखंड** के चमोली में हुए हादसे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। योगी ने ट्वीट कर कहा कि उत्तराखंड के चमोली में विद्युत दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। बता दें कि हादसे में 17 लोगों की जान चली गई जबकि आधा दर्जन से अधिक घायल हो गए हैं। यहां काफी तेजी से बचाव व राहत कार्य चल रहे हैं।

## तीन आईएएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार ने बुधवार को तीन वरिष्ठ आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (नोएडा) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ऋतु माहेश्वरी को यहां से हटाकर आगरा का कमिश्नर बनाया गया है। इससे पहले पिछले ऋतु महोश्वरी से ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी का प्रभार भी वापस ले लिया गया था। ऋतु माहेश्वरी के स्थान पर कानपुर के कमिश्नर लोकेश एम. को भेजा गया है। वहीं आगरा के कमिश्नर अमित गुप्ता को कानपुर का नया कमिश्नर बनाया गया है।

## खुर्रमनगर एलिवेटेड हाईवे व मुंशीपुलिया फ्लाईओवर का निर्माण दिसम्बर 2023 तक हो पूरा:जितिन प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लखनऊ में निर्माणाधीन खुर्रमनगर एलिवेटेड हाईवे तथा मुंसीपुलिया फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में और अधिक तेज़ी लायी जाय और निर्माण कार्य हर हाल में दिसम्बर 2023 तक पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में सुरक्षा का विशेष ध्यान दें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं आनी चाहिए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय सीमा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने यह निर्देश बुधवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय मार्ग के कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक में दिया। लोक निर्माण मंत्री ने समीक्षा बैठक में खुर्रम नगर एलिवेटेड हाइवेए मुंशी पुलिया फ़्लाइओवर, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग, राम वनगमन मार्ग, रामजानकी मार्ग सहित प्रदेश में राष्ट्रीय मार्ग के अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। लोक निर्माण मंत्री ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि निर्माणाधीन कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगीए लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। समस्त निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएँ। लोक निर्माण मंत्री ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, यूटिलिटी शिफ्टिंग हेतु विद्युत विभाग से, फॉरेस्ट क्लीयरेंस हेतु वन विभाग से तथा रेलवे से उपरगामी सेतुओं की ळ।क् के अनुमोदन हेतु लगातार उच्च स्तर पर नियमित समीक्षा बैठक की जाये जिससे परियोजनाएं लंबित ना हों। उन्होंने इसके साथ ही डीपीआर कंसलटेंट के कार्यों की भी समीक्षा की और उनके कार्यों में ढिलाई पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल पर सब्सिडी के लिए पोर्टल का शुभारंभ

**● 14 अक्टूबर 2022 के बाद ईवी खरीदने वाले ग्राहक सब्सिडी के लिए कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में 14 अक्टूबर के बाद इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने वाले ग्राहकों को सब्सिडी का लाभ देने के लिए योगी सरकार ने बुधवार को सब्सिडी पोर्टल को लाइव कर दिया है। अब जिन ग्राहकों ने 14 अक्टूबर के बाद से ईवी खरीदी है, वो इस पोर्टल पर जाकर सब्सिडी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल पर आवेदन के बाद चार स्तरीय वेरिफिकेशन पूरा होते ही सब्सिडी की राशि ग्राहक के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति, 2022 में निहित क्रय सब्सिडी प्रोत्साहन योजना को पारदर्शी तरीके से लागू करने के लिए पोर्टल के माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया तय की है। इसी के तहत यूपीडेस्को ने पोर्टल का निर्माण किया है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति 2022 के अंतर्गत क्रय सब्सिडी प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए शर्तों के साथ अनुमति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत क्रय सब्सिडी प्रोत्साहन योजना अधिसूचित होने की तिथि 14 अक्टूबर 2022 से 13 अक्टूबर 2023 तक प्रभावी होगी। क्रय सब्सिडी प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए पात्र आवेदक को वेबपोर्टल पर आवेदन करना होगा। पात्र आवेदक वे होंगे, जिन्होंने नीति की अधिसूचना की तिथि के बाद उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन का क्रय एवं पंजीयन कराया हो।

अपर आयुक्त परिवहन राजीव श्रीवास्तव के अनुसार पोर्टल पर आवेदन के बाद चार स्तरीय सत्यापन प्रक्रिया होगी। पहला सत्यापन डीलर के स्तर पर होगा जबकि उसके बाद रजिस्ट्रेशन और फिर डिपार्टमेंट स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। अंत में टीआई सत्यापन करेंगे। पोर्टल पर दी गई जानकारी के अनुसारए सत्यापन पूरा होने के बाद 3 कार्यदिवस में बैंकिंग भागीदार सब्सिडी की राशि ग्राहक के बैंक खाते में भेज देंगे। ईवी पर सब्सिडी लाभार्थियों (खरीदार को देय होगी) जैसे कि एक व्यक्ति को वाहन खंडों में किसी भी एकल वाहन की खरीद पर सब्सिडी का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की गई है। हालांकि खरीद सब्सिडी एग्रीगेटर या फ्लीट ऑपरेटरों (खरीदारद्ध को भी देय होगी) ताकि एक इकाई वाहन खंडों में अधिकतम 10 वाहनों के लिए सब्सिडी का लाभ उठा सकें। बिना बैटरी के इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले खरीदारों के लिए लागू खरीद सब्सिडी कुल सब्सिडी राशि का 50 प्रतिशत होगी। फिलहाल सब्सिडी प्रदान करने की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

### सब्सिडी के लिए ऐसे कर सकते हैं आवेदन

**आवेदक** से तात्पर्य ऐसे ईवी वाहन क्रता से है, जिसने 14 अक्टूबर 2022 के बाद अनुमन्य श्रेणी का इलेक्ट्रिक वाहन अपने नाम से उत्तर प्रदेश में क्रय किया हो तथा पंजीकृत कराया हो। आवेदन के लिए आवेदक को सबसे पहले इलेक्ट्रिक वाहन क्रय सब्सिडी पोर्टल पर लॉगइन करने के लिए लॉगइन आईडी और पासवर्ड जेनरेट करना होगा। इसकी प्रक्रिया पोर्टल पर दी गई है। आवेदन में वाहन पंजीयन नंबर दर्ज करने के बाद सब्सिडी पोर्टल द्वारा वाहन पोर्टल से आवश्यक विवरण स्वत: आवेदन के संबंधित फील्ड/कॉलम में भर दिए जाएंगे। जो फील्ड/कॉलम नहीं भरे होंगे, उन्हें आवेदक को भरना होगा, जैसे क्रय सब्सिडी प्राप्त करने के लिए आवेदक के बैंक का विवरण (बैंक का नाम, खाता संख्या, आईएफएससी कोड आदि)। आवेदक को अपना फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर पोर्टल पर अपलोड करना होगा। ध्यान रहे कि आवेदक वही फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करेगा, जो उसने वाहन पंजीयन के समय डीलर के माध्यम से वाहन पोर्टल पर अपलोड किया था। आवेदक को बैंक खाते के विवरणों के सत्यापन के लिए अपना कैंसल किया हुआ चेक या पासबुक भी अपलोड करना होगा। ध्यान रहे कि बैंक खाता आवेदक के ही नाम होना अनिवार्य है, किसी अन्य व्यक्ति का बैंक खाता स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदन जमा करने से पहले आवेदक इस बात की पुष्टि कर लेगा कि उसके द्वारा भरे गए सारे विवरण (वाहन से संबंधित एवं आवेदक के व्यक्तिगत विवरण से संबंधित) सही हैं। त्रुटिपूर्ण एवं गलत सूचना या विवरण भरे जाने पर आवेदक को क्रय सब्सिडी देय नहीं होगी।

## दारा सिंह चौहान व राजभर का अपना कोई आधार नहीं:शिवपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सपा को छोड़कर जाने वाले पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान व सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह सरीखे नेता बिन पेन्दी के लोटा है जिनका अपना कोई आधार नही है। शिवपाल ने कहा कि ये वही नेता हैं जो कभी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपशब्द कहा करते थे आज उन्हीं की गोद में बेहिचक जा कर बैठ गए हैं। शिवपाल ने कहा कि इन जैसे नेता आज की राजनीति में काफी हल्के लोग है जिनकी बात का कोई वजन नही है। शिवपाल ने कहा कि ऐसे लोगों को शामिल करने वाली सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का भी ऐसा ही चरित्र है जिसे इस बात से कोई परहेज नही है कि जो लोग कभी भाजपा को कोसा करते थे आज उन्हें अपना साथी बनाकर गर्व महसूस कर रहे हैं। शिवपाल ने कहा कि वैसे भी भाजपा सरकार की स्थिति ठीक नही है। पूरे प्रदेश को नौकरशाही के हवाले कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। नौकरियों के नाम पर जबरदस्त रिश्वत ली जा रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार को नया गठबंधन 'इंडिया' ही सबक सिखाएगा। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा को जबदस्त तरीके से हार का सामना करना पड़ेगा। हम सभी एक मंच पर आकर भाजपा को शिकस्त देने का काम करेंगे। समाजवादी पार्टी में चुनाव की तैयारियों को लेकर पूछे गए सवाल पर शिवपाल ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को जो निर्णय होगा वह स्वीकार होगा। लोकसभा चुनाव लड़ने के प्रश्न पर शिवपाल ने कहा कि मैं अपने लिए टिकट मांगने नही जाऊंगा। जहां से भी हमें उतारा जाएगा वह सीट मैं जीत कर लाऊंगा साथ ही पार्टी के जिस सदस्य को जिताने का हमें दायित्व दिया जाएगा उसे भी जिता कर ले आऊंगा। शिवपाल ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूती से अपना शक्ति प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में भाजपा को जबरदस्त शिकस्त देने के लिए तैयार है।


# भाजपा ने देश की जनता को झूठा सपना दिखाया: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा इण्डिया के नाम से घबरा गयी है। पहले भाजपा के लोग विपक्ष को इण्डिया नाम से डराते थे। अब क्या बात है कि वे इण्डिया नाम से डर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इण्डिया नाम अच्छा है। इण्डिया एक संदेश है। इण्डिया का संदेश डेवलपमेंट और इन्क्लूसिवनेस का है। जहां विकास की बात हो और समग्रता की बात हो तो वह हमारी सोशलिस्ट और सेकुलर प्रतिबद्धता को शामिल करता है। हमारा देश तरक्की करे। खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़े।

अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता इस बार भाजपा की विदाई कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सपना दिखाया लेकिन वह सपना जमीन पर नहीं उतरा है तो वह विकास कैसा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इण्डिया एलायंस की जीत तभी तय हो गयी जब भाजपा ने अपने गठबंधन की बैठक उसी तारीख में बुला ली। जनता आने वालों का इंतजार करती है। जाने वालों की विदाई करती है। भाजपा की बैठक उनका विदाई समारोह था। उन्होंने दावत की, खाना पीना किया। भाजपा की विदाई होना तय है। नया गठबंधन इण्डिया देश को नई दिशा में ले जाएगा। अखिलेश ने कहा कि जो समस्याएं है वह जस की तस दिखाई दे रही है। बेरोजगारी, महंगाई बढ़ती जा रही है। भाजपा ने बड़ी.बड़ी बातें की। कहा गया था कि नोटबंदी से भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। कर्नाटक में जनता ने सरकार बदल दी क्योंकि वहां 40 फीसदी कमीशन का भ्रष्टाचार था। अखिलेश यादव ने कहा कि नोटबंदी देश ही नहीं दुनिया में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा फैसला था। पहले 2000 रूपये का नोट लाए और फिर उसे बंद कर दिया। आज तक जानकारी नहीं दी गयी कि किन बैंकों में 2000 रूपये के नोट सबसे ज्यादा जमा हुए। अगर सरकार यह नहीं बता रही है तो इसका मतलब वह भ्रष्टाचारियों के साथ है। सच तो यह है कि देश की दो तिहाई जनता भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ है। इस बार भाजपा का सफाया करने के लिए सब एक है।



राजधानी में पहली मोहर्रम पर उठने वाली शाही जरी के जुलूस के लिए रूमी गेट तैयार

## पावर कारपोरेशन के एमडी ने आरडीएस योजना के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम. देवराज ने शक्ति भवन में आरडीएसएस योजना में चल रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रदेश की विद्युत व्यवस्था में बहुत बेहतर सुधार होने हैं। इसलिए इसको निर्धारित समय से पूर्ण करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य सुनिश्चित किए जाएं।

उन्होंने पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) के कार्यों में तेजी लाने के लिऽ बुधवार को अधिकारियों के साथ कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। यह योजना वितरण कम्पनियों की परिचालन क्षमता और वित्तीय स्थिरता में सुधार लाने पर लक्षित है। भारत सरकार के सहयोग से यूपी की विद्युत व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का कार्य इस योजना के माध्यम से किया जा रहा है। इस पर 13632 करोड़ रुपए का व्यय का अनुमान है। इस योजना के अन्तर्गत यूपी के सभी पॉचों डिस्काम को 29 पैकेज प्रदान किए गए हैं। सभी पॉचों डिस्काम में प्रोजेक्ट कार्यों की शुरूआत हो चुकी है। इसके अन्तर्गत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के आठ कलस्टर के लिए 3842.41 करोड़, मध्यांचल के लिए 3303.70 करोड़ रुपए, पश्चिमांचल के लिए 2764.33 करोड़ रुपए, दक्षिणांचल के लिए 3247.07 करोड़ रुपए तथा केस्को के लिए 474.73 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। अध्यक्ष ने आज पूर्वांचल, मध्यांचल, पश्चिमांचल, दक्षिणांचल तथा केस्को में योजना के अन्तर्गत चल रहे कार्यो की वृहद समीक्षा की तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण हो इसके लिये लगातार मानीटरिंग की जाए। जवाहरपुर एवंओबरा परियोजना के निर्माण में तेजी लाने के लिए आज निर्माण में लगी कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी अध्यक्ष ने शक्ति भवन में समीक्षा बैठक की। इस बैठक में कोरियन कम्पनी दूशान एवं अन्य कम्पनी के प्रतिनिधियों से कार्य में विलम्ब के लिये गंभीर असन्तोष व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परियोजना के निर्माण में हो रहे विलम्ब से प्रदेश की विद्युत उपलब्धता बढ़ाने में कठिनाई होती है। आगामी महीनों में गर्मी बढ़ेगी ऐसी स्थिति में विद्युत उपलब्धता बढ़ाने के लिए उत्पादन ईकाइयों का समय से उत्पादन शुरू करना आवश्यक है।

## लखनऊ से वाराणसी तक सीधी वायु सेवा शुरू कराने पर जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** जयवीर सिंह ने लखनऊ से वाराणसी तक सीधे उड़ान संचालन कराने के लिए नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री भारत सरकार ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के प्रति आभार जताया है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को सम्बोधित पत्र में पर्यटन मंत्री ने कहा है कि लखनऊ से वाराणसी तक सीधी उड़ान सेवा शुरू कराने से पर्यटकों, श्रद्धालुओं तथा यात्रियों को आवागमन में अत्यन्त सुविधा प्राप्त हुई है। उन्होंने सिंधिया के सराहनीय प्रयास के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया है।

उल्लेखनीय है कि पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री भारत सरकार जी. किशन रेड्डी को भी लखनऊ से वाराणसी तक सीधे हवाई सेवा शुरू कराने के लिए अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सिंधिया से लखनऊ से वाराणसी तक सीधी सेवा शुरू करने के लिए सकारात्मक निर्णय लिये जाने का अनुरोध किया था। सीधी हवाई सेवा शुरू कराने की जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक एवं धार्मिक नगरी वाराणसी से लखनऊ देशी विदेशी पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का वर्षभर आना जाना लगा रहता है। सीधी सेवा न होने के कारण लखनऊ आने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। लखनऊ से वाराणसी के लिए सीधी वायु सेवा शुरू हो जाने से प्रदेश में विदेशी एवं घरेलू पर्यटकों के आवागमन में बढ़ोत्तरी होगी, जिससे टैक्सी, टूर आपरेटर एवं होटल आदि को कारोबार प्राप्त होगा। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## संस्कृत विवि में करोड़ों का गबन करने वाला तत्कालीन वीसी का निजी सचिव गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सम्पूर्णानंद** संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में बिना पुस्तकें मुद्रित कराए करोड़ों रुपए का गबन करने के मामले की जांच कर रही ईओडब्लू ने विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति के निजी सचिव को वाराणसी से गिरफ्तार किया है।

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के प्रकाशन संस्थान में वित्तीय वर्ष 2000-2001 से 2009-2010 तक की अवधि में दुर्लभ ग्रन्थों के मुद्रण एवं प्रकाशन के लिए शासन से प्राप्त होने वाले विशेष अनुदान कुल 102022000 रुपए की धनराशि में से कुल 93521879 रुपए व्यय दर्शाया गया। व्यय की गयी राशि में मात्र 36698237 रुपए की मुद्रित पुस्तकें विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई। शेष 56823642 रुपए की धनराशि का बिना मुद्रित पुस्तकें प्राप्त किए ही प्रकाशन विभाग, प्रेस एवं वित्त विभाग के द्वारा मिली भगत करके गबन कर लिया गया।

प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए शासन द्वारा इसकी विवेचना ईओडब्लू से कराये जाने का निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता में शामिल इस प्रकरण में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए मुख्यालय, ईओडब्लू, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में ईओडब्लू सेक्टर वाराणसी के पुलिस अधीक्षक डी. प्रदीप कुमार ने अभियुक्तों की तलाश गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया गया था। स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि 19 जुलाई 2023 को ईओडब्लू की गिरफ्तारी टीम द्वारा इस घटना में संलिप्त बीडी गुजराती (तत्कालीन निजी सचिव कुलपति) निवासी मकान नम्बर के-37/ 75 ग्वालदास साहू लेन मैदागिन थाना कोतवाली जनपद वाराणसी को गोलघर कचहरी चौराहा वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त बीडी गुजराती द्वारा भुगतान प्रस्तावों से संबंधित पत्रावली को कुलपति के समक्ष प्रस्तुत नही किया गया और उनपर कुलपति के हस्ताक्षर की फर्जी मुहर लगाकर वित्त अधिकारी को वापस कर दिया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी धारा 409, 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि व 13 (2) भ्रनिअधि थाना चेतगंज जनपद वाराणसी अन्तर्गत की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त को भ्रस्टाचार निवारण कोर्ट वाराणसी में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी। ईओडब्लू वाराणसी के पुलिस अधीक्षक डी. प्रदीप कुमार द्वारा बताया गया कि प्रकरण में शामिल दोषियों के विरुद्ध लगातार धर-पकड़ की कार्रवाई चलेगी।

## फंगल संक्रमण वाले रोगियों के इलाज में एंटीफंगल की भूमिका प्रमुख

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के एडवांस्ड माइकोलॉजी डायग्नोस्टिक रिसर्च सेंटर द्वारा बुधवार को थेराप्यूटिक ड्रग मॉनिटरिंग ऑफ एंटीफंगल विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। केंद्र में प्रोफेसर प्रशांत गुप्ता इसके संकाय प्रभारी हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के फंगल संक्रमण वाले रोगियों के इलाज में एंटीफंगल प्रमुख भूमिका निभाते हैं। चिकित्सीय दवा की निगरानी यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि दवा संक्रमण के खिलाफ पर्याप्त प्रतिक्रिया के लिए उचित सीरम सांद्रता तक पहुंचती है। इससे चिकित्सकों को मरीजों को ठीक से और समय पर दवाएं देकर उनका इलाज और प्रबंधन करने में मदद मिलती हैए जिसकी कमी से कभी.कभी मरीज की मृत्यु भी हो सकती है। इस परीक्षण को संचालित करने के लिए आईसीएमआर द्वारा एएमडीआरसी की स्थापना की गई, जिसने एचपीएलसी प्रणाली खरीदने के लिए धन उपलब्ध कराया। एएमडीआरसीए केजीएमयू में एचपीएलसी द्वारा चिकित्सीय दवा निगरानी का परीक्षण शुरू किया गया है। उत्तर प्रदेश में यह पहली और एकमात्र ऐसी सुविधा है जिसमें यह व्यवस्था है। इस कार्यशाला के बादए एंटीफंगल की चिकित्सीय दवा निगरानी पर एक सीएमई की गई जिसमें डॉ शिवप्रकाश रुद्रमूर्ति द्वारा अतिथि व्याख्यान लिया गया और एक केस.आधारित पैनल चर्चा की गई।

# नौनिहालों के खाते में पहुंची धनराशि

● सीएम के कार्यक्रम की कलेक्ट्रेट में हुई लाइव स्ट्रीमिंग हुआ भव्य कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत डीबीटी के माध्यम से धनराशि अंतरण की। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। कार्यक्रम का सफल संयोजन बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने डायट प्राचार्य बृजभूषण चौधरी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन और माल्यार्पण कर की। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लखीमपुर की छात्रा माही मिश्रा ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के सजीव प्रसारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा के 1.91 करोड़ बच्चों को यूनिफॉर्मए जूते मोजे व स्टेशनरी के लिए 2300 करोड़ रुपये भेज दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक अपडेट होगा तो पूरी पीढ़ी अपडेट होगी। शिक्षकों को अपडेट करने के लिए समय.समय पर शिक्षणए प्रशिक्षण और रिफ्रेशर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। डायट में भी शिक्षण प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। वह बेसिक विद्यालय के 1९91 करोड़ बच्चों को यूनिफॉर्मए स्कूल बैगए जूते मोजे और स्टेशनरी के लिए 2300 करोड़ रुपए डीबीटी करने के बाद संबोधित कर रहे थे। राजधानी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा सत्र 2023.24 में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को ड्रेसए स्वेटर, स्कूल बैग, जूता.मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र.छात्रा रु. 1,200 की धनराशि का उनके माता, पिता, अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरण की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शासन की योजनानुसार विद्यालयों में कार्यक्रमों को चलाने उनके अनुश्रवण लगातार निरीक्षण करने और शैक्षिक.भौतिक परिवेश को उत्तम करने की बात कही।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अभिभावक सरकार द्वारा भेजे जा रही धनराशि का उपयोग उनके यूनिफार्म स्कूल बैग जूते मौजे और स्टेशनरी खरीदने में करें जिससे बच्चों का विद्यालय में सर्वांगीण विकास हो सके।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने कहा कि सभी बीईओए शिक्षकए अभिभावकए बच्चों के उत्थान के लिए अपने अपने स्तर से सर्वोत्तम प्रयास करें और हम निपुण भारत योजना मिशन के लक्ष्यों को समय प्राप्त कर सकें। बीएसए ने सभी आए हुए अतिथियों, शिक्षकों, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजक टीम सहित सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। डायट प्राचार्य बृजभूषण चौधरी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिला समन्वयक (सामु. सहभागिता) पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी कुंभी सभी जिला समन्वयक शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक, बच्चे उपस्थित रहे।

लखनऊ से समारोह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित बेसिक शिक्षा राज्यमंत्रीए माध्यमिक शिक्षा मंत्रीए सचिव बेसिक शिक्षा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा की उपस्थिति में जनपद खीरी के प्राथमिक विद्यालय राजापुर के बच्चों ने मुख्यमंच से एकांकी प्रस्तुत कर सभी का मनमोहा।

## तहसीलदार ने देखा माथुर पुरवा के फ्लड फाइटिंग कार्य, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर तहसील धौरहरा के घाघरा नदी के किनारे बसे ग्राम सुजानपुर का मजरा माथुरपुरवा को कटान से बचाने के उद्देश्य से किए जा रहे फ्लड फाइटिंग कार्य का तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने स्थलीय निरीक्षण कियाए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से घाघरा नदी के किनारे गैबियन क्रेट द्वारा हर दस दस मीटर के अंतराल पर बोरियां भरी जा रही है। प्रशासन और बाढ़ खंड द्वारा कटान से रोकने की कवायद किया जा रहा है। तहसीलदार आदित्य विशाल ने विभागीय इंजीनियर एसडीओ से बारीकी से जानकारी ली तथा फ्लड फाइटिंग कार्य की उपयोगिताए प्रभावित होने वाले गांव के विषय में भी पूछताछ की। तहसीलदार ने निर्देश कि जहा बाढ़ एवं कटाव की संभावना है।

## दो और सामुदायिक केंद्रों पर हेल्थ एटीएम का शुभारंभ




**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को दो और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम का शुभारंभ हो गया। जिसमें सीएचसी नकहा पर विधायक योगेश वर्मा ने और सीएचसी खमरिया पर विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने हेल्थ एटीएम की शुरुआत की। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि उनकी निधि से इस हेल्थ एटीएम की शुरुआत जनता को समर्पित है। वह निरंतर यह प्रयास करते हैं कि कैसे आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकती हैं और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जब उनसे इस विषय में बात की गई तो उन्होंने इस पर तत्काल काम करने के लिए कहा था। जिसके परिणाम स्वरूप आज इस हेल्थ एटीएम की शुरुआत हो गई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता की इस पहल की प्रशंसा की।

वहीं विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने सीएचसी खमरिया पर हेल्थ एटीएम कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कहा कि वह जनता के लिए इस एटीएम को समर्पित कर रहे हैं। यह हेल्थ एटीएम आम जनमानस को स्वास्थ्य की बेहतर सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगा। साथ ही उन्होंने ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की निरंतर कोशिश कर रहा है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि इससे पहले पलिया, मितौली और बेहजम सीएचसी पर हेल्थ एटीएम की शुरुआत हो चुकी है। वहीं अब सीएससी नकहा और सीएचसी खमरिया पर हेल्थ एटीएम के शुरू होने से पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम की सुविधा आम जनमानस को मिलने लगी है। इस हेल्थ एटीएम के माध्यम से ९8 जांचे आवश्यकता अनुसार की जा सकती हैं। किससे डॉक्टर्स को मरीजों की बीमारी को जानने और समझने व उनका बेहतर इलाज करने में मदद मिलेगी। इस दौरान सीएचसी नकहा अधीक्षक डॉ रामू सिंह और सीएचसी खमरिया अधीक्षक डॉ पंकज भारद्वाज सहित अन्य डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चीनी मिल और गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ गहन मंत्रणा

**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चीनी मिल एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पेराई सत्र 2022-23 में चीनी मिल के द्वारा क्रय किये गये गन्ने के मूल्य एवं आगामी पेराई सत्र 2023-24 में चीनी मिल संचालन हेतु चीनी मिलों में कराये जाने वाले रिपेयर एवं मेन्टीनेन्स कार्यों तथा 20 जुलाई 23 से 30 अगस्त 23 तक चलने वाले ग्राम स्तरीय सर्वे/सट्टा प्रदर्शन की समीक्षा की गई। जिला गन्ना अधिकार ने अवगत कराया कि जनपद में कार्यरत चीनी मिल क्रमशः निगोही, रोजा, तिलहर एवं पुवायां द्वारा गन्ना मूल्य का शत प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। चीनी मिल मकसूदापुर द्वारा कुल देय अंकन 222.82 करोड़ के सापेक्ष मात्र 53.77 करोड़ का ही भुगतान किया गया है। जनपद की चीनी मिलो के द्वारा कुल देय अंकन रू.1238.16 करोड़ के सापेक्ष रू.1069.11 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। जो कुल का 86.35 प्रतिशत है।

डीएम ने है चीनी मिल मकसूदापुर द्वारा कुल देय अंकन 222.82 करोड़ के सापेक्ष मात्र 53.77 करोड़ का ही भुगतान करने पर रोष व्यक्त करते हुए शीघ्र अवशेष भुगतान जल्द किये जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने चीनी मिलों द्वारा दैनिक रूप से की जा रही चीनी की बिक्री एवं बिक्री से प्राप्त धनराशि से गन्ना मूल्य के भुगतान की दैनिक जांच किये जाने हेतु एसडीएम, पुवायां को निर्देश दिये। चीनी मिल तिलहर पर विकास अंशदान के मद में भुगतान हेतु अवशेष धनराशि 16.39 लाख रू. के भुगतान हेतु चीनी मिल को नोटिस जारी करने हेतु जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को चीनी मिलों में रिपेयर एवं मेन्टीनेन्स कार्य 15-10-2023 तक पूर्ण कर समय से चीनी मिल संचालन किये जाने के निर्देश दिये।

# बंदियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन



**शाहजहाँपुर।** जिला कारागार में बंदियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सामाजिक सहयोग से विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह ने फीता काट कर किया। जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह को जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के द्वारा पौधा भेंट किया गया तथा बैंक ऑफबड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा उन्हें सम्मान पत्र भी भेंट किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जेल में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है इसके लिए जेल अधीक्षक द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर अच्छी पहल की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसी महत्वपूर्ण इकाई है जिससे समाज आगे बढ़ता है। स्वस्थ्य शरीर हो और शिक्षित दिमाग तभी व्यक्ति विकास करता है और राष्ट्र विकास करता है। उन्होने सभी कैदियों से आशा व्यक्त करते हुये कहा कि सभी कैदी बाहर जाने के बाद अपराधमुक्त, अनुशासनान्तमक अच्छा जीवन जियेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि अपने व्यवहार में बदलाव लाकर सुधार करें तथा समाज की मुख्य धारा में मिलकर सामाजिक जीवन जीने का संकल्प लें। उन्होने कहा कि हमे अपना व्यवहार बदलना है, अपनी सोच बदलनी है, हमे लोगो के प्रति अपना व्यवहार ऐसा रखना है जिससे किसी को तकलीफ न हो, किसी प्रकार हानी न हो। उन्होने कहा अपने विचारों और व्यवहार में बदलाव लाकर आप एक अच्छे इंसान बनने की ओर अग्रसर होगें। बहार जाने के बाद इस तरह का संदेश लेकर जाए जिससे कि कोई और इस प्रकार अपराधिक गतिविधियों में शामिल न हों। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये आगे भी इस तरह के आयोजन किये जाते रहेगें।

जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने बताय कि इस पुनीत कार्य में बैंक ऑफबड़ौदा तथा श्री वेदांता मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बरेली की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम भी धन्यवाद की पात्र है, जिन्होंने इतनी दूर से आकर बंदियों के स्वास्थ्य के परीक्षण सलाह निशुल्क दबाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया। उन्होने बताया कि स्वास्थ्य शिविर बैंक ऑफबड़ौदा के 116 में स्थापना दिवस के उपलक्ष में बैंक ऑफबड़ौदा के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में बरेली के प्रतिष्ठित मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल श्री वेदांता एवं श्रीनाथ मेडिसिटी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के द्वारा बंदियों की जांच सलाह एवं निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। सभी बंदियों की रूटीन जांच बजन, ऊंचाई, रक्तचाप ब्लड शुगर की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार बंधुओं की ईसीजी एवं आंख की जांच की गई। सभी बंधुओं को निशुल्क परामर्श अनुसार दवाइयां दी गई।

इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में बैंक ऑफबड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री रंजीत बंसल, मुख्य प्रबंधक श्रीमती अंजू गुप्ता अधिकारी गढ़ श्री साकेत सौरभ प्रतीक शर्मा एवं हर्षवर्धन गुप्ता उपस्थित रहे तथा श्री वेदांता मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बरेली की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में राजकुमार गुप्ता मार्केटिंग हेड डॉक्टर प्रेम किशोर जांगड़ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनमीत, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित, फिजीशियन डॉक्टर राकेश कुमार कुशवाहा, डॉक्टर हेमंत गुप्ता एवं डॉ शिव शास्त्री तथा अन्य पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। उक्त कार्यक्रम का प्रबंधन मेडी ड्राइव हेल्थ केयर सर्विसेज नई दिल्ली के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से अरविंद कुमार गुप्ता डायरेक्टर जयदीप विमल डायरेक्टर तथा भास्कर गुप्ता शामिल रहे। स्वास्थ्य शिविर में 350 से अधिक महिला एवं पुरुष बंदी लाभान्वित हुए।

## क्विक न्यूज

### विवाह का झांसा देकर किया दुराचार

**बरेली।** पति के निधन के बाद काम करके गुजारा चलाने वाली एक विधवा महिला के साथ एक युवक ने विवाह करने का झांसा देकर कई बार दुराचार किया महिला के इंकार करने पर उसने उसके साथ जमकर मारपीट की जिसकी शिकायत महिला ने थाने में दर्ज कर दी तब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फरीदपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसके पति की कई साल पहले ही मौत हो गई इसके बाद वह जरी का काम करके अपनी बेटी और अपना गुजारा करने लगी लेकिन इसी दौरान उसकी मुलाकात फरीदपुर के नगरिया अशोक निवासी आसमा नाम की महिला से हो गई आसमां ने उसे अपने भांजे आरिफ से मिलवाया इस मुलाकात के बाद आरिफ महिला के घर आने लगा और उससे विवाह करने का वादा किया इसके बाद आरिफ ने कई बार महिला से शारीरिक संबंध बनाए लेकिन जब महिला ने उससे विवाह करने का दबाव डाला तो आरिफने इंकार कर दिया महिला ने अपने एक रिश्तेदार से उसकी शिकायत कर दी तब आरिफ विवाह करने के लिए तैयार हो गया और मंगलवार को फिर से महिला के घर पहुंच गया उसने उस पर फिर से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला इंकार करने पर उसने उसके साथ मारपीट की तब महिला थाने पहुंची और आरिफकी शिकायत पुलिस से कर दी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अब बचिए फ्रॉड कॉल से

लखनऊ। ट्रूकॉलर ने ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट का लॉन्च किया है। यह असिस्टेन्ट ऐसा इनोवेशन है जो मशीन लर्निंग और क्लाउड टेलीफोनी के द्वारा सबसे उपयोगी कॉल.स्क्रीनिंग समाधान उपलब्ध कराता है। यह आपके लिए कॉल्स के जवाब देता है और इसकी मदद से आप अनचाहे कॉलर का फोन सुनने से बच सकते हैं। कॉलर क्या कह रहा है आप उसका लाईव ट्रांसक्रिप्शन स्क्रीन पर देख सकते हैं और जान सकते हैं कि कॉलर कौन है और वह आपको क्यों कॉल कर रहा है। इसके बाद आप यह फैसला ले सकते हैं कि आपको यह फोन सुनना है या नहीं, आप एक टैप के साथ कॉलर से अधिक जानकारी ले सकते हैं या चाहें तो इसे स्पैम मार्क कर सकते हैं। ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट 14 दिनों के ट्रायल के लिए फ्री उपलब्ध है।

### वृहद रोजगार मेले का आयोजन 31 को

सीतापुर। सीतापुर जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा मां कमला देवी श्रीपीताम्बरा विद्यापीठ शिक्षा समिति और जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के संयुक्त तत्वाधान में 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार सहायता अधिकारी अमित कुमार ने बताया इस मेले में निजी क्षेत्र की तमाम प्रतिष्ठित कंपनियों को आमत्रिंत किया गया है, इसमें हाईस्कूल, इंटर, स्नातक आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो उनका चयन 10 हजार से 25 हजार तक के वेतन मान वाले पदों पर किया जाएगा। रोजगार मेंले में प्रतिभाग करने के लिए सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

कानपुरए। बीएमडब्ल्यू ने 2023 में तीनों ब्रैंड्स . बीएमडब्ल्यू एमिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोराड . के लिए अपना अभी तक का सर्वश्रेष्ठ अर्द्ध.वार्षिकए तिमाही और जून माह का प्रदर्शन किया है। विक्रम पावाह प्रेसिडेंट ने कहा कि ग्राहक हमारे सभी कार्यों के केन्द्र में होते हैं। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया श्रेणी में अग्रणी आरामए कार्यप्रदर्शन तथा सुन्दरता के साथ लग्जरी को पुनर्परिभाषित कर रहा है। अभी तक के उच्चतम अर्द्ध.वार्षिकए तिमाही और जून की उपलब्धि कंपनी के महत्वपूर्ण कदमों का परिणाम है। जॉय टाउन और द हाउस ऑफफ्रीडीज्म जैसे विशिष्ट अनुभवों ने मौजूदा ग्राहकों के साथ हमारे संबंध को मजबूत किया है और नए ग्राहकों को हमारे करीब लाया है। हमें इस उपलब्धि पर खुशी है और हम भावी सफलता की बुनियाद मजबूत करते रहेंगे।

### दिल्ली जा रहे युवक की लाश सड़क किनारे मिली

बरेली। दिल्ली जाने के लिए घर से निकले एक युवक की लाश आज सुबह सड़क के किनारे पाई गई पीलीभीत के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव दयोरिया कला निवासी 25 वर्षीय विकास पुत्र वेद प्रकाश की लाश आज सुबह इज्जत नगर थाना क्षेत्र में होटल रेडिसन के पास सड़क किनारे पाई गई, मृतक के घर वालों ने बताया कि विकास कल दिन में दिल्ली जाने के लिए घर से निकला था वह दिल्ली में एक डॉक्टर के पास काम करता है कुछ दिन पहले भी छुट्टी लेकर अपने घर आया था और कल शाम दिल्ली जाने के लिए ही वह घर से चला था वह दिल्ली नहीं पहुंचा और आज सुबह उसकी लाश इज्जत नगर थाना क्षेत्र में होटल रेडिसन के पास सड़क किनारे मिली उसके कपड़ों का बैग मोबाइल फोन व अन्य सामान गायब था और मुंह से झाग निकल रहे थे समझा जाता है बस में यात्रा करते समय वह जहरखुरानी गिरोह का शिकार हो गया और बस का चालक उसे सड़क किनारे छोड़ कर चला गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।

## अजीब बीमारी की चपेट में आए छात्र-छात्राएं

**सीतापुर।** सीतापुर के मिश्रिख तहसील अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय बीबीपुर में आठ छात्र-छात्राएं अजीब सी बीमारी की चपेट में पाए गए है। इसके बाद यहां अध्ययन रत बच्चों के अभिभावकों में हड़कंप जैसी स्थिति बन गई है। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग टीम ने बच्चों का परीक्षण कर दवाएं वितरित की है। स्वास्थ्य परीक्षण में छात्र निर्मल, मासूम और छात्रा जोया, प्रियंका, महिमा, फलक, जासमीन और सुमैया बीमार पाए गए। अब तक आठ छात्र-छात्राएं इस बीमारी की गिरफ्त में आ चुके है। इन सभी छात्र-छात्राओं में एक जैसे लक्षण देखने को मिले। सभी बच्चों ने हाथों में सूजन, शरीर पर दाने, खुजली, और बुखार से पीड़ित होने की बात कही है। कुछ बच्चों के हाथों में सूजन अधिक होने के कारण उनकी उंगली टेढ़ी पड़ गई है। मिश्रिख सीएचसी से पहुंची स्वस्थ्य टीम के डा. के. आशुतोष ने बताया कि बच्चों को एलर्जी हुई है इस मौसम में नमी और गंदगी के कारण ऐसा हो जाता है, बच्चों को दवाएं दे दी गई है।

# नगर निगम की भूमि पर कर रखे अवैध अतिक्रमण को कराया कब्जा मुक्त



● अवैध कब्जे को जेसीबी द्वारा कब्जा मुक्त कराया

**शाहजहांपुर।** नगर क्षेत्र को सुव्यवस्थित एवं सुन्दर नगर बनाने की दिषा में विकसित करने के उद्देष्य से महापौर अर्चना वर्मा व नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा के निर्देष पर नगर क्षेत्र में नगर निगम की भूमियों पर आमजन एवं दुकानदारों द्वारा कर रखे अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त कराये जाने हेतु नगर निगम के अधिकारियों को निर्देषित किया। राजस्व विभाग टीम, प्रर्वजन दल टीम एवं निर्माण विभाग के अधिकारियो द्वारा नगर क्षेत्र के चिनौर स्थित नगर निगम की गाटा संख्या-182, क्षेत्रफल लगभग 6000 वर्ग मी. भूमि को देखा गया। जिसमें से मौके पर ही लगभग 2000 वर्ग मी. भूमि पर क्षेत्रवासियों द्वारा कर रखे अवैध कब्जे को जेसीबी द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया। निर्देषित किया गया कि अवैध कब्जे को स्वंय ही हटा ले, अन्यथा की स्थिति में नगर निगम टीम द्वारा नगर निगम की अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने कार्यवाही की जायेगी। महाननगर में यातायात सुगम हेतु समस्त अतिक्रमणकारियों से अपील की गई कि नगर क्षेत्र में कर रखे अवैध अतिक्रमण को स्वंय ही हटा लें, अन्यथा की स्थिति में नगर निगम टीम द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

# 22 जुलाई को 30 करोड़ और 15 अगस्त को पांच करोड़ पौधे रोपे जाएंगे

**सीतापुर।** जिले को हरा-भरा और स्वच्छ रखने की दृष्टि से सीतापुर के जिला पंचायत नेहरू हाल में एक बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में वृक्षारोपण, जिले के विकास कार्यों को गति देने सहित अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने की। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों और क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों पर अपनी राय रखी। बैठक में मुख्य बिन्दु जिले में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाए जाने का रहा। जिसके अनुसार जिला पंचायत द्वारा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में वृहद रूप से वृक्षारोपण किए जाने का संकल्प सभी सदस्यों ने लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे रोपे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा 30 करोड़ पौधे 22 जुलाई को जबकि 5 करोड़ पौधे 15 अगस्त के दिन रोपे जाने का लक्ष्य मिला है। इसी के आधार पर जिला पंचायत द्वारा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में वृहद रूप से विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे जाएंगे। बता दें कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर एक हजार पौधे रोपे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लेकिन बैठक में जिला पंचायत सदस्यों द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि अधिक पौधे रोपने के बजाए उसी स्थान पर पौध रोपण किया जाए जहां पर भूमि खाली हो और पौधे की देखरेख भी की जा सके। जिस पर सर्व सम्मति से सहमती बनी। अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने कहा कि सभी सदस्यों को जरूरत के हिसाब से जिला पंचायत द्वारा पौधे दिलाए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने आई इंडिया से कहा कि हमारी एक सदस्य है नूरजहां जो अविवाहित है लेकिन उनके नाम के आगे श्रीमती लिख गया है ऐसी गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए इसके लिए भी सम्बन्धित को निर्देशित किया -

वृहद वृक्षारोपण अभियान के बाद पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। इसके बाद जिला पंचायत सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की विभागवार चर्चा की गई और क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों के बारे जानकारी भी दी गई। सभी सदस्यों ने मांग उठाई कि जिला पंचायत द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों के दौरान निर्माणाधीन मार्गों पर लगने वाले पत्थरों में जिला पंचायत सदस्यों का नाम लिखा जाए, जिस पर अध्यक्ष श्रद्धा सागर द्वारा सदस्यों के इस प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पास किया गया। श्रद्धा सागर ने सभी सदस्यों से स्थानीय भूमि की उपयोगिता के आधार पर कार्य को सफल बनाने का निवेदन किया गया, जिसे ध्वनिमत से सदस्यों ने स्वीकार किया।

# नदी के आसपास जमीन की पैमाइश कराई

● डीएम एक्शन मोड में



**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह एक्शन मोड में दिख रहे। नदी की जमीन पर भू-माफिया कब्जा कर उसको बेच रहे हैं। शिकायत मिलते ही डीएम ने राजस्व टीम मौके पर भेजी। टीम ने नदी के आसपास जमीन की पैमाइश कराई। इस दौरान नदी के आसपास बने मकान मालिक और भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया। डीएम ने जल्द से जल्द मामले में जांच रिपोर्ट मांगी है। खननौत नदी के बहते पानी से चंद कदम की दूरी पर जमकर अवैध निर्माण किया जा रहा है। कुछ दिन पहले सिटी मजिस्ट्रेट ने भी टीम के साथ शिकायत मिलने पर निरीक्षण किया था। कई अवैध मकान और कई जगह पर अवैध निर्माण मिला था। फिलहाल जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम की तरफ से अवैध निर्माण और अवैध कब्जा करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में लगातार भू-माफिया जमीन की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। जबकि कई ऐसे बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र हैं। जहां पर बैनामे कराने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन खननौत नदी के आसपास अवैध कब्जा और अवैध निर्माण को रोक नहीं पाया। धीरे-धीरे लोगों ने भू-माफियाओं से जमीन खरीदकर उसके ऊपर अवैध निर्माण करना शुरू कर दिया।

दिक्कतों का सामना तब करना पड़ता है जब बाढ़ आने का समय आता है। नदी का पानी धीरे-धीरे फैलने लगता है और पानी में अवैध निर्माण वाले घर डूबने लगते हैं। लेकिन भू-माफियाओं और पुलिस प्रशासन की मिलीभगत के कारण नदी से चंद कदम की दूरी पर अवैध कब्जा और अवैध निर्माण किया जाने लगा। डीएम के पास शिकायत पहुंचते ही उन्होंने तत्काल एक राजस्व की टीम मौके पर भेज दी। डीएम ने निर्देश दिए कि मौके पर जाकर पैमाइश कराएं और जल्द से जल्द मामले की जांच रिपोर्ट पेश की जाए। टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाईश करना शुरू कर दी। टीम को मौके पर कई अवैध निर्माण मिले। जिसको चिन्हित कर लिया गया है। भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि करीब दो साल पहले राजस्व की टीम नदी किनारे पैमाईश करने गई थी। उस समय भी नदी की जमीन पर कब्जा किया गया था। पैमाईश करने गई टीम पर भू-माफियाओं ने हमला कर दिया था। टीम को मौके से भागने पर मजबूर कर दिया था। उसके बाद सूचना पर रोजा थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी, लेकिन भू-माफियाओं की पैठ इतनी मजबूत है कि लगातार कार्रवाई के बाद भी पुलिस प्रशासन भू-माफियाओं पर कार्रवाई नहीं कर पाता है।

## धार्मिक तस्वीर के नीचे युवक ने किया गंदा काम

**बरेली।** कांवड़ यात्रा के पोस्टर फाड़ने और अनैतिक कृत्य करने के बाद एक मुस्लिम युवक ने पिलर पर बनी धार्मिक तस्वीर के नीचे गंदा काम किया यह पिलर इज्जतनगर में ओवरब्रिज का है युवक ने माहौल खराब करने की कोशिश की मामले की शिकायत ट्वीट कर की गई तब पुलिस मामले की जांच में जुट गई। इज्जतनगर की बड़ी विहार बीडीए कॉलोनी में तीन मुस्लिम युवकों ने कांवड़ यात्रा के पोस्टर फाड़कर शर्मनाक हरकत की थी पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा परतापुर क्षेत्र के निवासी ई-रिक्सा चालक मुस्लिम युवक ने इज्जतनगर में ओवरब्रिज के पिलर के नीचे अनैतिक कृत्य किया पिलर पर धार्मिक तस्वीर बनी हुई है ई रिक्शा में सवार किसी व्यक्ति ने इस हरकत को अपने मोबाइल में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले की शिकायत हिमांशु पटेल ने ट्वीट कर दी जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई पुलिस वीडियो के माध्यम से आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

# आज से मोहर्रम शुरू, अलम और ताजियों के निकाले जाएंगे जुलूस

● 29 जुलाई को होगा अशरा

● कमेटी का धार्मिक भावना को देखते हुए कावण यात्रा की बजह से ताजियों के जुलूस मे शाहजहांपुर गोला मार्ग, बरबर चौराहे नही किया जाऐगा अवरुद्ध, शिव भक्तों को नही होगी कोई यात्रा मे दिक्कत



**मोहम्मदी खीरी।** गम का महीना मोहर्रम 20 जुलाई से शुरू, पैगंबरे इस्लाम के नवासे और हजरत अली के बेटे इमाम हुसैन और उनके परिवार की कर्बला में शहादत की याद में मोहर्रम बड़े जोशो खरोश के साथ पूरे मुल्क में मनाया जाता हैए इसी सिलसिले में मोहम्मदी अंजुमन हुसैनिया और मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने बताया कि 20 जुलाई को मोहर्रम की 1 तारीख होगी 20 जुलाई से 29 जुलाई तक लगातार ईरान में तालीम हासिल कर रहे आजमगढ़ के मूलनिवासी मौलाना आजम अजमी बाजार खुर्द और शुक्ला पुर इमामबाड़ा में प्रतिदिन शाम को मजलिस को खेताब फरमाएंगे, उसके बाद अंजुमने हुसैनिया नोहा खानी और मातम करेगी, जो देर रात तक लगातार चलेगाए पाचवी मोहर्रम का जुलूस 24 जुलाई को बाजार खुर्द इमामबाड़े से उठेगा जो नगर का गस्त करता हुआ देर रात इमामबाड़े में समाप्त होगा, सातवी मोहर्रम 25 जुलाई को शाम को बाजार खुर्द से अलम का जुलूस उठेगा जो शुकलापुर इमामबाड़े मे समाप्त होगाए सातवी मोहर्रम 26 जुलाई को बाजार खुर्द से अलम का जुलूस निकाला जाएगा जो शुक्ला पुर होते हुए देवी स्थान देवी स्थान से नत्थू चौराहा नत्थू चौराहे से पत्नी चौराहा से अशोक चौराहा पीडी इंटर कॉलेज होते हुए मोहल्ला सरैया, सरैया से इस्लामिया इंटर कॉलेज होते हुए जामा मस्जिद जामा मस्जिद से देवस्थान देवी स्थान से नत्थू चौराहा होते हुए इमामबाड़े मे देर रात समाप्त होगा, आठवीं मोहर्रम 27 जुलाई का जुलूस बाजार खुर्द इमामबाड़े से ऊपर शुक्ला इमामबाड़े में समाप्त होगा 10 मोहर्रम 29 जुलाई को प्रातः काल 8.30 बजे ताजियों का जुलूस शुक्ला पुर से उठेगा जो शुक्ला को चौराहा होते हुए नत्थू चौराहा उतरनी चौराहा पानी वाली टंकी अस्पताल रोड होते हुए बर्बर चौराहा बर्बर चौराहे से गैस एजेंसी होते हैं गोरेला में स्थित कर्बला में ताजिए सुपुर्द-ए-खाक किए जाएंगे अब्बास रखी ने बताया प्रतिदिन अंजुमन हुसैनिया के मातम दास नोहा खानी और मातम, करेगी। वही कावण यात्रा मे चल रहे शिव भक्तों को देखते हुए कमेटी ने बरबर चौराहा पर ताजियों का जुलूस नही रोका जाएगी न वहां अलवैदाई मातम किया जाएगा, जिससे शिव भक्तों को कोई असुविधा हो।

# कालपी क्षेत्र में 1300 हेक्टेयर भूमि पर होगा सोलर प्लांट का निर्माण

- भूमि के लिए तहसीलदार समेत राजस्व टीम ने किया महेवा क्षेत्र का मुआयना
- 450 हेक्टेयर भूमि मिली, 350 हैक्टेयर भूमि बाकी 100 किसानों से मिलने की संभावना



**संवाददाता।** कालपी, जालौन

**बहुत** शीघ्र ही कालपी तहसील क्षेत्र के महेवा ब्लॉक अंतरगत एक और सोलर प्लांट लगने की कवायद पूरी हो जायेगी। सोलर प्लांट की स्थापना के लिये कंपनी को 1300 हेक्टेयर जमीन के लिये राजस्व अधिकारी लगातार ग्रामीणांचल में भ्रमण कर जमीन का निरीक्षण भी करने में जुटे हुये हैं।

महेबा ब्लाक में सोलर प्लांट के लिये प्रशासन सरकारी जमीन उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। अब देखना है कि कंपनी को जगह कब तक मिल पाती है और उस पर कार्य भी तेजी से कब से शुरू हो जाएगा लेकिन इतना तय है कि जिस प्रकार से स्थानीय प्रशासन जुटा है उससे पता चलता है कि कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। आपको बताते चले कि बीते दिन कालपी उप जिलाधिकारी केके सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तहसीलदार शेर बहादुर सिंह और नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह ने महेवा क्षेत्र में सरकारी भूमि का मुआयना किया।

इस मौके पर उनके साथ जमीनी मामलो के माहिर लेखपाल प्रमोद दुबे भी मौजूद रहे। जानकार सूत्रों की माने तो राजस्व टीम से कंपनी को 250 हेक्टेयर ग्राम पाल सरैनी में जबकि 200 हेक्टेयर ग्राम मलथुआ में मिलने की उम्मीद है जबकि जरूरत 1300 हेक्टेयर की है और इन मौजों में और ज्यादा से ज्यादा 100 हेक्टेयर किसानों से भी मिलने की उम्मीद जगी है अब देखना है कि यह प्रोजेक्ट कालपी में कब तक शुरू हो पाता है। फिलहाल प्रशासन का प्रयास जारी है।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़े में प्रशासन ने दिखाई सख्ती



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**सड़क** सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने विरेंद्र स्वरूप स्कूल के छात्रों को ले जा रही तीन मारुति वैन को सीज कर थाना राजापुर में खड़ा करा दिया। इन पर 1.06 लाख का जुर्माना लगाया है। इन मारुति वैन में बच्चों को ओवरलोड करके ले जाया जा रहा था तथा इनके प्रपत्र भी पूर्ण नहीं थे। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने शहर में अभियान चलाते हुए दो पहिया वाहन बिना हेलमेट वाहन चलाने के अभियोग में 32 चालान किए तथा रॉन्ग साइड वाहन चलाने के उपयोग में 3 चालान किए गए। एआरटीओ प्रशासन वी एन चौधरी तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें दो पहिया वाहन पर चालक एवं पीछे बैठी सवारी द्वारा हेलमेट का प्रयोग करने, कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने , वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करने तथा गलत दिशा में वाहन का संचालन न करने के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम किया गया तथा मार्ग पर हेलमेट न धारण करने वाले चालकों को गांधीगिरी करते हुए गुलाब का पुष्प भेंट किया, जिससे वे शर्मिंदा हों और नियम पालन करें।

# शासकीय विभाग जेम पोर्टल से ही करें खरीददारी: डीएम

- जिला स्तरीय जेम कार्यशाला की डीएम ने की अध्यक्षता

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय जेम कार्यशाला में कहा कि जेम पोर्टल भारत सरकार ने लागू किया है, जो ट्रांसपेरेंसी है। प्रदेश सरकार इसमें सहयोग कर रही है। अन्य प्रदेशों की अपेक्षा उप्र सरकार का अच्छा परफार्मेंस है।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शासनादेश के अनुसार जैम से ही कार्यालय में उपयोग होने वाली वस्तुओं की खरीद्दारी करें। मैन पावर की भी व्यवस्था करायें। जो समस्या है वह तकनीकी सलाहकार प्रवीण बाघवानी से संपर्क कर समाधान करायें, ताकि प्रदेश व जिले की प्रगति अच्छी रहे। कार्यशाला में जेम प्रकोष्ठ लखनऊ के तकनीकी सलाहकार प्रवीण वाधवानी, हिमांशु ने जेम गवर्नमेंट मार्केटप्लेस में आसान खरीदारी पारदर्शी प्रक्रिया कुशल प्रबंधन व निगरानी की बाबत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौ अगस्त 2016 को भारत सरकार के वाणिज्य कर कार्यालय से जेम पोर्टल की शुरुआत की गई थी।

23 अगस्त 2017 को उप्र सरकार ने शासनादेश जारी किया है कि सभी शासकीय विभाग अनिवार्य रूप से विभाग में उपयोग होने वाली वस्तुओं की खरीदारी जेम पोर्टल के ही करें। सभी कार्यालय अध्यक्ष जेम पोर्टल पर पंजीकरण करायें। जिन विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्य जिलों में होगा वह अपना आधार कार्ड आईडी देकर प्रतिस्थानी का पंजीकरण कराएंगे। 21 जून 2020 से भारत सरकार को प्रदेश सरकार ने क्रय नीति लागू की है। सूक्ष्म लघु एवं उद्यम विभाग ने भी शासनादेश जारी किया है। सभी एमएसएमई के तहत व्यवस्थायें दी गई है।

उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केसरवानी ने उद्यमियों से कहा कि जो उद्यमी पंजीकरण नहीं कराये, वह पंजीकरण यूआरसी पोर्टल की वेबसाइट पर ऑनलाइन 31 जुलाई तक करा लें। शासन ने 15 अगस्त से यूआरसी पांच लाख रुपए तक की दुर्घटना बीमा की सुविधा देगी।

# बम भोले के जयकारों के साथ शिवभक्तों का जत्था अमरनाथ यात्रा पर निकला



**जालौन**, उरई। हर-हर शंभू बम-बम भोले के जयकारों के साथ नगर से 51 शिव भक्तों का जत्था बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा के लिए निकला है। नगर से अमरनाथ की यात्रा पर जा रहे भक्तों पर पुष्पवर्षा कर जगह जगह स्वागत किया गया।

भगवान शंकर के अमरनाथ गुफा में बनने वाले बर्फ के शिवलिंग के दर्शन करने के लिए शिव भक्तों में खासा उत्साह है। मंगलवार की रात को नगर से रवाना हुए 51 शिव भक्तों का जत्था बैंड-बाजे की ध्वनि पर आगे बढ़ते हुए मस्ती में झूमते हुए आगे बढ़ रहा था। भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान मुस्तैद थे। नगर में जगह जगह पुष्प वर्मा कर अमरनाथ यात्रियों को स्वागत किया गया। नगर में काफी संख्या में लोग उन्हें छोड़ने के लिए आगे बढ़ रहे थे। भगवान शंकर के जयकारों व भजनों की ध्वनि से पूरे नगर का माहौल शिव भक्तिमय हो गया।

मां नवदुर्गा समिति के 51 सदस्यों का स्वागत स्वागत सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी आदि ने कर उन्हें बस से झांसी स्टेशन के लिए रवाना किया।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल का गठन



**फर्रुखाबाद।** विद्यार्थियों में अनुशासन एवम नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु सीपी इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की उपनिदेशिका श्रीमती अंजू राजे ने अपने कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण करके किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पद वितरित किए गए और हेड बॉय एवं हेड गर्ल का छात्रों द्वारा चुनाव कराया गया जिसमें नंदिनी गुप्ता को हेड गर्ल और उदित प्रधान को हेड बॉय के पद पर चुना गया। प्रांतिक राजपूत चौरिटी हाउस कैप्टन, प्रिया यादव चौरिटी हाउस प्रीफेक्ट, सीरत जेहरा जॉय हाउस कैप्टन, आयुष वर्मा जॉय हाउस प्रीफेक्ट, प्रकृति पीस हाउस कैप्टन बनाए गए। इसके अलावा 15 बच्चों को स्कूल प्रीफेक्ट बनाया गया। लगभग 50 मॉनिटर्स बनाए गए। उप निर्देशिका श्रीमती अंजू राजे ने अपने संबोधन में बताया यह बच्चे भविष्य में अपनी जिम्मेदारियों के प्रति हमेशा सजग रहेंगे।

# ग्राहकों को ऋण सुविधा पहुंचाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहक गोष्ठी का किया आयोजन

- ग्राहकों को विभिन्न योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी
- उपमहाप्रबंधक ने उद्यमियों से स्थापित किया सीधा संवाद




**संवाददाता।** बिंदकी, फतेहपुर

**बैंक** ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आज बिंदकी शाखा ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योग तथा खाद्य और प्रसंस्करण उद्योग की विस्तृत जानकारी देने के लिए ग्राहक गोष्ठी आयोजित की जिसमें उप महाप्रबंधक श्रीमती रचना मिश्रा ने कहा कि बीओबी विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन व जन-जन तक ऋण सुविधा पहुचाने हेतु प्रतिबद्ध है।

बुधवार को यहां ग्राहक गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी में विभिन्न सरकारी स्कीमों के बारे मे विस्त्रत जानकारी दी गई, जिसमें लगभग सत्तर ग्राहकों की सहभागिता की। गोष्ठी का उदघाटन उप महाप्रबंधक श्रीमती रचना मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिन्होंने सूक्ष्म एवं लघु उद्योग तथा खाद्य और प्रसंस्करण उद्योग में बैंक की सक्रिय भूमिका के बारे मे बताया और इन स्कीमों तथा उनके लाभ को ग्राहक को कैसे मिले इसके बारे में ग्राहकों को बड़े ही सरल शब्दों में समझाया।

इस अवसर पर फतेहपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख डी. के. श्रीवास्तव ने कहां कि बैंक ऑफ बड़ौदा को फतेहपुर तहसील से अधिक बिंदकी और खागा तहसील क्षेत्र से कारोबार प्राप्त होता है। गोष्ठी में एसएमई इंचार्ज रीजनल ऑफिस विकास कुमार सिंह ने ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी वही कार्यक्रम का संचालन कर रहे महेश कुमार ने भी विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्राहकों को अवगत कराया

## क्विक न्यूज

### स्कूल गेट के सामने लगा कचरे का अंबार

**फतेहपुर।** शहर के पीरनपुर स्थित चंद्रा बालिका इंटर कॉलेज के मुख्य गेट के सामने भारी मात्रा में कूड़ा कचरे का अंबार लगा है। जनपद में शायद ही कोई स्कूल होगा जहां इस तरह से कचरा फेंका जाता होगा। स्कूल के मुख्य द्वार पर लंबे समय से गंदगी की समस्या बनी हुई है, जिसके चलते स्कूली छात्रों सहित आसपास के रहवासियों को भी कई बीमारियों का सामना करना पड़ रहा हैं। यहां आयुर्वेदिक चिकित्सालय और स्कूल जैसे कई प्रमुख स्थान बने हुए हैं। कंटेनर नहीं होने के चलते यहां सड़क पर ही कचरा डाल दिया जाता है। स्कूल के मेन गेट के सामने गंदगी की समस्या विगत कई महीनों से है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि यहां कचरे के दौरान कई बार जाम लग जाता है और कई बार एक्सीडेंट हो गए हैं। इसके बावजूद भी नगर निगम द्वारा लंबे समय से कचरा नहीं उठाया गया है। रहवासियों का आरोप है कि नगर निगम के कामगार समय पर सफाई कार्य नहीं करते, यही कारण है कि क्षेत्र में गंदगी बढ़ रही है।

### डग्गामार बस का चालान करने में हुआ विवाद

**फर्रुखाबाद।** डग्गामार बस का चालान करने में यातायात उपनिरीक्षक का बस मालिको से नो पार्किंग में घुसकर पेट्रोल पम्प पर तेल भराने जा रही डग्गामार बस का चालान करनें पर बस मालिकों का टीएसआई से विवाद हो गया। मौके पर आस्तीने खीचनें की नौवत आ गयी। पंहुची थाना पुलिस नें समझाकर मामले को शांत किया। यातायात उपनिरीक्षक विष्णु दुबे कादरी गेट के रोडबेज बस अड्डे पर डियूटी पर तैनात थे। उसी दौरान बद्री विशाल कालेज के निकट पेट्रोल पम्प पर डीजल डलाने के लिए बस को चालक नें नो एंट्री में प्रवेश करा दिया। यह देखकर डियूटी पर तैनात टीएसआई विष्णु दुबे ने बस का चालान कर दिया। यह बात जब बस मालिकों को पता चला तो काफी संख्या में बस मालिक मौके पर आ गये। उनका आरोप था कि टीएसआई को 20 हजार रूपये ना देने पर बस का चालान किया।

### दुर्लभ हर्निया से पीड़ित 50 वर्षीय महिला का किया इलाज़

**कानपुर।** 50 वर्षीय महिला जो कि पेट के दाहिने हिस्से में दर्द की समस्या को लेकर डॉक्टर अभिमन्यु कपूर, कंसल्टेंट सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट से परामर्श के लिये आयी थी साथ मे सांस लेने में तकलीफ एवं छाती रोग विशेषज्ञ से इलाज की बात बताई। डॉ. अभिमन्यु द्वारा उनकी समस्त जाँचे करवाने पर पता चला कि उनको डायाफ्रामेटिक हर्निया की शिकायत है। हर्निया सामान्यता बांयें तरफ होता है परंतु इनमें यह दाहिने तरफथा। जो कि बहुत ही कम होता है। इस बीमारी में पेट एवं छाती के मध्य में एक झिल्ली होती है जिसे डायाफ्राम कहते हैं। चोट लगने या अन्य किसी कारणवश यह झिल्ली कमजोर हो जाती है। जिससे कि पेट के हिस्से में स्थित अंग छाती के हिस्से में आ जाते हैं इस वजह से मरीज को सांस लेने में तकलीफहोने लगती है एवं फेफड़े पर दवाब पड़ता है। इनमें लिवरए पित्त की थैली एवं ओमेंटम दाहिने तरफ के फेफड़े में स्थित थे। डॉ. अभिमन्यु कपूर ने दूरबीन विधि द्वारा झिल्ली की मर्रामत लिवर पित्त थैली एवं ओमेंटम को अपने स्थान पर लाकर एवं जाली लगाकर एक नया रूप दिया।

### विश्वेश्वर सिंह ने संभाला न्यायिक एसडीएम कालपी का चार्ज

**कालपी, जालौन।** आज कालपी में 2021 बैच के पीसीएस अधिकारी विश्वेश्वर सिंह ने न्यायिक एस डी एम कालपी का पद भार ग्रहण किया। इस मौके पर कालपी उप जिला अधिकारी केके सिंह भी मौजूद रहे। आपको बताते चले कि पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पूंछने पर बताया कि इसके पूर्व वे कानपुर, इटावा, आगरा, कन्नौज, और गाजियाबाद में सेवायें दे चुके हैं इतना ही नहीं अभी वे ललितपुर की तालबेहट तहसील में न्यायिक एसडीएम की पोस्ट में थे और अब वे कालपी तहसील में न्यायिक एस डी एम का कार्य देखेंगे। उन्होंने पूंछने पर बताया की वादकारियों का हित सर्वोपरि रहेगा उनका प्रयास होगा कि कोई भी ऐसा कार्य न हो जिससे किसी को परेशानी हो उन्होंने कहा कि वे केवल न्यायिक कार्य ही देखेंगे।

# बाढ़ग्रस्त ग्रामों में प्रशासन देगा हर सम्भव मददः एडीएम

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट



**जिले** के राजापुर तहसील अन्तर्गत सरधुआ इण्टर कॉलेज सरधुआ में अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह तथा उपजिलाधिकारी प्रमोद झा की उपस्थिति में राहत चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बाढ़ से निपटने के लिए ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि बाढ़ आने से पहले यमुना व पैश्वनी की तलहटी पर बसे गांव के लोगों को बताया कि बाढ़ आने से पहले जो लोग निचले इलाकों में निवास करते हैं, वह लोग विशेष रूप से सतर्क रहें। प्रशासन द्वारा स्थापित 8 बाढ़ चौकियों पर तैनात अधिकारी और कर्मचारियों से सम्पर्क करते रहें और बाढ़ के समय जमीन पर न सोयें चारपाई व तखत का प्रयोग करें। बाढ़ की स्थिति में जहरीले कीड़े अधिक निकलने की सम्भावनाएं बनी रहती हैं जिनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है और तहसील राजापुर में बाढ़ नियन्त्रण कन्ट्रोल रूम की स्थापना भी की जाएगी। जिसके प्रभारी तहसीलदार राजापुर रहेंगे और उनके मोबाइल नम्बर बाढ़ चौकियों के अलावा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के ग्रामीणों को भी सार्वजनिक किया जाएगा तथा जो गांव पूर्व में बाढ़ की चपेट में आए थे, उन गांवों के लिए विशेष व्यवस्थाएं जिला प्रशासन के द्वारा कराई जाएंगी।

# संतों की सेवा करना है पुनीत कार्य : राजा बाबू

**बांदा।** स्थानीय पचनेही गांव निवासी तथा नई दिल्ली में बीएसएफ ट्रेनिंग के आईजी राजा बाबू सिंह ने वृंदावन स्थित वृंदा कुंज में रह रहे सभी संतो के लिए 18 जुलाई से शुरू हो रहे पुरुषोत्तम मास को लेकर भागवत भजन व जनकल्याण की दिशा में कार्य करने वाले संतों के लिए आटा चावल दाल बेसन सोयाबीन तेल भी हल्दी मिर्च गरम मसाला नमक आदि अपने निजी वाहन से वृंदावन स्थित वृंदा कुंज मंदिर में रह रहे संतो को भेजा है राजा बाबू सिंह समय-समय पर बांदा के लोगों को तीर्थ यात्रा अच्छी नस्ल के साथ उपलब्ध कराना किसानों को उन्नत खेती कराने के लिए बाहर भेजना पौधरोपण कराना समय जनहित के करीब एक दर्जन कार्य कर रहे हैं।

# कृषकों को मिलने वाली सुविधायें अनवरत जारी रहेंगी: देवेंद्र सिंह

**कानपुर देहात।** जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी/तिलहन मेले का आयोजन ईको पार्क माती में आयोजित किया गया। खरीफ उत्पादकता गोष्ठी में मुख्य अतिथि सांसद अकबरपुर देवेन्द्र सिंह भोले, विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री, बाल विकास एवं पुष्टाहार, प्रतिभा शुक्ला, रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार, के साथ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा जैन ने किया। कृषि के इस समागम में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन भी उपस्थित थी। कृषि विभाग से सम्बन्धित विभिन्न अधिकारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

सांसद देवेन्द्र सिंह भोले ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि कृषकों को केन्द्र तथा राज्य सरकार की तरफ से जो भी सुविधाऐं मिल रही है, आगे भी कृषकों को इनका लाभ मिलता रहेगा। इस मौके पर राज्यमंत्री, बाल विकास एवं पुष्टाहार, प्रतिभा शुक्ला ने भी कृषक भाईयों की समस्याओं पर चर्चा करने के साथ शासन एवं प्रशासन द्वारा जो भी लाभ संभव है उन सब को दिलाने की बात कही। हमारी सरकार किसान भाईयों को किसान सम्मान निधि एवं फसल बीमा के माध्यम से मदद पहुंचा रही है।

# पेज एक का शेष

## मणिपुर, दिल्ली...

अधिक मकानों के निर्माण तथा संविधान की आठवीं अनुसूची में हो , मुंदारी और भूमिज भाषाओं को शामिल किए जाने की मांग भी रखी। शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल ने संवाददाताओं से कहा कि लोगों का पैसा बर्बाद नहीं होना चाहिए और सदन में कामकाज चलना चाहिए। सूत्रों ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में कहा कि सरकार मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में चर्चा को तैयार है। विपक्षी दलों ने मणिपुर की स्थिति और दिल्ली सेवा अध्यादेश जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर मानसून सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी की है। मानसून सत्र का आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब एक दिन पहले ही 26 विपक्षी दलों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का गठन किया ताकि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को चुनौती दी जा सके। आप नेता संजय सिंह ने संवाददाताओं से कहा, संविधान संशोधन के विषय को अध्यादेश के जरिए कैसे पारित किया जा सकता है? दिल्ली की दो करोड़ जनता के अधिकारों को कुचलने का और केजरीवाल सरकार को नहीं चलने देने का हम लोग जमकर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ यह अध्यादेश लाने का विरोध करेगी। सिंह ने कहा कि संघीय ढांचे को कुचलने के लिए इस प्रकार से अध्यादेश लाना शर्मनाक है। लोकसभा में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी एवं डीन कुरियोकोस, द्रमुक के ए राजा, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन अध्यादेश 2023 को निष्प्रभावी करने संबंधी एक नोटिस दिया है। संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कहा कि आज केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई जिसमें 34 दलों के 44 नेताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ महत्वपूर्ण सुझाव आए। ये सुझाव विपक्षी दलों से भी आए और सहयोगी दलों से भी मिले। जोशी ने बताया कि सत्र के दौरान सरकार के पास 31 विधाई विषय हैं। लोकसभा की बुलेटिन के अनुसार, इनमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 शामिल है। इस सत्र का समापन 11 अगस्त को प्रस्तावित है। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें प्रस्तावित हैं।

## लोकसभा चुनाव...

को नजरअंदाज किया।' मायावती ने कहा, अगर कांग्रेस ने अपनी जातिवादी और पूंजीवादी मानसिकता को अलग रखा होता, गरीबों और पीड़तों के कल्याण के लिए काम किया होता और बी आर आंबेडकर के विचारों का अनुसरण किया होता, तो बसपा बनाने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

## नीतीश ने...

अटकलों के बारे में पूछे जाने पर नीतीश ने कहा, हमारी ऐसी कोई इच्छा नहीं है। हम सभी को एकजुट करने में लगे हुए हैं। देश के हित में काम होना चाहिए हमारी कोई व्यक्तिगत पसंद नहीं है।

## शीर्ष न्यायालय...

का प्रयास किया जाता है तो वह सीधे शीर्ष अदालत आ सकती है। गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर सबूत गढ़ने के आरोप में सीतलवाड़ को पिछले साल 25 जून को गुजरात के पूर्व पुलिस महानिदेशक आर बी श्रीकुमार और पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट के साथ अहमदाबाद अपराध शाखा पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले में हिरासत में लिया गया था। अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने 30 जुलाई, 2022 को सीतलवाड़ और श्रीकुमार की जमानत अर्जी यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि उनकी रिहाई से गलत काम करने वालों के लिए यह संदेश जाएगा कि कोई व्यक्ति आरोप लगा सकता है और दंड से बच सकता है। उच्च न्यायालय ने तीन अगस्त, 2022 को सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था और मामले की सुनवाई 19 सितंबर को तय की थी। इस बीच, सीतलवाड़ ने उच्च न्यायालय द्वारा याचिका पर विचार करने से इनकार करने के बाद अंतरिम जमानत के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया। शीर्ष अदालत ने पिछले साल दो सितंबर को सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत दे दी थी और गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा उनकी नियमित जमानत याचिका पर फैसला करने तक अपना पासपोर्ट निचली अदालत में जमा करने को कहा था।

## चमोली में...

दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 1-1 लाख रुपए की सहायता राशि अविलंब देने का निर्देश दिया है। धामी ने दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया है और कहा कि हादसे के लिए दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कार्वाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी को जांच अधिकारी नामित करते हुए उन्हें एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने त्रिपाठी को अपनी जांच में दुर्घटना के कारणों और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचने और उन्हें रोकने के लिए उपाय व सुझावों को भी शामिल करने को कहा है। चमोली के मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने बताया कि घायलों को हेलिकाप्टर से एम्स, ऋषिकेश भेजा जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी फोन पर मुख्यमंत्री से घटना के विषय में जानकारी ली। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि इसमें पुलिस एक उपनिरीक्षक और तीन होमगार्ड जवानों की मृत्यु हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक-संतप्त परिवारों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

## आग से...

सैन्यकर्मियों को धुएं के कारण सांस लेने में परेशानी हुई और वो झुलस गए। उन्होंने कहा कि तीनों घायलों को हवाई माध्यम से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## बेंगलुरु से...

में थे। पुलिस आयुक्त ने बताया कि नजीर का पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंध है तथा उसके गिरोह के सदस्य बड़ी आंतकी साजिश को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक अन्य सरगना जो विदेश में छिपा है, उस पर 2017 में अपने प्रतिद्वंद्वी नूर अहमद की हत्या का आरोप है। दयानंद ने बताया कि अहमद की हत्या के मामले में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, पांचों संदिग्ध इसी हत्या मामले में गिरफ्तार किए गए 21 लोगों में से हैं। उन्होंने बताया, हमने संदिग्धों पर गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की आगे की जांच के लिए उन्हें 15 दिनों की हिरासत में ले लिया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आगे की जांच से पता चलेगा कि आतंकी गतिविधि में और कितने लोग शामिल हैं और वे सभी किस संगठन से जुड़े हैं। उन्होंने बताया, 'गिरफ्तार संदिग्धों को विदेश में छिपे उसके एक आतंकी सरगना ने हथियार और अन्य सामान उपलब्ध करवाया और उसे शहर में बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने के निर्देश दिए थे। इस बीच, विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में कांग्रेस सरकार पर आतंकवादियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री आर. अशोक ने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार के आने के बाद से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए राष्ट्र-विरोधी ताकतों के हौंसले बढ़ गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गिरोह का भंडाफोड़ करने के लिए सीसीबी की सराहना की। उन्होंने इस मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपे जाने की मांग की।

## बच्ची की...

हस्तक्षेप पर भीड़ तितर-बितर हुई। पीड़िता की रिश्तेदार ने दावा किया कि बुधवार की सुबह जब वह अपने काम पर जाने के लिए सड़क से गुजर रही थी, तो उसने पूर्णिमा को बालकनी में नाबालिग लड़की को पीटते हुए देखा। वह फौरन अन्य लोगों के साथ दंपति के घर गई। काफी हंगामे के बाद अंदर से दरवाजा खोला गया। लड़की ने बाहर आकर आपबीती सुनाई। नाबालिग के अनुसार बालकनी की सफाई ठीक से नहीं करने की बात कहकर महिला पायलट ने उसे पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने कहा कि पीड़िता के माता-पिता बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के एक गांव के रहने वाले हैं। पीड़िता के चाचा ने आरोपी पायलट और उसके पति पर बच्ची के साथ प्रताड़ना के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बच्ची को पिछले तीन-चार दिनों तक भूखा भी रखा गया और खाने के लिए बासी खाना दिया गया। उसकी पिटाई भी की गई। लड़की के चाचा ने कहा कि कुछ दिन पहले बच्ची महिला पायलट की वर्दी इस्त्री कर रही थी। गलती से गर्म इस्त्री से कपड़े जल गए। वह 10 साल की बच्ची है, उससे आप क्या उम्मीद करते हैं? जब आरोपी महिला ने यह देखा, तो उसने छोटी सी लड़की को उसी इस्त्री से जला दिया। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम हर्ष वर्धन ने बताया कि जांच में पता चला कि पीड़ित बच्ची पिछले दो महीने से दंपति के घर पर काम कर रही थी। उसकी आंखों पर चोट लगी है और उसके शरीर पर भी जले होने के निशान हैं। जले होने के निशान पुराने लगते हैं, जबकि चोट के अन्य निशान ताजा हैं। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि हमने भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 324 (खतरनाक हथियारों या साधनों से स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 370 (किसी व्यक्ति को गुलाम के रूप में खरीदना), बाल श्रम अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी पायलट की शिकायत पर भी अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस घटना पर सोशल मीडिया पर हंगामे के बीच इंडिगो एयरलाइन ने बुधवार को कहा कि उसने महिला पायलट को ड्यूटी से हटा दिया है और मामले की जांच की जा रही है। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि नाबालिग लड़की को घरेलू नौकरानी के रूप में रखने और क्रूरता पूर्वक उसे प्रताड़ित करने पर कठोर कार्रवाई की बात कही है। शीर्ष बाल अधिकार निकाय एनसीपीसीआर ने नई दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट से सात दिनों के भीतर घटना के संबंध में आरोपी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की प्रतियां, पीड़िता की चिकित्सा स्थिति और अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों समेत एक तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

## जनरल कोच...

लागू किया गया है और बृहस्पतिवार से यह 13 और स्टेशनों पर लागू होगा। उन्होंने बताया कि इन काउंटर पर 200 मिलीलीटर के पेयजल के गिलास उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इसे यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू किया गया है, खासकर उन डिब्बों के वास्ते जहां अक्सर भीड़भाड़ रहती है।

# नौसेना अभ्यास के लिए चीन ने अपने युद्धपोत भेजे

एपी। बीजिंग

**चीन** ने बुधवार को कहा कि उसने रूस की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास करने के लिए अपने युद्धपोतों को रवाना किया है। चीन के इस कदम से संकेत मिलता है कि यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को के आक्रमण को बीजिंग का समर्थन जारी है। वह संघर्ष को लेकर तटस्थ है लेकिन उसने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर रूस को उकसाने का आरोप लगाया है तथा उसने रूस के साथ मजबूत आर्थिक राजनयिक और व्यापारिक रिश्तों को बरकरार रखा है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, युद्धाभ्यास में 10 से ज्यादा पोत और 30 से अधिक विमान हिस्सा लेंगे। मंत्रालय एवं शिन्हुआ ने इस बाबत कोई ब्यौरा नहीं दिया है लेकिन माना जाता है कि यह अभ्यास आने वाले दिनों में जापान के सागर के एक हिस्से में होगा।

## रूस ने यूक्रेन में लगातार दूसरी रात हवाई हमले किए

● ओडेसा क्षेत्र को निशाना बनाया

एपी। कीव



**देशभर** में रात के समय हुए सिलसिलेवार हवाई हमलों में रूस द्वारा दागी गई मिसाइलों और ड्रोनों ने अनाज और तेल टर्मिनलों सहित दक्षिणी यूक्रेन में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है और इसमें कम से कम 12 लोग घायल हो गए। इसके हमले में लगातार दूसरी रात दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा पर निशाना साधा गया। कुछ दिन पहले ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि मॉस्को ब्लैक सी ग्रेन इनीशिएटिव में अपनी सहभागिता रोकेगा। इस पहल से दुनिया तक खाद्यान्न का निर्यात बढ़ा और कई ऐसे देशों तक अनाज पहुंचा जो भुखमरी का सामना कर रहे थे। क्रीमिया में रूस के आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि एक सैन्य केंद्र पर आग लगने की वजह से चार गांवों से 2,200 से अधिक लोगों को निकाला गया। क्रीमिया में रूस द्वारा नियुक्त प्रायद्वीपीय मामलों के प्रमुख सर्गेई एक्सियोनोव के अनुसार एक महत्वपूर्ण राजमार्ग को बंद कर दिया गया। उन्होंने किरोव्स्की जिले में केंद्र में आग लगने का कोई कारण नहीं बताया। दो दिन पहले ही रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले पुल पर हमला हुआ था, जिसके लिए रूस ने यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया था।

कीव सिटी सैन्य प्रशासन के प्रमुख सरही पोपको ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा, पूरे यूक्रेन के लिए हवाई हमलों की भयावह रात।

यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि हाल के दिनों में यूक्रेन के अधिक हिस्सों पर और भी ड्रोन और मिसाइल दागे जाने की खबरें हैं। पोपको ने कहा कि लगातार दूसरी रात विशेष रूप से ओडेसा पर हमले किए गए। यूक्रेन की सेना के ऑपरेशनल कमांड साउथ ने कहा कि ओडेसा क्षेत्र में हमले में कम से कम 12 नागरिक घायल हुए। ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि हमले में बंदरगाह और अन्य बुनियादी संरचनाओं को निशाना बनाकर दर्जनों मिसाइल और ड्रोन दागे गए। यूक्रेन के पोलतावा और किरोवोहराद क्षेत्र के अधिकारियों ने भी हमले होने की बात कही है।

# ब्यूटी सैलून पर प्रतिबंध के खिलाफ अफगान महिलाएं सड़क पर उतरीं

● तालिबान ने किया बल प्रयोग

एपी। काबुल




**तालिबान** द्वारा देशभर में ब्यूटी सैलून बंद करने के आदेश के बाद दर्जनों अफगान महिलाओं ने बुधवार को प्रतिबंध का विरोध किया। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारी महिलाओं पर पानी की बौछार की, स्टन गन का इस्तेमाल किया और हवा में गोलियां चलाईं।

तालिबान ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि वे अफगानिस्तान में सभी सैलून को अपना व्यवसाय और दुकानें बंद करने के लिए एक महीने का समय दे रहे हैं। इस आदेश के महिला उद्यमियों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों ने चिंता जताई है। तालिबान का कहना है कि वे सैलून को गैरकानूनी घोषित कर रहे हैं क्योंकि वे कथित तौर पर इस्लाम द्वारा निषिद्ध सेवाएं प्रदान करते हैं और शादी के उत्सव के दौरान दूल्हे के परिवारों के लिए आर्थिक कठिनाई पैदा करते हैं। यह आदेश तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा की ओर से आया। यह अफगान महिलाओं और लड़कियों को शिक्षा, सार्वजनिक स्थानों और अधिकांश प्रकार के रोजगार से प्रतिबंधित करने वाले आदेशों के बाद उनके अधिकारों और स्वतंत्रता पर नवीनतम अंकुश है। तालिबान के आदेशों के सार्वजनिक विरोध के एक दुर्लभ संकेत में, दर्जनों ब्यूटीशियन और मेकअप कलाकार प्रतिबंध का विरोध करने के लिए राजधानी काबुल में एकत्र हुए। खुद को फरजाना बताने वाली एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम यहां न्याय के लिए हैं।

# पुतिन अगले माह दक्षिण अफ्रीका में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे

एपी। केपटाउन (दक्षिण अफ्रीका)



**दक्षिण** अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि अगले महीने जोहानिसबर्ग में होने वाले ब्रिक्स आर्थिक शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हिस्सा नहीं लेंगे।

इस फैसले का मतलब यह है कि दक्षिण अफ्रीका को इस दुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा कि वह रूसी नेता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की तामील कराए या नहीं।

दक्षिण अफ्रीका ने उस संधि पर दस्तख्त किए थे जिसके तहत आईसीसी का गठित किया गया था। संधि के तहत उसका दायित्व है कि वह पुतिन को गिरफ्तार करे। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने इस बात के संकेत दिए थे कि वह गिरफ्तारी वारंट की तामील नहीं कराएगा।

मगर बुधवार की घोषणा के बाद दक्षिण अफ्रीका इस परेशानी से बच जाएगा। रामाफोसा ने हाल में पुतिन से फोन पर बात की थी जिसके बाद यह घोषणा की गई है।

रामाफोसा के दफ्तर ने कहा कि शिखर सम्मेलन में पुतिन के शामिल नहीं होने का निर्णय आपसी सहमति से लिया गया है। 22-24 अगस्त को होने वाले शिखर सम्मेलन में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# भारत समेत अन्य देशों के पर्यटकों को लुभाने की कोशिश कर रहा है श्रीलंका

भाषा। कोलंबो

**आर्थिक** संकट से जूझ रहा श्रीलंका पर्यटकों को लुभाने के लिए अगस्त की शुरुआत में व्यापक अभियान चलाएगा। श्रीलंका के उद्देश्य भारत और अन्य देशों के पर्यटकों को आकर्षित करने का है।

श्रीलंका के पर्यटन एवं भूमि मंत्री हरिन फर्नांडो ने अपने देश को स्थिति के साथ ढलने वाला देश और अवसरों की भूमि बताते हुए अधिक से अधिक भारतीयों से अपने यहां आने का न्योता दिया।

उन्होंने पर्ल ऑफ द इंडियन ओशन (श्रीलंका को इस नाम से भी पहचाना जाता है) का लुत्फ उठाने की भी अपील और कहा कि यहां साल के 365 दिन समुद्र तटों का आनंद उठाने, स्कूबा डाइविंग करने से लेकर सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानने के कई विकल्प मौजूद हैं।

श्रीलंका पर्यटन संवर्धन ब्यूरो (एसएलटीपीबी) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, देश ने इस साल के अंत तक करीब 15.5 लाख विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। उसने 2024 तक यह आंकड़ा 25 लाख तक बढ़ने और 2030 तक 40 लाख तक पहुंचने का अनुमान लगाया है।

एसएलटीपीबी के चेयरमैन चालका गजबाहु ने कहा कि द्वीपीय राष्ट्र के पर्यटन क्षेत्र को बहाल करने और उसका कायाकल्प करने की तैयारी करने के मद्देनजर भारत हमारा नंबर एक बाजार है और लंबे समय तक बना रहेगा।

भारत एक अरब से अधिक लोगों वाला देश है और दुनिया में सबसे मजबूत मध्यम वर्ग वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से वह श्रीलंका के प्रमुख बाजारों में से एक है। उसके बाद चीन का नंबर आता है। गजबाहु ने कहा कि श्रीलंका के पर्यटन को पटरी पर लाने के लिए अगस्त की शुरुआत या जुलाई के अंत में दो महीने का व्यापक अभियान शुरू होगा। यह 360-डिग्री दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह जनसम्पर्क अभियान और सोशल मीडिया के माध्यम से चलाया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में यात्रियों को यह बताने की कोशिश की जाएगी कि श्रीलंका सुरक्षित है और आगंतुकों का स्वागत करने के लिए तैयार है। इसके जरिए नकारात्मक प्रचार को खत्म करने की कोशिश की जाएगी। दूसरे चरण में तीन स्तंभों सघनता, विविधता और प्रामाणिकता पर केंद्रित वैश्विक अभियान चलाया जाएगा। वहीं पर्यटन मंत्री ने कहा कि आखिरी बार पर्यटन के लिहाज से 2018 हमारे लिए बेहतरीन वर्ष रहा था, जब 23 लाख विदेशी सैलानी देश आए थे।

# पांच भारतीय छात्रों ने ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2023 की सूची में जगह बनाई

भाषा। लंदन

● वार्षिक पुरस्कार एक असाधारण छात्र को दिया जाता है, जिसने अपने साथियों के जीवन और उससे परे समाज पर वास्तविक प्रभाव डाला है

**भारत** में पढ़ने वाले पांच छात्रों ने एक लाख अमेरिकी डॉलर के चेग डॉट ओआरजी के ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2023 के लिए शीर्ष 50 छात्रों की सूची में जगह बनाई है। इन छात्रों को 122 देशों के 3,851 छात्रों में से चुना गया है। यह वार्षिक पुरस्कार एक असाधारण छात्र को दिया जाता है, जिसने सीखने, अपने साथियों के जीवन और उससे परे समाज पर वास्तविक प्रभाव डाला है। इस सूची में पंजाब के लुधियाना में सत पाल मित्तल स्कूल की छात्रा नाम्या जोशी (16), तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में वनिता इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा विनिशा उमाशंकर (16), गुजरात के गांधीनगर में गुजरात मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च सोसाइटी मेडिकल कॉलेज के छात्र ग्लैडसन वाघेला (25), राजस्थान के कोटा में सर पदमपत सिंघानिया स्कूल के कम्प्यूटर विज्ञान के छात्र पद्माक्ष खंडेलवाल (17) और पंजाब के मोहाली में चंडीगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज, लांदरां के सूचना प्रौद्योगिकी के छात्र रविंदर बिश्नोई (20) ने जगह बनाई है। चेग डॉट ओआरजी के प्रमुख एवं मुख्य संचार अधिकारी हीदर हैटलो पोर्टर ने कहा, चेग न केवल आपकी उपलब्धियों का जश्न मनाता है, बल्कि उन अनंत संभावनाओं को भी दर्शाता है जो तब मौजूद होती हैं जब युवाओं का मन-मस्तिष्क बदलाव के जुनून से प्रेरित होता है।

**PUBLIC NOTICE**

I, Chander Kala W/o Sh. Ashok Kumar Taak R/o EG-7, 1st Floor, Inderpuri, Delhi-110012 had entered into a MOU for property bearing Khasra No. 1323 kha, Plot No. 34 (New) Village Pondha, Tehsil Vikas Nagar, Dehradun, Uttarakhand measuring about 180 sq. yds with Sh. Sanjay Kumar S/o Sh. M.P. Singh R/o Ghaziabad, Uttar Pradesh around February, 2018 with a token amount and balance consideration was to be paid to me within 7 months. Since Mr. Sanjay has failed to pay the balance consideration as per the MOU for the aforesaid property and has neither contacted me since February, 2018.. The MOU entered stands terminated and I am now free to use or negotiate this property with another buyer.

Chander Kala

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार श्री मती निशा, संपत्ति संख्या 310,क्षेत्रफल26.5 वर्ग Yds की मालिक हैं। छत के अधिकार के बिना भूतल, खसरा नंबर 546,309,310,311,354,565,547,309,310,गांव चौकरी मुबारकाबाद, शहजादा बाग,पुराना रोहतक रोड,नई दिल्ली की मालिक हैं। और श्री राम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है.तथा,श्री मती निशा के पास प्रापर्टी से सम्बंधित मूल कागजात।.विजय कुमार पुत्र स्व.रामनाथ के पक्ष में जीपीए, एटीएस और वसीयत गुम हो चुका है इसलिए यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय कविता चौहान और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन

चेंबर न. ४६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०,द्वारका, नई देहली.- मो. न. ९८९९०१३९१८

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदवारा सूचना दी जाती है कि फ्लैट संख्या 151, सरगोधा विहार सी.जी.एच.एस. लिमिटेड प्लॉट नंबर 13, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली-110075, का आवंटन पत्र, मेरे मुवक्किल सुभाष चंदर कपिल पुत्र श्री शंकर दास द्वारा खो दिया गया है। एक एन.सी.आर/प्राथमिकी दिल्ली पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एलआर नंबर 670269/2023 दिनांक 18.07.2023 पर पंजीकृत/दर्ज किया गया है। प्राप्तकर्ता/दावेदार कृपया इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर संबंधित सोसाइटी/अधोहस्ताक्षरी को लिखित में सूचित/दावा करें। उसके बाद खोए/गुम हुए दस्तावेजों के उपयोगकर्ता/धारक उपयोग के लिए स्वय जिम्मेदार होंगे।

PREM PRAKASH (ADVOCATE)
Legalpath Competent Lawyers LLP
207, Plot-I, MLU Sector-10, Dwarka, New Delhi - 110075 (Ph: 9871268399)

# ब्रिटिश जासूस रूस को हथियारों की आपूर्ति बाधित करने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहेः रिचर्ड मूर

एपी। प्राग (चेक गणराज्य)



**ब्रिटेन** की खुफिया एजेंसी एमआई6 के प्रमुख रिचर्ड मूर ने बुधवार को कहा कि ब्रिटिश जासूस पहले से ही रूस को हथियारों की आपूर्ति में बाधा डालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी जासूसों को शत्रुतापूर्ण देशों द्वारा एआई के घातक इस्तेमाल पर नजर रखने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। मूर ने यूक्रेन पर हमले का विरोध करने वाले रूसियों से ब्रिटेन के लिए जासूसी करने का आग्रह किया और कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से अन्य लोग पहले ऐसा कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं। मूर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक बड़े खतरे के रूप में चित्रित किया। उन्होंने चीन को अपनी एजेंसी के लिए रणनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, हमें इस बारे में खुफिया जानकारी प्राप्त करने का काम सौंपा जाएगा कि कैसे शत्रुतापूर्ण देश एआई का इस्तेमाल हानिकारक, लापरवाह और अनैतिक तरीकों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई मानव जासूसों की जगह नहीं लेगा और तेजी से विकसित हो रहे मशीन लर्निंग के युग में मानव कारक महत्वपूर्ण रहेगा। मशीन लर्निंग कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एक प्रकार होता है। मूर ने यहां ब्रिटिश राजदूत के आवास पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन में रूस का सैन्य अभियान समाप्त हो गया है और रूसी सेना के फिर से गति हासिल करने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की जवाबी कार्वाई कठिन संघर्ष साबित हो रहा है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह सफल होगा।

# पाकिस्तान में भारी बारिश से दीवार गिरी, 11 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद में भारी बारिश के बाद एक इमारत की दीवार गिरने से बुधवार को 11 श्रमिकों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यहां इसकी जानकारी दी। स्थानीय पुलिस अधीक्षक (एसपी) खान जेब ने 11 श्रमिकों के मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मलबे से 11 शव बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि हादसे के सभी छह घायलों को पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती करवाया गया है, जहां वे सब खतरे से बाहर हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना पर गहरा दुख और शोकै जताया है। पाकिस्तान में पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है।

# महिला न्यायाधीश को धमकी देने के मामले में पूर्व पाक प्रधानमंत्री इमरान खान ने फिर मांगी माफी

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक महिला न्यायाधीश के खिलाफ अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए बुधवार को फिर से माफी मांगी और कहा कि अगर उन्होंने हद पार कर दी थी तो उन्हें इस बात का खेद है।

सत्ता से बेदखल होने के कुछ महीने बाद खान ने एक उग्र भाषण में इस्लामाबाद के शीर्ष पुलिस अधिकारियों और न्यायाधीश जेबा चौधरी को धमकी देते हुए कहा कि वह उन्हें बख्शेंगे नहीं तथा उनकी पार्टी के नेता शाहबाज गिल को प्रताड़ित करने के लिए उनके खिलाफ मामले दर्ज कराएंगे। जियो न्यूज की खबर के अनुसार खान (70) ने बुधवार को मामले के संबंध में जिला एवं सत्र अदालत में फिर से माफी मांगी। मामले की सुनवाई के दौरान इस्लामाबाद के न्यायिक मजिस्ट्रेट मलिक अमान की अदालत में पेशी के दौरान खान ने माफी मांगी। खान ने पहले भी अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए माफी मांगने की इच्छा व्यक्त की थी। सुनवाई के दौरान, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष खान ने कहा कि जब वह पहले उक्त न्यायाधीश के अदालत कक्ष में गए थे तो उन्होंने खेद जताया था।

खान ने न्यायाधीश अमान से कहा, मैं महिला न्यायाधीश की अदालत में गया और कहा कि अगर मेरे बयान से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं।

धमकी देने के एक महीने से अधिक समय बाद खान माफी मांगने के लिए न्यायाधीश के अदालत कक्ष में गए। लेकिन पुलिस ने महिला न्यायाधीश का कमरा बंद कर दिया और बताया कि वह छुट्टी पर हैं।

बुधवार को संघीय राजधानी की जिला और सत्र अदालत में खान ने एक भावुक भाषण में कानूनी कार्वाई की मांग की और अपने बयान पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा, अगर मैंने हद पार कर दी थी तो मैं माफी मांगता हूं।

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, **SHRI RAKESH MALHOTRA S/O SHRI DHARAM DEV MALHOTRA R/O FLAT NO.D-4/4156, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070, is the owner of DDA SFS FLAT NO.4156, ON FIRST FLOOR ALONGWITH SCOOTER GARRAGE, SECTOR-D, POCKET-4, CATEGORY-III, SITUATED AT VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070, VIDE DDA FILE NO.F.126(7774)83/SFS/VK/III.** The original documents i.e. **Original POSSESSION LETTER and NOC FOR WATER & ELECTRICITY CONNECTION** of the above said property have been lost or misplaced by our client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No.671717/2023 dated 19.07.2023)**. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB Housing) SFS or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal (Advocate)**
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**Public Notice**

This is to inform General Public Notice that Mr. Anand Mohan Rastogi acquired 50% Undivided share in the below mentioned Floor vide Gift Deed dated 19-06-2023 executed by Mr. Manmohan Rastogi in his favour Registered as Doc No-10114. Col. Vijai Prakash Rastogi got 50% Undivided share in the said floor vide Registered will executed by Mr. Radhey Lal Rastogi in his favour. The above-mentioned persons are owners of Second Floor (Without Roof Rights), "Said Floor" Property Bearing No. 2, Land area measuring 272 Sq. yds. i.e 227.48 Sq. mtrs. in Block-EA, Situated at Model Town, Delhi-110009.Now, Mr. Anand Mohan Rastogi & Col. Vijay Prakash Rastogi intends to sell the above said property to Mr. Gaurav Gulati and further Mr. Gaurav Gulati has agreed to create mortgage in respect of the said Floor in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

# संरा के प्रयासों का समर्थन करता है भारतः गुतारेस

भाषा। संयुक्त राष्ट्र



**भारत** ने काला सागर अनाज पहल जारी रखने में संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों के प्रति समर्थन व्यक्त किया है और मौजूदा गतिरोध का शीघ्र समाधान होने की उम्मीद जताई है। इससे एक दिन पहले ही रूस ने घोषणा की थी कि वह युद्ध के दौरान यूक्रेनी बंदरगाह से खाद्यान्न एवं उर्वरकों के निर्यात की अनुमति देने संबंधी समझौते का क्रियान्वयन रोक रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने यूक्रेन के अस्थाई कब्जे वाले क्षेत्रों में स्थिति पर महासभा की वार्षिक बहस में कहा कि भारत क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम को लेकर चिंतित है, जो शांति एवं स्थिरता के बड़े मकसद को हासिल करने में मददगार साबित नहीं हुआ है।

कम्बोज ने कहा, भारत ने काला सागर अनाज पहल को जारी रखने में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रयासों का समर्थन किया है और वह वर्तमान गतिरोध के शीघ्र समाधान की उम्मीद करता है। उन्होंने कहा, भारत यूक्रेन में हालात को लेकर चिंतित है। इस संघर्ष के कारण कई लोगों की जान गई है और कई लोगों, विशेषकार महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को कष्ट झेलने पड़ रहे हैं। लाखों लोग बेघर हो गए हैं और वे पड़ोसी देशों में शरण लेने को मजबूर हैं। कंबोज ने कहा कि यूक्रेन में संघर्ष को लेकर भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित बना रहेगा। उन्होंने कहा, हम यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान कर रहे हैं और दक्षिण में हमारे कुछ पड़ोसियों को ऐसे समय में आर्थिक मदद दे रहे हैं, जब वे आर्थिक संकटों के बीच भोजन, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती लागत की समस्या से जूझ रहे है, जो इस संघर्ष का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने काला सागर पहल का क्रियान्वयन रोकने के रूस के फैसले पर गहरा दुख जताया और कहा कि इस पहल ने यूक्रेनी बंदरगाहों से तीन करोड़ 20 लाख टन से अधिक खाद्य वस्तुओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की। गुतारेस ने कहा कि काला सागर पहल और रूसी खाद्य उत्पादों एवं उर्वरकों के निर्यात को संभव बनाने संबंधी समझौता ज्ञापन वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए एक जीवनरेखा और परेशान दुनिया के लिए आशा की किरण रहा है। कम्बोज ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यूक्रेन में युद्ध का असर पूरे ग्लोबल साउथ पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि ग्लोबल साउथ की आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का उचित समाधान किया जाए।

# वर्जीनिया के गवर्नर ने भारतीय अमेरिकी चिकित्सक को अहम प्रशासनिक पद पर नियुक्त किया

**रिचमंड (अमेरिका)।** वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन यंगकिन ने भारतीय अमेरिकी चिकित्सक बिमलजीत सिंह संधू को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक अहम प्रशासनिक पद पर नियुक्त किया है।

संधू ने मंगलवार को वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी हेल्थ सिस्टम अथॉरिटी के बोर्ड के सदस्य के रूप में शपथ ली। वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी हेल्थ सिस्टम अथॉरिटी का दायित्व स्वास्थ्य प्रणाली, चिकित्सकीय स्कूल, नर्सिंग स्कूल और फार्मेसी स्कूल के संपूर्ण संचालन की देखरेख करना है। संधू ने रिचमंड में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के बाद कहा, यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

# यूनान में भीषण गर्मी के बीच एथेंस के आसपास जंगलों में लगी आग भड़की

**निया पेरामोस (यूनान)।** दक्षिणी यूरोप में रिकॉर्ड उच्च तापमान होने के कुछ दिन बाद यूनान में भीषण गर्मी के कारण राजधानी एथेंस के आसपास जंगल में लगी आग भड़क गई है और अग्निशमन कर्मी इसे काबू करने का प्रयास कर रहे हैं। जंगलों, औद्योगिक केंद्रों और अवकाश गृहों को संरक्षित करने के प्रयासों के बीच एथेंस को दक्षिणी शहर कोरिंथ से जोड़ने वाले राजमार्ग से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का अभियान बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस अभियान में विमानों और हेलीकॉप्टरों की मदद भी ली जा रही है। एथेंस के आसपास जंगलों में लगी आग के कारण कुछ मकान और खेत जलकर नष्ट हो गए। हवा के तेज झोंकों के साथ पर्वतीय इलाकों में आग की लपटें बढ़ गईं और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। संयुक्त राष्ट्र की संस्था विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने कहा कि प्रारंभिक वैश्विक आंकड़ों से पता चलता है कि जून का महीना सबसे ज्यादा गर्म रहा। डब्ल्यूएमओ के महासचिव पेटेरी तालास ने बुधवार को कहा, प्रतिकूल मौसम के कारण हमारी जलवायु अधिक गर्म होने के कारण मानव स्वास्थ्य, पारिस्थितिकी तंत्र, अर्थव्यवस्था, कृषि, ऊर्जा और जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। भूमध्यसागर की सीमा में आने वाले देश ही इससे प्रभावित नहीं है बल्कि उत्तरी मैसेडोनिया में अधिकारियों ने अनुमानित तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के साथ भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की है, जबकि कोसोवो ने भी गर्मी की चेतावनी जारी की है।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Jasmeet Rana D/O Shri Savinder Singh Kalsi (wife of Mr. Deepak Rana) R/O A-38, Dayanand Colony, Lajpat Nagar-4, New Delhi-110024 have changed my name to **JASMEET KAUR** for all future purposes.

PD(101)C

# थाई संसद ने नेता को दोबारा पीएम पद के लिए नामांकित होने से रोका

एपी। बैंकॉक

**थाईलैंड** की संसद ने मई के आम चुनाव में पहले स्थान पर रहने वाली प्रगतिशील पार्टी के नेता की दूसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ बुधवार को मतदान किया। पिटा लिमजारोएनराट ने प्रतिनिधि सभा में अधिकांश सीटों पर कब्जा करने वाली पार्टियों का एक गठबंधन बनाया था। प्रधानमंत्री पद के लिए उनका नामांकन हालांकि पिछले सप्ताह प्रतिनिधि सभा और सीनेट के संयुक्त मतदान में टिक नहीं पाया। रूढ़िवादी सैन्य-नियुक्त सीनेटरों (सांसद) ने वैचारिक मतभेदों पर अपना समर्थन देने से इनकार कर दिया था। संयुक्त सत्र में बुधवार को इस बात पर बहस हुई कि क्या पिटा को दूसरी बार नामांकित किया जा सकता है, और सदन के अध्यक्ष वान मुहम्मद नूर माथा ने इस प्रश्न को संयुक्त मतदान के लिए रखा। उन्हें दोबारा चुनाव लड़ने से रोकने का प्रस्ताव 312 के मुकाबले 395 मतों से पारित हो गया। इसके बाद संसद की बैठक स्थगित कर दी गई। इस बात का तत्काल कोई संकेत नहीं दिया गया है कि नए प्रधानमंत्री पर संसद कब मतदान करेगी। पिटा को बुधवार को लगा यह दूसरा झटका था। इससे पहले संवैधानिक अदालत ने उन्हें संसद से तब तक निलंबित कर दिया जब तक इस पर फैसला नहीं आ जाता कि उन्होंने चुनाव कानून का उल्लंघन किया है या नहीं। अदालत की घोषणा के बावजूद पिटा को प्रधानमंत्री के रूप में नामांकन और चयन की अनुमति मिल जाती। लेकिन संसद की कार्वाई के बाद इस संभावना पर विराम लग गया और पिटा कानूनी झमेले में फंस गए और अगर अदालत का फैसला उनके खिलाफ आता है तो उन्हें जेल भी हो सकती है। क्या उन्हें कानूनी तौर पर दोबारा नामांकित किया जा सकता है, पिटा ने इस मुद्दे पर बहस के दौरान कहा कि वह अदालत के आदेश का पालन करेंगे।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110007

**सार्वजनिक सूचना :**

**बिल्डर निरसन**

आपको सूचना दी जाती है कि मौमिता बागची/मनोज कुमार (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00004858033 तथा पता यूनिट नंबर ई 204, दि रोसेलिया, द्वितीय तल, टावर-ई, सेक्टर-95ए, हरियाणा, गुरूग्राम के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 03 अप्रैल, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि फॉरएवर बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 20 जुलाई, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./-

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that **Mr. Kanwar Bhan Dhingra** intends to mortgage the **Plot No. 17-18, admeasuring 400 Sq. Yds., Khasra No. 27, situated at Village Kadipur, Tehsil & District Gurgaon (Haryana),** with our client against the financial assistance. Whereas, **Mr. Gopi Chand** had acquired the Said Property by way of Sale Deed dt. 17-07-1986 and after his death, Mr. Kanwar Bhan Dhingra got the rights of the Said Property on the basis of regd. Will dt. 31-01-2005 of Mr. Gopi Chand. Now, he intends to mortgage the same to **Piramal Capital & Housing Finance Limited.**

If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited** will proceed with the mortgage process.

DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE
A-13, LGF, South Extn-II,
New Delhi-49 # 011-40587824

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 20 जुलाई 2023



# वंदे मातरम विवाद को लेकर महाराष्ट्र विधानसभा में हंगामा

● सपा विधायक अबू आजमी ने वंदे मातरम कहने से किया इनकार, भाजपा ने साधा गठबंधन इंडिया पर निशाना

**भाषा।** मुंबई, नई दिल्ली



**समाजवादी** पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी की वंदे मातरम के बारे में एक टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों के शोर-शराबे के बाद बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

संभाजीनगर जिले में हुए दंगे का मुद्दा उठाते हुए आजमी ने कहा कि वंदे मातरम का नारा लगाना उन्हें अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि अगर भारत में रहना है तो वंदे मातरम बोलना ही होगा। हम ऐसा नहीं कर सकते। हम केवल एक ईश्वर में विश्वास करते हैं। आजमी के बयान पर भाजपा विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई और इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विधायकों से शांत रहने की अपील की और कहा, आजमी की टिप्पणियां विषय के लिए अप्रासंगिक हैं। उन्हें चर्चा के लिए सूचीबद्ध मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नार्वेकर की अपील के बाद भी हंगामा जारी रहा और इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी।

**उधर भाजपा** ने महाराष्ट्र विधानसभा में समाजवादी पार्टी के एक विधायक की वंदे मातरम को लेकर की गई टिप्पणी पर बुधवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या यही इंडिया को लेकर उनकी अवधारणा है।

भाजपा की यह प्रतिक्रिया समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी द्वारा विधानसभा में संभाजीनगर जिला दंगा मुद्दा उठाने के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वंदे मातरम बोलना उन्हें अस्वीकार्य है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक ट्वीट में कहा, सपा के अबू आजमी कहते हैं कि मैं वंदे मातरम नहीं कहूंगा, मैं अपना सिर नहीं झुकाऊंगा क्योंकि मेरा धर्म इसकी अनुमति नहीं देता है। उन्होंने 26 विपक्षी दलों के नवगठित गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा, क्या यही इंडिया को लेकर उनकी अवधारणा है? या यह भारत विरोधी है? सपा इस कथित आई.एन.डी.आई.ए का हिस्सा है।

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की दिशा तय करते हुए 26 विपक्षी दलों ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का एकजुट होकर मुकाबला करने के उद्देश्य से मंगलवार को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) नामक एक गठबंधन बनाया। पूनावाला ने आरोप लगाया कि इंडिया विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम है लेकिन उनके एजेंडे में नहीं है। उन्होंने कहा, इससे पहले सपा ने आतंकवादियों को रिहा किया और याकूब मेमन, अफजल गुरु को संरक्षण दिया। कांग्रेस ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट पर सवाल उठाए और 26।11 के लिए भारत को दोषी ठहराया गया, पाकिस्तान को नहीं। यही उनका असली चेहरा है। पूनावाला ने सवाल किया, क्या ममता दी, खरगे जी, राहुल जी हमें अपना रुख बताएंगे?

महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही बुधवार को अबू आजमी के वंदे मातरम कहने संबंधी टिप्पणी के विरोध में भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण स्थगित कर दी गई। संभाजीनगर जिले में दंगे का मुद्दा उठाते हुए आजमी ने कहा कि वंदे मातरम बोलना उन्हें अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि अगर किसी को भारत में रहना है तो वंदे मातरम जरूर बोलना चाहिए।

## आतंकवादी गतिविधियों के आरोप में एनआईए ने दो लोगों को हिरासत में लिया

**इरोड (तमिलनाडु)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने तमिलनाडु के इरोड जिले के एक गांव से दो लोगों को कथित आतंकी गतिविधियों के संबंध में हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, एनआईए अधिकरियों के एक दल ने पिछले कुछ दिनों से इरोड में डेरा डाला हुआ था जिसने मंगलवार दोपहर को भवानीसागर के समीप दोद्दम्पलयम गांव से आसिफ (36) और उसके एक साथी को हिरासत में लिया। दूसरे व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि दोनों को पूछताछ के लिए केरल के कोच्चि ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि एनआईए ने आसिफ और उसके साथी दोस्त को गांव के एक किराए के मकान से पकड़ा। बताया जा रहा है कि आसिफ पास के ही एक ढाबे में काम करता था। एनआईए ने आसिफ के खिलाफ एटीएम से पैसे चुराने और उस पैसे का इस्तेमाल राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में करने के आरोपों में केरल के त्रिशूर में सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया था। एनआईए अधिकारी आरोपियों के ठिकाने का पता लगाने के लिए इरोड आए थे।

# राजग, इंडिया से अलग हैं 91 सांसदों वाले 11 दल

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** के 65 राजनीतिक दलों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) दोनों में से किसी एक मोर्चे का साथ चुन लिया है, लेकिन 11 महत्वपूर्ण दल ऐसे भी हैं जो अब तक किसी पाले में नहीं हैं। इन 11 दलों के कुल 91 सांसद हैं और अपने-अपने असर वाले राज्यों में उनकी प्रभावी उपस्थिति भी है।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा से लोकसभा में कुल 63 सदस्य चुनकर पहुंचते हैं। इन तीनों राज्यों की सत्तारूढ़ पार्टियां क्रमश: वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और बीजू जनता दल (बीजद) दोनों गठबंधनों से दूर हैं। कांग्रेस और 25 विपक्षी दलों ने मंगलवार को बेंगलुरु में बैठक कर अपने गठबंधन का नाम इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) तय किया। दूसरी तरफ, मंगलवार को ही भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की बैठक हुई जिसमें 39 दल शामिल हुए।

वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस और बीजद के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी एक ऐसी महत्वपूर्ण पार्टी है जिसने तटस्थ रुख अपनाया है। बसपा का उत्तर प्रदेश में मुख्य आधार है और कई अन्य राज्यों में भी उसकी मौजूदगी है। वह एक राष्ट्रीय पार्टी है और लोकसभा में उसके 9 सदस्य हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा), शिरोमणि अकाली दल (शिअद), ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ), जनता दल (सेक्युलर), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और शिरोमणि अकाली दल (मान) भी अभी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। वाईएसआर कांग्रेस और बीजद ने ज्यादातर मौकों पर संसद में सत्तापक्ष के समर्थन में मतदान किया है। बीजद प्रमुख और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य में केंद्रीय योजनाओं को पर्याप्त समर्थन न देने के लिए भाजपा की आलोचना की है और पार्टी के सांसदों से, बृहस्पतिवार को शुरु होने जा रहे संसद के मानसून सत्र में यह मुद्दा जोरशोर से उठाने के लिए कहा है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि उनकी पार्टी के साथ राजनीतिक अछूत की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी पार्टी का असर हैदराबाद में है और वह देश के कुछ अन्य हिस्सों में अपने विस्तार का प्रयास कर रही है।

## आईपीएस अधिकारी मनोज यादव रेलवे सुरक्षा बल के प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी मनोज यादव को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई है। हरियाणा काडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी यादव, संजय चंदर का स्थान लेंगे जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होंगे। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने आरपीएफ के महानिदेशक के पद पर यादव की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वह 31 जुलाई, 2025 को उनकी सेवानिवृत्ति तक इस पद पर बने रहेंगे।

# पुणे में दो संदिग्ध आतंकी पकड़े गए

**भाषा।** पुणे (महाराष्ट्र)

● 25 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजे गए

**पुणे** पुलिस ने आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों में कथित संलिप्तता के कारण राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा वांछित दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक स्थानीय अदालत ने उन्हें 25 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस ने अदालत में कहा कि दोनों की पहचान मोहम्मद इमरान मोहम्मद यूनुस खान (23) और मोहम्मद यूनुस मोहम्मद याकूब साकी (24) के रूप में हुई है और वे मध्य प्रदेश के रतलाम के रहने वाले हैं तथा ग्राफिक डिजाइनर हैं। पुलिस ने पहले कहा था कि इन आरोपियों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार, मंगलवार तड़के पुणे शहर के कोथरूड इलाके में पुलिस के गश्ती दल ने तीन संदिग्धों को एक मोटरसाइकिल चोरी करते पकड़ा, लेकिन जांच के दौरान उनमें से एक संदिग्ध फरार हो गया। पुलिस आयुक्त ऋतेश कुमार ने बताया कि दोनों व्यक्ति राजस्थान में आतंकवाद से संबंधित एक मामले में एनआईए द्वारा वांछित थे और पिछले 16 महीने से शहर के कोंढवा इलाके में रह रहे थे। उन्होंने बताया, तलाशी के दौरान उनके घर से एक कारतूस, दो पिस्तौल, चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या संदिग्धों के पास कोई आग्नेयास्त्र था। यह पूछे जाने पर कि क्या वे पुणे में किसी आतंकवादी कृत्य की साजिश रच रहे थे, उन्होंने कहा कि यह जांच के दौरान स्पष्ट हो जाएगा। फरार हुए तीसरे संदिग्ध के बारे में उन्होंने कहा कि कई दल उसे पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने आठ दिन के लिए उन्हें हिरासत में दिए जाने का अनुरोध करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) की अदालत को बताया कि दोनों एनआईए द्वारा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में वांछित हैं।

# मणिपुर में हिंसा में लिप्त समुदायों के पास अभी भी छह लाख से अधिक कारतूस

**भाषा।** इम्फाल

**हिंसा** प्रभावित मणिपुर में छह लाख से अधिक गोलियां और लगभग तीन हजार हथियार अभी भी हिंसा में लिप्त समुदायों के पास हैं तथा अधिकारियों और विशेषज्ञों ने राज्य में प्रतिबंधित उग्रवादी समूहों के फिर से सिर उठाने की चेतावनी दी है।

यहां स्थिति पर बारीकी से नजर रखने वाले अधिकारियों ने विभिन्न स्रोतों से एकत्रित आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि .303 राइफल, मीडियम मशीन गन (एमएमजी) और एके असॉल्ट राइफल, कार्बाइन, इंसास लाइट मशीन गन (एलएमजी), इंसास राइफल, एम-16 और एमपी5 राइफल के मई में पुलिस के शस्त्रागार से लापता होने की सूचना मिली।

इनके अलावा, तीन मई से पुलिस और अन्य सुरक्षा अधिकारियों पर किए गए हमलों के दौरान लगभग 6 लाख कारतूस गायब पाए गए, जब राज्य में दो प्रमुख समुदायों के बीच जातीय झड़पें शुरू हुईं थी। इन हमलों में अब तक 160 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

अधिकारियों ने कहा कि लगभग 4,537 हथियार और 6.32 लाख गोला-बारूद गायब हैं। अधिकारियों ने कहा कि ए हथियार और गोला बारूद मुख्य रूप से पूर्वी इम्फाल के पांगेई में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (एमटीपीसी), 7वीं इंडिया रिजर्व बटालियन और 8वीं मणिपुर राइफल्स (दोनों इम्फाल शहर के खाबेइसोई में स्थित) से गायब हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, चुराए गए हथियारों में से 2,900 घातक श्रेणी के थे जबकि अन्य में आंसूगैस और अन्य बंदूकें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लूटे गए हथियार और गोला-बारूद मुख्य रूप से घाटी के दंगाइयों के पास थे, जबकि पहाड़ी इलाकों में दंगाइयों के पास केवल 5.31 प्रतिशत हथियार थे।

अधिकारी और विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि वर्तमान अशांति से प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ), पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए), कांगलेई यावोल, कनबा लुप (केवाईकेएल) और पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी आफ कांगलेईपाक (पीआरईपीएके) जैसे लगभग निष्क्रिय प्रतिबंधित समूहों को फिर से सिर उठाते देखा गया है।

इन प्रतिबंधित संगठनों के सदस्यों को मिल रहे समर्थन की झलक 24 जून को उस समय मिली थी, जब सेना और असम राइफल्स ने विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर पूर्वी इम्फाल में प्रतिबंधित केवाईकेएल के 12 सदस्यों को पकड़ा था, जिसमें स्वयंभू लेफ्टिनेंट कर्नल मोइरांगथेम तम्बा उर्फ उत्तम भी शामिल था जो 2015 में 6 डोगरा रेजिमेंट पर घात लगाकर किए गए हमले के मुख्य षड्यंत्रकर्ताओं में से एक था, जिसमें 18 जवान शहीद हो गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि इसके अलावा, अन्य प्रतिबंधित समूहों के छह से सात शीर्ष सदस्यों की खबरें इम्फाल घाटी पहुंची हैं कि वे वहां स्थित जातीय समूहों को समर्थन दे रहे हैं।

एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा, आप अपने घर के पिछवाड़े में सांप रखकर उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे केवल आपके पड़ोसी को ही काटेंगे। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने यह बात 2011 में पाकिस्तान के लिए कही थी, लेकिन आज यह मणिपुर के लिए फिट बैठती है, जहां समुदाय का एक वर्ग इन उग्रवादी समूहों की वापसी का स्वागत कर रहा है।

अधिकारी ने कहा कि किसी दिन इस हिंसा का अंत होगा और उस दिन, ए तथाकथित नायक अपनी बंदूकें उस समुदाय की ओर मोड़ देंगे जिसकी रक्षा करने का ए दावा करते हैं।

यूएनएलएफ जैसे प्रतिबंधित समूह के सदस्यों की संख्या लगभग 250 है तथा ए पूर्व में बड़े पैमाने पर ठेकेदारों और व्यापारियों जैसे वर्गों से जबरन वसूली में शामिल रहे हैं।

पीएलए का उद्देश्य मणिपुर को मुक्त कराना और इम्फाल घाटी में एक स्वतंत्र मेइती भूमि स्थापित करना था। केवाईकेएल जबरन वसूली में लिप्त था और खुले तौर पर अन्य उग्रवादी समूहों का समर्थन करता है।

पीआरईपीएके को सरकार द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है जिसका वित्तपोषण मुख्य रूप से व्यवसायियों से होता था।



मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जान्हवी कपूर अपनी फिल्म बवाल की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुए।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन और आदिवासी बोम्मन और बेली के साथ आदिवासी जोड़े ने समर्पित किया है अनाथ हाथियों की देखभाल के लिए उनका जीवन, और ऑस्कर 2023 विजेता वृत्तचित्र लघु फिल्म द एलीफेंट व्हिस्परर के पीछे प्रेरणा थी।

# वैश्विक सुस्ती से भारत को घरेलू खपत दे रही स्वाभाविक सहारा: विश्व बैंक अध्यक्ष

**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्व** बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बुधवार को कहा कि वैश्विक सुस्ती के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को उसकी घरेलू खपत से स्वाभाविक सहारा मिल रहा है क्योंकि देश की जीडीपी का बड़ा हिस्सा घरेलू मांग पर आधारित है।

बंगा ने यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने जी20 सम्मेलन और भारत एवं विश्व बैंक के बीच सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमने जी20 बैठक से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि विश्व बैंक और भारत किस तरह से जी20 से इतर भी काम कर सकते हैं। विश्व बैंक के लिए भारत पोर्टफोलियो के लिहाज से सबसे बड़ा बाजार है और हमारे तमाम हित यहां से जुड़े हैं।

जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की गांधीनगर में बैठक संपन्न हुई है। इसमें विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष जैसे बहुपक्षीय विकास संस्थानों की भूमिका पर भी चर्चा हुई।

विश्व बैंक का प्रमुख बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बंगा इस समय भारत की यात्रा पर हैं। उन्होंने जून की शुरुआत में इस अंतरराष्ट्रीय संगठन की कमान संभाली थी। बंगा ने विश्व अर्थव्यवस्था के परिदृश्य पर कहा कि अगले साल की शुरुआत में सुस्ती को लेकर अधिक जोखिम दिख रहा है। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी घरेलू खपत के दम पर राहत मिल सकती है। बंगा ने कहा, भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का बड़ा हिस्सा घरेलू खपत से आता है। ऐसे में अगर कुछ महीनों के लिए दुनिया में सुस्ती आती है तो भी घरेलू खपत पर आधारित होना भारत की अर्थव्यवस्था के लिए स्वाभाविक सहारा होगा। विश्व अर्थव्यवस्था के संदर्भ में बंगा ने कहा, मुझे लगता है कि हमने सोच से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया। लेकिन मेरा अब भी मानना है कि अगले साल की शुरुआत में सुस्ती को लेकर अधिक जोखिम है। मैंने जी20 बैठक में भी कहा कि पूर्वानुमान किस्मत नहीं हैं और आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि पूर्वानुमान सही ही होते हैं।

बंगा ने दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान एक कौशल विकास केंद्र का भी दौरा किया जहां पर उन्होंने छात्रों के साथ कई मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान बंगा ने संवाददाताओं से कहा कि भारत कोविड महामारी के समय पैदा हुई चुनौतियों से मजबूत बनकर उभरा है, लेकिन उसे यह रफ्तार आगे भी कायम रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक सुस्ती के दौर में कई ऐसे कदम उठा रहा है जो उसे आगे रखने में मदद कर रहे हैं।

उच्च आय वाली नौकरियों में संभावित वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर बंगा ने कहा, हमें यह समझना होगा कि ए नौकरियां कहां हैं। ए नौकरियां प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हैं और बहुत कम संख्या में हैं। फिर विनिर्माण क्षेत्र में ऐसी नौकरियां हैं। भारत के सामने फिलहाल मौका है कि वह चीन प्लस वन रणनीति का फायदा उठाए। चीन प्लस वन रणनीति के तहत बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने विनिर्माण केंद्र के तौर पर चीन के साथ किसी अन्य देश को भी जोड़ना चाहती हैं। इसके लिए भारत भी एक संभावित दावेदार के तौर पर उभरकर सामने आया है।

बंगा ने कहा, भारत को यह ध्यान रखना होगा कि इस रणनीति से पैदा होने वाला अवसर उसे 10 साल तक नहीं मिलता रहेगा। यह तीन से लेकर पांच साल तक उपलब्ध रहने वाला अवसर है जिसमें आपूर्ति शृंखला को अन्य देश में ले जाने या चीन के साथ अन्य देश को जोड़ने की जरूरत है।

## नौसेना संबंधित जासूसी मामले में पाकिस्तान नागरिक समेत दो के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस साल की शुरुआत में आंध्र प्रदेश में सामने आए भारतीय नौसेना से संबंधित जासूसी मामले में एक संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक समेत दो लोगों के खिलाफ बुधवार को आरोप पत्र दायर किया।

संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश के निवासी आकाश सोलंकी (21) और फरार पाकिस्तानी गुर्गे मीर बालाज खान के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में एनआईए की विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया।

मामला शुरू में विजयवाड़ा में खुफिया प्रकोष्ठ से जुड़े एक पुलिस थाने में दर्ज किया गया था और बाद में पांच जून को एनआईए द्वारा इसे फिर से दर्ज किया गया। मामले में अब तक सोलंकी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

प्रवक्ता ने बताया कि सोलंकी नौसेना डॉकयार्ड, विशाखापत्तनम में इलेक्ट्रिकल आर्टिफिसर रेडियो अपरेंटिस (ईएसी) के रूप में काम कर रहा था और वह भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों से संबंधित जानकारी दे रहा था।

अधिकारी ने कहा, वह अदिति चौहान की फर्जी पहचान के तहत काम कर रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी गुर्गे के साथ-साथ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ जानकारी साझा कर रहा था।

# भाजपा के गिरते वोट शेयर ने लक्ष्य पर संदेह पैदा किया

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में हाल में हुए पंचायत चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वोट शेयर में भारी गिरावट के साथ ही वाम और कांग्रेस के अप्रत्याशित उभार ने 2024 के चुनाव में राज्य में पार्टी के 35 लोकसभा सीट हासिल करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

भाजपा ने 22.88 प्रतिशत वोट शेयर के साथ मुख्य विपक्षी दल की स्थिति बरकरार रखी है, जो 2021 विधानसभा चुनावों में मिले 38 प्रतिशत वोट से कम है। वहीं, राज्य के पिछले चुनाव में प्राप्त 10 प्रतिशत वोट प्रतिशत की तुलना में वाम-कांग्रेस-इंडियन सेक्युलर फ्रंट गठबंधन अपना वोट शेयर दोगुना करते हुए 20.80 प्रतिशत से एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश कर रहा है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने लगभग 51.14 प्रतिशत का अपना उच्चतम वोट शेयर हासिल किया जो पिछले विधानसभा चुनावों में लगभग 48 प्रतिशत वोट प्रतिशत से ज्यादा है।

प्रदेश भाजपा के नेताओं ने चुनाव के दौरान हिंसा और खून-खराबे को पार्टी के वोट प्रतिशत में गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने विधानसभा चुनाव में हार के बाद से पार्टी के समक्ष आंतरिक संगठनात्मक चुनौतियों से निपटने की आवश्यकता को भी स्वीकार किया।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनुपम हाजरा ने पीटीआई-भाषा से कहा, आप यह कहकर खारिज नहीं कर सकते कि संगठन में सब कुछ ठीक है। वोट शेयर में गिरावट के लिए केवल हिंसा को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। संगठनात्मक खामियों को पहचानने और उन्हें दूर करने की जरूरत है।

राज्य की 42 लोकसभा सीट में से 35 सीट जीतने के प्रदेश इकाई के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर हाजरा ने कहा, यदि आप संगठन की मौजूदा स्थिति को देखें तो यह कठिन लगता है।

उन्होंने कहा, राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है, लेकिन अगर आप हमारी वर्तमान संगठनात्मक ताकत और पिछले कुछ चुनावों में वोट शेयर में गिरावट को देखें तो इसमें संदेह है। लेकिन साथ ही, आपको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के असर को भी स्वीकार करना होगा, जब वह लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू करते हैं क्योंकि विपक्षी खेमे में कोई चुनौती देने वाला नहीं है। अप्रैल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य से भाजपा के लिए अगले लोकसभा चुनाव में 35 सीट जीतने का लक्ष्य रखा था। पंचायत चुनाव में राज्य की लगभग 65 प्रतिशत आबादी ने ग्राम परिषदों के सदस्यों को चुनने के लिए मतदान किया। इस चुनाव ने सभी दलों को 2024 के चुनावों से पहले उनकी बूथ-स्तरीय संगठनात्मक तैयारियों का अनुमान लगाने का मौका दिया। हिंसा प्रभावित 2018 के पंचायत चुनावों की तुलना में भाजपा ने 10,000 से अधिक सीट हासिल की। इसके बावजूद उत्तरी बंगाल और आदिवासी बहुल जंगलमहल जिलों के अपने पूर्व गढ़ों में पार्टी का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा जिससे भाजपा में जिला समिति स्तर पर संगठनात्मक बदलावों पर विचार हो रहा है। भाजपा की प्रदेश महासचिव अग्निमित्रा पॉल ने कहा, हम यह नहीं कह रहे कि हमें अपने गिरेबां में झांकने की जरूरत नहीं है, क्योंकि कुछ खामियां हैं।

## भारत के युवाओं के डीएनए में ही उद्यमिता है: स्वदेशी जागरण मंच

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में रोज़गार की परिभाषा को अंग्रेजों की देन बताते हुए स्वदेशी जागरण मंच के सह-संगठक सतीश कुमार ने बुधवार को इसे बदलने की मांग की और कहा कि भारतीय युवाओं के डीएनए में उद्यमिता है।

एक बयान के मुताबिक आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में महिलाओं और उद्यमियों पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा, देश में रोज़गार मतलब नौकरी माना जाता है। यह अंग्रेजों की देन है, जो हमारे ऊपर अब भी हावी है। रोज़गार की इसी परिभाषा के कारण आईटीआई से लेकर आईआईटी में पढ़ता हुआ बच्चा भी नौकरी के चक्कर में ही रहता है।

उन्होंने कहा, नौकरों का देश कभी संपन्न नहीं हो सकता है। उद्यमी देश ही संपन्न और समृद्ध हो सकता है। भारत इस समय अपने जनसंख्याकीय लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंट) से प्रमुख दौर से गुजर रहा है। हमारे पास 37 करोड़ की युवा आबादी है, जिसको उद्यमिता के जरिए बेहतर रोज़गार दिया जा सकता है। उन्होंने कहा, भारत के युवाओं के डीएनए में उद्यमिता है। भारत में उद्यमिता ही जीवन जीने का तरीका रहा है। हालांकि अंग्रेजों के आने के बाद भारत में रोज़गार की परीभाषा ही नौकरी हो गई है। जोकि अभी तक चल रही है। इसे बदला जाना चाहिए।

कार्यक्रम में समाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ए. नारायणस्वामी भी उपस्थित थे।

# जेमिमा के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ने बांग्लादेश को हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

**भाषा।** मीरपुर




**जेमिमा** रोड्रिग्स की करियर की सर्वश्रेष्ठ 86 रन की पारी के बाद चार विकेट की मदद से भारत ने बुधवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 108 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला।–। से बराबर कर दी।

भारत ने जेमिमा (86) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (52) के अर्धशतक और दोनों के बीच चौथे विकेट की 91 गेंद में 73 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 228 रन का स्कोर खड़ा किया था।

इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम फरगाना हक (81 गेंद में 47 रन) और रितु मोनी (46 गेंद में 27 रन) के बीच चौथे विकेट की 68 रन की साझेदारी से तीन विकेट पर 106 रन बनाकर अच्छी टक्कर दे रही थी। हालांकि इस साझेदारी के टूटने के बाद मेजबान टीम 35.1 ओवर में 120 रन पर सिमट गई।

जेमिमा ने गेंदबाजी से भी कमाल दिखाते हुए 3.1 ओवर में तीन रन देकर चार विकेट चटकाए। लेग स्पिनर देविका वैद्य ने भी 30 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

रितु और फरगाना दोनों को विकेटकीपर यस्तिका भाटिया ने क्रमश: देविका और जेमिमा की गेंद पर स्टंप किया। सितंबर के बाद अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहीं तेज गेंदबाज मेघना सिंह ने सलामी बल्लेबाज मुर्शीदा खातून (12) को आउट किया। तीसरा और अंतिम एकदिवसीय शनिवार को खेला जाएगा। हरमनप्रीत ने कहा, यह हमारे लिए पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रभावी स्कोर खड़ा करने का अच्छा मौका था। हमने एक बल्लेबाज के अंत तक बल्लेबाजी करने के बारे में बात की थी। जब जेमी (जेमिमा) आई तो हमने गेंद के अनुसार बल्लेबाजी की और हमारा ध्यान स्ट्राइक रोटेट करने पर था।

उन्होंने कहा, हम सपाट पिचों पर बल्लेबाजी कर रहे थे, काफी लंबे समय बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले और इसलिए हम तेजी से सामंजस्य नहीं बैठा पाए। लेकिन (पहले मैच के बाद) हमने सामंजस्य बैठाने और इस तरह की पिच पर बल्लेबाजी करने को लेकर बात की।

इससे पहले टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 58 गेंद में 36 रन की पारी खेली लेकिन इसके बावजूद मेहमान टीम 68 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। जेमिमा और हरनमप्रीत ने इसके बाद पारी को संभाला।

करियर की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय पारी खेलने वाली जेमिमा ने हरलीन देओल (25) के साथ भी 55 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत के बाएं हाथ में दर्द के कारण रिटायर्ड हर्ट होने पर हरलीन क्रीज पर उतरी थी। भारत जेमिमा की आक्रामक पारी की बदौलत शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में धीमी शुरुआत से उबरने में सफल रहा। जेमिमा ने 78 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके मारे। हरमनप्रीत पारी के अंतिम ओवरों में मैदान पर उतरीं और उन्होंने अर्धशतक पूरा किया। हरमनप्रीत ने 88 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके जड़े। इससे पहले भारतीय बल्लेबाजों को बांग्लादेश के गेंदबाजों की सटीक लाइन और लेंथ के सामने रन बनाने में परेशानी हुई। मारूफा अख्तर ने पारी के पांचवें ओवर में सलामी बल्लेबाज प्रिया पूनिया (07) को बोल्ड किया जबकि यस्तिका भाटिया (15) रन आउट हुईं। हरमनप्रीत और स्मृति इसके बाद क्रीज पर थे। स्पिनरों को पिच से अच्छा टर्न और उछाल मिल रहा था। दोनों 66 गेंद में 28 रन की जोड़ी सकीं। रन गति बढ़ाने में प्रयास में स्मृति लेग स्पिनर राबिया खान की गेंद पर बोल्ड हो गईं जिससे भारत का स्कोर तीन विकेट पर 68 रन हो गया। जेमिमा के आने के बाद चीजें बदलीं। जेमिमा और हरनमप्रीत ने अपनी साझेदारी के दौरान स्पिनरों के खिलाफ कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया। भारत के रनों का शतक 28वें ओवर में पूरा हुआ। दोनों ने स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और खराब गेंद पर बाउंड्री भी लगाई। बांग्लादेश ने अपनी गेंदबाजों से लंबे स्पैल कराके दबाव बनाया। जेमिमा और हरनमप्रीत के बीच अर्धशतकीय साझेदारी 32वें ओवर में पूरी हुई। जेमिमा ने मारूफा पर चौके के साथ अर्धशतक पूरा किया। जेमिमा ने अंतिम पांच ओवर में पांच चौके जड़कर रन गति में इजाफा किया।

# एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत




**भाषा।** मुंबई

**भारत** बुधवार को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत दो सितंबर को कैंडी में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगा जबकि 10 सितंबर को कोलंबो में सुपर चार चरण में उसका सामना फिर अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से होगा।

छह टीमों का यह एक दिवसीय टूर्नामेंट 30 अगस्त से मुल्तान में आरंभ होगा जिसमें मेजबान पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा।

एशिया कप हाइब्रिड मॉडल के आधार पर खेला जा रहा है जिसमें चार मैच पाकिस्तान में खेले जाएंगे जबकि फाइनल सहित नौ अन्य मुकाबले श्रीलंका के कैंडी और कोलंबो में आयोजित होंगे।

फाइनल 17 सितंबर को प्रेमदासा स्टेडियम में होगा।

भारत के अलावा पाकिस्तान और नेपाल ग्रुप ए में शामिल हैं जबकि अफगानिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश ग्रुप बी की टीमें हैं।

एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि पहले दौर के बाद पाकिस्तान इसमें ए। और भारत ए2 टीम बना रहेगा, भले ही उनके स्थान कोई भी रहें। अगर इन दोनों में से कोई भी टीम क्वालीफाई नहीं करती है तो नेपाल उनकी जगह लेगा।

इसी तरह ग्रुप बी में श्रीलंकाई टीम बी। और बांग्लादेश बी2 टीम हेगी। अगर इनमें से कोई भी टीम सुपर चार में नहीं पहुंच पाती है तो अफगानिस्तान उनकी जगह लेगी।

पाकिस्तान को पूर्व कार्यक्रम के अनुसार इस साल एशिया कप की मेजबानी करनी थी लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सीमा पार टीम भेजने से इनकार करने के बाद इसे हाइब्रिड मॉडल के आधार पर आयोजित किया जा रहा है।

टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में पाकिस्तान से भिड़ने के बाद टीम एक दिन के ब्रेक के बाद चार सितंबर को कैंडी में नेपाल के सामने होगी।

### कार्यक्रम :

**ग्रुप चरण :**
30 अगस्त : पाकिस्तान बनाम नेपाल, मुल्तान
31 अगस्त : बांग्लादेश बनाम श्रीलंका, कैंडी
दो सितंबर : भारत बना पाकिस्तान, कैंडी
तीन सितंबर : बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान, लाहौर
चार सितंबर : भारत बनाम नेपाल, कैंडी
पांच सितंबर : श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान, लाहौर

**सुपर चार चरण :**
छह सितंबर : ए1 बनाम बी2, लाहौर
नौ सितंबर : बी1 बनाम बी2, कोलंबो
10 सितंबर : ए1 बनाम ए2, कोलंबो
12 सितंबर : ए2 बनाम बी1, कोलंबो
14 सितंबर : ए1 बनाम बी1, कोलंबो
15 सितंबर : ए2 बनाम बी2, कोलंबो
17 सितंबर : फाइनल, कोलंबो।

# भारत और वेस्टइंडीज के बीच 100वें टेस्ट में रहाणे की नजरें रनों पर

**भाषा।** पोर्ट आफ स्पेन

**वेस्टइंडीज** के खिलाफ बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट में भारतीय टीम की नजरें क्लीन स्वीप पर होंगी जबकि अजिंक्य रहाणे बड़ी पारी खेलकर अपने कैरियर को विस्तार देने की कोशिश में होंगे।

यह मैच दोनों टीमों के बीच सौवां टेस्ट भी है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि यह बड़ा मौका है और उनकी टीम पहले मैच की तरह अपना दबदबा बनाए रखने का प्रयास करेगी।

डोमिनिका में पहले मैच में भारत ने एक पारी और 141 रन से जीत दर्ज की थी। यहां कल से शुरू हो रहे टेस्ट के बाद भारत को अब दिसंबर जनवरी में ही दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टेस्ट खेलना है। यानी रहाणे जैसे खिलाड़ियों के लिए उस श्रृंखला की टीम में चयन की दावेदारी पुख्ता करने का यह आखिरी मौका है।

पिछले 18 महीने में पहला टेस्ट खेलते हुए रहाणे ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन डोमिनिका में मौके नहीं मिल सके क्योंकि भारत ने एक पारी में ही बल्लेबाजी की।

ऐसी प्रबल संभावना है कि भारतीय टीम फिर एक ही बार बल्लेबाजी करेगी। ऐसे में रहाणे को पूरा फायदा उठाना होगा क्योंकि दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले श्रेयस अय्यर भी फिट हो जाएंगे।

बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड ने इस मैच से पहले कहा था कि दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारत को रहाणे के फॉर्म में रहने की जरूरत होगी।

उन्होंने कहा , तकनीक पर तो आप लगातार काम करते हैं लेकिन मुझे उनके स्थिर रवैए ने प्रभावित किया। वह गेंद को देर से खेल रहा था और शरीर के पास भी। वह नेट्स पर भी ऐसे ही खेल रहा है।दक्षिण अफ्रीका के हालात में ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होगी। पहला मैच तीन दिन के भीतर ही जीतने वाली टीम में ज्यादा बदलाव की गुंजाइश तो नहीं है लेकिन देखना होगा कि खराब प्रदर्शन कर रहे तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को फिर मौका मिलता है या नहीं।

31 वर्ष के उनादकट ने 13 साल में तीन ही टेस्ट खेले हैं। डोमिनिका में उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला और उन्होंने नौ ओवर ही डाले।

पहले मैच में स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की तूती बोली। इस मैच में भी पिच टर्निंग होने की संभावना है जिससे कैरेबियाई टीम में बल्लेबाजी हरफनमौला रेमन रीफर की जगह स्पिन हरफनमौला केविन सिनक्लेयर को शामिल किया गया है।

भारतीय टीम ऐसे में उनादकट की जगह एक और स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल को उतार सकती है। शार्दुल ठाकुर को भी मौका मिल सकता है जिनकी बल्लेबाजी में काफी सुधार आया है। पदार्पण टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने यशस्वी जायसवाल इस लय को कायम रखना चाहेंगे। शुभमन गिल तीसरे नंबर पर उतरने के बाद 11 गेंद ही खेल सके और वह भी बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगे। दिसंबर 2018 से विदेश में शतक नहीं लगा सके विराट कोहली उस कमी को पूरा करना चाहेंगे।वहीं पदार्पण टेस्ट में पहला रन बनाने के लिए 20 गेंद तक इंतजार करने वाले ईशान किशन को भी मौके का इंतजार होगा। वेस्टइंडीज के लिए पदार्पण करने वाले एलिक अथानाजे को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों का सामना नहीं कर सका। उसे तेज गेंदबाजों की मददगार पिच की जरूरत है ताकि केमार रोच और अलजारी जोसेफ कोई कमाल कर सकें।

टीमें : भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रूतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत, ईशान किशन, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, नवदीप सैनी।

वेस्टइंडीज : क्रेग ब्रेथवेट (कप्तान) , जर्मेन ब्लॉकवुड, जोशुआ डासिल्वा, एलिक अथानाजे, रहकीम कॉर्नवेल, शेनोन गैब्रियल, जैसन होल्डर, अलजारी जोसेफ, रेमन रीफर, केमार रोच, टी चंद्रपॉल, किर्क मैकेंजी, जोमेल वारिकन। मैच का समय : शाम 7 . 30 से।

# बजरंग और विनेश को ट्रायल में छूट दिए जाने के खिलाफ सड़कों पर उतरे युवा पहलवान

**भाषा।** हिसार (हरियाणा)

**बजरंग** पूनिया और विनेश फोगाट को एशियाई खेलों के ट्रायल से छूट दिए जाने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के तदर्थ पैनल के फैसले को अनुचित करार देते हुए जूनियर विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल सहित राष्ट्रीय स्तर के कई पहलवान बुधवार को यहां विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर उतर आए।

प्रदर्शनकारी पहलवान हिसार के छोटू राम चौक में एकत्रित हुए और उन्होंने प्रत्एक भार वर्ग में ट्रायल्स कराने की मांग की। इन पहलवानों में अंतिम पंघाल के अलावा बजरंग के भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले विशाल कालीरमण के परिवार के सदस्य भी शामिल थे। हिसार के बाबा लालदास अखाड़ा और दिल्ली के मशहूर छत्रसाल स्टेडियम के पहलवानों के अलावा आसपास के गांव के वरिष्ठ नागरिक भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। अंतिम पंघाल के पिता रामनिवास ने पीटीआई से कहा, हम यहां आईओए के तदर्थ पैनल के फैसले का विरोध करने के लिए एकत्रित हुए हैं। हम आज विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और अपना प्रदर्शन जारी रखने के लिए जल्द ही फैसला करेंगे। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग (65 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता विनेश (53 किग्रा) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली के जंतर मंतर में एक महीने तक चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। बृजभूषण पर उन्होंने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।

अंतिम पंघाल 53 किग्रा भार वर्ग में अंडर 20 विश्व चैंपियन है। उन्होंने पहले ही एक वीडियो जारी करके विनेश को महिलाओं के 53 किग्रा भार वर्ग में छूट देने के फैसले पर सवाल उठाए। हिसार के भागना गांव की रहने वाली अंतिम पंघाल ने पत्रकारों से कहा कि केवल वही नहीं, 53 किग्रा में कई अन्य पहलवान हैं, जो विनेश को हरा सकते हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि बृजभूषण के खिलाफ जनवरी में बजरंग और विनेश का समर्थन करने के बाद अब उन्हें लगता है कि उनके साथ धोखा हुआ है। अंतिम पंघाल के शुरुआती कोच में से एक लिली सिसाई ने कहा कि अगर छूट वापस नहीं ली गई तो वे दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में धरना देंगे। इसी स्टेडियम में 22 और 23 जुलाई को ट्रायल्स होंगे।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला एशेज के आखिरी मैच में इंग्लैंड जीता

**टांटन।** नेट स्किवेर ब्रंट के शतक से इंग्लैंड ने महिला एशेज श्रृंखला के तीसरे और आखिरी वनडे में आस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 69 रन से हराया। दूसरे मैच में नाबाद 111 रन बनाने वाली ब्रंट ने 149 गेंद में 129 रन बनाए।इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर नौ विकेट पर 285 रन बनाए। आस्ट्रेलिया के लिए एशले गार्डनर ने दस ओवर में 39 रन देकर तीन और जेस जोनासेन ने पांच ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

बारिश के कारण आस्ट्रेलिया का लक्ष्य 44 ओवर में 269 रन कर दिया गया। गार्डनर ने 24 गेंद में 41 रन बनाकर उम्मीद जगाई लेकिन उनकी टीम 35 . 3 ओवर में 199 रन पर आउट हो गई। एलिसे पेरी ने सर्वाधिक 53 रन बनाए।

# रोहित शर्मा की शीर्ष 10 में वापसी

## अश्विन ने नंबर एक पर अपनी स्थिति मजबूत की




**भाषा।** दुबई

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने अपने 10वें टेस्ट शतक के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी की है जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में 12 विकेट लेने वाले रविचंद्रन अश्विन ने गेंदबाजों की सूची में नंबर एक पर अपनी स्थिति मजबूत की।

रोहित भारतीय बल्लेबाजों में शीर्ष पर काबिज हैं। भारत की वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट मैच में पारी और 141 रन से जीत के बाद रोहित 751 रेटिंग अंक लेकर तीन पायदान ऊपर दसवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही 171 रन की शानदार पारी खेलने वाले 21 वर्षीय यशस्वी जायसवाल ने भी बल्लेबाजों की सूची में स्थान पाया है। वह 420 अंक लेकर 73वें स्थान पर हैं। भारतीय बल्लेबाजों में रोहित के बाद ऋषभ पंत का नंबर आता है जो एक पायदान नीचे 11वें स्थान पर खिसक गए हैं। विराट कोहली 711 अंकों के साथ 14वें स्थान पर बने हुए हैं। बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष नौ खिलाड़ियों के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अश्विन ने बेजोड़ प्रदर्शन से टेस्ट गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत किया है। उनके 884 अंक हैं और उन्होंने दूसरे नंबर पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस पर 56 अंकों की बढ़त बना ली है। रविंद्र जडेजा ने पहले मैच में पांच विकेट लिए जिससे वह 779 अंकों के साथ तीन पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

जडेजा ऑलराउंडर की सूची में 449 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने दूसरे नंबर पर काबिज अपने साथी अश्विन पर 87 अंक की बढ़त बना ली है। अश्विन के 362 अंक हैं।

# प्रणय, राजावत दूसरे दौर में, सिंधू और श्रीकांत हारे

**एओसु ( कोरिया )।** फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय ने यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन पीवी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत की खराब फॉर्म जारी रही और दोनों पहले दौर में ही बाहर हो गए। पांचवें वरीय प्रणय ने बेल्जियम के जूलियन कारागी पर 21-13 21-17 से जीत दर्ज की। एलीट शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी प्रणय का सामना अब ली युन ग्यू और ली चेयूक यिऊके बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। वह पहले दौर में दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की पेई यू-पो के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 18-21 21-10 13-21 की हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। इस हफ्ते विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसकने वाली सिंधू यह मुकाबला 58 मिनट में हार गईं।




वहीं श्रीकांत दूसरे गेम में एक मैच प्वाइंट गंवाने के साथ मुकाबला भी हार गए। उन्हें जापान के पूर्व नंबर एक केंटो मोमोटा ने 21-12 22-24 17-21 से हराया। यह दो बार के विश्व चैम्पियन के खिलाफ श्रीकांत की लगातार 12वीं और कुल 15वीं हार थी। भारत के प्रियांशु राजावत हालांकि दूसरे दौर में पहुंच गए। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी चोइ जि हून को पुरूष एकल वर्ग में सीधे गेम में हराया।

दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी ओरलियंस मास्टर्स विजेता राजावत ने चोइ को 42 मिनट में 21-15 21-19 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका से होगा। जून में विक्टर डेनमार्क मास्टर्स अंतरराष्ट्रीय चैलेंज का खिताब जीतने वाली एन सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर की मिश्रित युगल जोड़ी ने एल्विन मोराडा और एलिसा यसाबेल लियोनार्डो की फिलिपीन्स की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में 21-17 21-17 की जीत के साथ दूसरे दौर में जगह बना ली है।

यह भारतीय जोड़ी अगले दौर में फेंग यान झी और हुआंग डोंग पिंग की चीन की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ेगी। किरण जॉर्ज हालांकि पहले दौर की बाधा पार नहीं कर सके और चीनी ताइपै के दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी वांग जू वेइ से 17-21 9-21 से हार गए।

आकर्षी कश्यप, तस्नीम मीर, मिथुन मंजूनाथ और अश्मिता चालिहा को भी पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा जिससे शीर्ष खिलाड़ियों और उनके बीच के स्तर में भारी अंतर का पता चलता है।

# हरमेहर और संजना को स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत

**नई दिल्ली।** हरमेहर सिंह लाली और संजना सूद की भारतीय जोड़ी ने कोरिया के चांगवोन में चल रही विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में बुधवार को स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। हरमेहर और संजना ने फाइनल तक की अपनी राह में शूट ऑफ में 26-24 से जीत दर्ज की। खिताबी मुकाबले में हालांकि भारतीय जोड़ी एंड्रिया गैलार्डिनी और सारा बोंगिनी की इतालवी जोड़ी से 38-43 से हार गईं। हरमेहर और संजना ने क्वालिफिकेशन में 150 में से 140 अंक बनाए और वह बेंजामिन केलर और जेसी ग्रिफिन की अमेरिकी जोड़ी के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसके बाद शूटऑफ का सहारा लिया गया। इटली की टीम क्वालिफिकेशन में 141 अंक बनाकर शीर्ष पर रही थी। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में सरताज सिंह तिवाना ने फाइनल में जगह बनाई लेकिन आखिर में वह चौथे स्थान पर रहे और इस तरह से पदक से चूक गए। इस स्पर्धा में भाग ले रहे अन्य भारतीय खिलाड़ियों में शिवम डबास 15वें, परीक्षित सिंह बरार 20वें, रामन्या तोमर 27वें, हर्ष सिंगला 41वें और वेदांत वाघमारे 45वें स्थान पर रहे। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में पायल खत्री (578 अंक) फाइनल में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रही, लेकिन आखिर में उन्हें चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। अन्य भारतीयों में सिमरनप्रीत कौर बराड़ (574) 15वें, नाम्या कपूर (571) 20वें, दिव्यांशी (571) 21वें, मेघना सादुला (570) 22वें और तेजस्विनी (563) 29वें स्थान पर रहीं। चीन ने चौथे दिन दो और स्वर्ण पदक जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

# वाडा ने भारतीयों के 12 पॉजिटिव टेस्ट, रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के 97 मामलों की पहचान की

**भाषा।** मांट्रियल

**विश्व** डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) को स्पष्ट साक्ष्य मिले हैं कि भारत की राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) खिलाड़ियों के रहने के स्थान संबंधी नियम का सही तरह से प्रबंधन नहीं कर रही। वाडा ने जांच में 12 पॉजिटिव परीक्षण और 70 खिलाड़ियों से जुड़े रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के 97 मामलों की पहचान की है। वाडा के स्वतंत्र खुफिया एवं जांच विभाग ने नाडा के परीक्षण का स्तर वाडा संहिता और परीक्षण एवं जांच के अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप नहीं होने के आरोपों को लेकर मंगलवार को एक रिपोर्ट प्रकाशित की।

वाडा की रिपोर्ट में कहा गया, वाडा के खुफिया एवं जांच विभाग की लंबे समय से चली आ रही जांच जिसे ऑपरेशन केरोसेल के नाम से जाना जाता है, 2018 में शुरू हुई थी। इसमें साक्ष्य मिले हैं कि नाडा ने अपने पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल कुछ खिलाड़ियों के पर्याप्त परीक्षण नहीं किए जबकि खिलाड़ियों के रहने के स्थान संबंधी सूचना की भी उचित निगरानी करने विफल रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, जांच में चुनिंदा खेलों और खिलाड़ियों की भारत के अंदर निगरानी की गई, इसका नतीजा यह हुआ कि नाडा के सहयोग से 12 पॉजिटिव परीक्षण (प्रतिकूल विश्लेषणात्मक नतीजे) और 70 खिलाड़ियों से जुड़े रहने के स्थान संबंधी नियम के 97 उल्लंघन की पहचान की गई।

वाडा ने कहा कि स्पष्ट साक्ष्य हैं कि नाडा के पास संसाधनों की कमी थी।

वाडा के खुफिया एवं जांच विभाग के निदेशक गंटर यंगर ने कहा, 2016 से वाडा नाडा के साथ मिलकर काम कर रहा है जिससे कि उसके डोपिंग रोधी कार्यक्रम में सुधार किया जा सके। इस दौरान विश्व डोपिंग रोधी संहिता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ गैर-अनुरूपताओं से निपटने के लिए विभिन्न सुधारात्मक कदम मुहैया कराए गए। उन्होंने कहा, हमारे गोपनीय सूचना मंच स्पीक अप के माध्यम से मिली टिप्स के जवाब में वाडा के खुफिया एवं जांच विभाग ने ऑपरेशन केरोसेल शुरू किया जिसमें स्पष्ट साक्ष्य सामने आए कि नाडा के पास संसाधनों की कमी का मतलब है कि वह पर्याप्त स्तर पर परीक्षण नहीं कर रहा था और उसके पास पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल खिलाड़ियों के रहने के स्थान सबंधी जानकारी की संतोषजनक निगरानी और प्रबंधन के साधन नहीं थे। रिपोर्ट में हालांकि कहा गया है कि ऑपरेशन केरोसेल शुरू होने के बाद से नाडा सुधारात्मक उपाय करने और अपने संसाधनों को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन केरोसेल ने 2022 के अंत में नाडा के साथ खुले तौर पर जुड़ना शुरू किया जिसके बाद नाडा मानवीय और वित्तीय दोनों रूप से अतिरिक्त संसाधन लाया और आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार करके अपने परीक्षण कार्यक्रम को मजबूत किया।

इसमें कहा गया, परिणामस्वरूप रक्त के नमूनों का संग्रह और प्रतियोगिता के इतर के परीक्षण (मूत्र और रक्त) दोनों में वृद्धि हुई है। इसके अलावा नाडा ने डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों सहित अपने नमूना संग्रह कर्मचारियों को दोगुना कर दिया है और रहने के स्थान संबंधी नियम के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण सुधाए किए हैं।

प्रयोगशाला के अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप नहीं होने के कारण वाडा ने 2019 में नाडा को छह महीने के लिए निलंबित भी किया था।

ऑपरेशन केरोसेल ने 2017 में भी कर्मचारियों की संख्या से जुड़े मुद्दे पर नाडा को आड़े हाथों लिया था जब उसने अपनी ऑडिट रिपोर्ट में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संस्था में कर्मचारियों की भारी कमी की ओर इशारा किया था। ऑपरेशन केरोसेल में कहा गया, 2017 में भारत में प्रगति की गति से चिंतित वाडा ने नाडा के डोपिंग रोधी कार्यक्रम का ऑडिट किया था... नाडा में कर्मचारियों की भारी कमी का पता चलने के अलावा ऑडिट में कई और कमियां की भी पहचान हुई और परिणामस्वरूप वाडा ने एक सुधारात्मक कार्वाई रिपोर्ट (सीएआर) जारी की। वाडा ने 2020 में नाडा को एक बार फिर सीएआर जारी की और इस बार भी परीक्षण के जुड़े क्षेत्रों में कई कमियों की पहचान की। अक्टूबर 2022 में ऑपरेशन केरोसेल की एक टीम ने भी भारत का दौरा किया और नाडा के महानिदेशक सहित उसके प्रमुख अधिकारियों से बात करने के बाद पाया कि खिलाड़ियों के रहने के साथ संबंधी नियमों की निगरानी अपर्याप्त थी, पर्याप्त परीक्षण भी नहीं हो रहे थे और साथ ही नाडा के पास प्रभावी खुफिया या जांच क्षमता भी नहीं थी।